आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 26°C |

इनसाइड न्यूज

सीएम योगी ने कौशल मेले का किया शुभारंभ, बोले स्केल को स्किल में...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



बुधवार 16 जुलाई, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 271 www.janexpresslive.com/epaper

बांग्लादेशी घुसपैठियों को बचाने की... 12

# स्पेस स्टेशन में 18 दिन रहकर लौटे शुभांशु

## स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग कैलिफोर्निया के तट पर हुई, पहली बार कोई भारतीय आईएसएस गया था

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कैलिफोर्निया**

शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट स्पेस स्टेशन में 18 दिन रहने के बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। करीब 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की आज यानी 15 जुलाई को दोपहर 3 बजे कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग हुई। इसे स्प्लैशडाउन कहते हैं। चारों एस्ट्रोनॉट एक दिन पहले शाम 4:45 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे। सभी एस्ट्रोनॉट 26 जून को भारतीय समय के अनुसार शाम 4.01 बजे आईएसएस पहुंचे थे। एक्सियम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे ये रवाना हुए थे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। शुभांशु की वापसी पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का उनकी ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा से पृथ्वी पर वापसी के लिए स्वागत करता हूं। शुभांशु ने अपने समर्पण, साहस से अरबों सपनों को प्रेरित किया है। यह हमारे अपनी मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन - गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।





### रक्षा मंत्री ने शुभांशु शुक्ला के पिता से बातचीत



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के पिता शंभू दयाल शुक्ला से बात की। शुभांशु 18 दिन बाद अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर लौटे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनकी वापसी पर खुशी जताई और उनके पिता से कहा कि पूरे देश को उन पर गर्व है। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन से सफल वापसी हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने न केवल अंतरिक्ष को छुआ है, बल्कि भारत की आकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक उनकी यात्रा और वापसी केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं के लिए एक गौरवपूर्ण कदम है। मैं उनके भविष्य के प्रयासों में उन्हें अपार सफलता की कामना करता हूं।



### पीएम मोदी बोले, यह गगनयान मिशन की दिशा में मील का पत्थर

पीएम मोदी ने शुभांशु शुक्ला के सकुशल धरती पर लौट आने पर खुशी जताते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। इसमें पीएम मोदी ने लिखा मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट आए हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में, उन्होंने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। यह हमारे अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।

### 18 दिन स्पेस स्टेशन में शुभांशु ने क्या-क्या किया

- **60 वैज्ञानिक प्रयोग:** शुभांशु ने मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया। इनमें भारत के सात प्रयोग शामिल थे। उन्होंने मेथी और मूंग के बीजों को अंतरिक्ष में उगाया। स्पेस माइक्रोएल्गी प्रयोग में भी हिस्सा लिया। अंतरिक्ष में हड्डियों की सेहत पर भी प्रयोग किए।
- **प्रधानमंत्री से बात:** 28 जून 2025 को शुभांशु ने आईएसएस से पीएम नरेंद्र मोदी के साथ लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से भारत बहुत भव्य दिखता है। पीएम ने पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर गए हैं। क्या साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा- हां साथियों के साथ बैठकर खाया।
- **छात्रों से संवाद:** 3, 4 और 8 जुलाई को उन्होंने तिरुवनंतपुरम, बेंगलुरु और लखनऊ के 500 से अधिक छात्रों के साथ हैम रेडियो के जरिए बातचीत की। इसका मकसद युवाओं में स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) के प्रति रुचि बढ़ाना था।
- **इसरो के साथ संवाद:** 6 जुलाई को उन्होंने इसरो के चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की, जिसमें उनके प्रयोगों और भारत के गगनयान मिशन के लिए उनके योगदान पर चर्चा हुई।
- **पृथ्वी की तस्वीरें:** शुभांशु ने आईएसएस के कपोला मॉड्यूल से पृथ्वी की शानदार तस्वीरें खींचीं, जो सात खिड़कियों वाला एक खास हिस्सा है।

### धरती पर सकुशल उतरा शुभांशु शुक्ला का यान

धरती पर सकुशल उतरा शुभांशु शुक्ला का यान। प्रशांत महासागर में यान सफल स्प्लैशडाउन हुआ। यान के समुद्र में उतरते ही पूरा देश खुशी से झूम उठा। इसके साथ ही शुभांशु शुक्ला ने इतिहास रच दिया। जैसे ही शुभांशु शुक्ला और क्रू के अन्य सदस्यों को लेकर यान समुद्र में उतरा, देश में भावनाओं का ज्वार उमड़ पड़ा। शुभांशु के माता-पिता भावुक और गौरवान्वित होते हुए इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने।

### 7 अगस्त तक भारत लौट सकते हैं शुभांशु

शुभांशु 17 अगस्त तक भारत लौट सकते हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को लैंडिंग के बाद मेडिकल जांच और रिहैबिलिटेशन के लिए आमतौर पर सात दिन लग सकते हैं, ताकि वे पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में फिर से ढल सकें। इसके बाद वे भारत लौटेंगे।

### भगवान ही उसे अंतरिक्ष और वापस यहां सुरक्षित ले आए: आशा शुक्ला

वहीं भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की मां आशा शुक्ला ने कहा, मैं इस चीज को शब्दों में बयान नहीं कर सकती हूं। जब लैंड हो रहा था तब बस थोड़ा डर लगा था लेकिन सब अच्छे से हो गया है ईश्वर साथ में हैं, उन्होंने उसे वहां पहुंचाया था और उन्होंने ही उसे सुरक्षित लैंड कराया है।

### शुभांशु के पृथ्वी पर लौटने के बाद क्या होगा?

नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री और वर्तमान मिशन डायरेक्टर डॉ. रॉबर्ट कैबाना कहते हैं, पृथ्वी पर लौटना एक नियंत्रित दुर्घटना की तरह है। लौटना उससे भी अधिक जोखिमपूर्ण और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण है। लेकिन वर्षों की इंजीनियरिंग विशेषज्ञता, परीक्षणों और आपातकालीन योजना ने इस प्रक्रिया को आज एक रूटीन ऑपरेशन बना दिया है फिर भी हर वापसी एक नया परीक्षण होती है।

### मां बोलीं- शब्दों में बयान नहीं कर सकती ये खुशी

भारतीय सेना के ग्रुप कैप्टन लखनऊ निवासी शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से अपना मिशन पूरा कर वापस लौट आए हैं। मंगलवार को अपराह्न तीन बजे उनका यान कैलीफोर्निया के तट पर उतरा। अंतरिक्ष यान के सकुशल लैंड करते ही उनके माता-पिता भावुक हो गए। उन्होंने इस दौरान लैंडिंग का सजीव प्रसारण देखा। लखनऊ के सीएमएस स्कूल में पहले से ही इसके लिए इंतजाम किए गए थे। शुभांशु की मां आशा देवी और पिता शंभू दयाल शुक्ला भावुक हो गए। मां बोलीं ये हमारे जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण है। बहन शुचि मिश्रा ने कहा, वो वापस आ गए हैं। यह पूरे देश के लिए बहुत गौरव का क्षण है...हम बहुत उत्साहित हैं।

### 41 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में गया

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा और भारतीय एजेंसी इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया था। शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे 41 साल पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। शुभांशु का ये अनुभव भारत के गगनयान मिशन में काम आएगा। ये भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिसका उद्देश्य भारतीय गगनयात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजना और सुरक्षित रूप से वापस लाना है।

## हाल-ए-सूचना विभाग, उत्तर प्रदेश: भाग- 01

# फिल्म बंधु में खेल..!! ले डूबेगा किसी दिन विभाग की इज़्ज़त-आबरू

**जन एक्सप्रेस। पवन सिंह**

**राज्य मुख्यालय।** उत्तर प्रदेश सरकार का सूचना एवं जनसंपर्क विभाग- जिसे राज्य सरकार की छवि गढ़ने और संभालने के लिए जाना जाता है आजकल एक गंभीर संकट से गुजर रहा है। विभाग के चतुर्थ तल पर स्थित एक कक्ष से संचालित होने वाला फिल्म बंधु इन दिनों चर्चाओं और सवालों के घेरे में है। जिस एजेंसी का गठन प्रदेश में फिल्म निर्माण को प्रोत्साहित करने, फिल्म उद्योग को विकसित करने और प्रदेश की खूबसूरत लोकेशंस को फिल्मी पर्दे पर उतारने के लिए किया गया था, वहीं अब घोटालों, खेल-तमाशों और अंदरखाने की सड़ांध की वजह से सुर्खियों में है।

FILM BANDHU
UTTAR PRADESH

### स्क्रिप्ट कमेटी का मज़ाक

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि फिल्म बंधु की तथाकथित स्क्रीनिंग कमेटी में ऐसे लोग बैठे हैं जिन्हें यह तक पता नहीं कि

- स्क्रिप्ट क्या होती है,
- टाइम ट्रांजेक्शन और टाइम लैप्स क्या होते हैं,
- प्रोडक्शन शेड्यूलिंग कैसे होती है
- आउटडोर और इंडोर शूट में क्या फर्क होता है।

### तिकड़ी का खेल और 'बंधन' की टूटती डोर

सूत्र बताते हैं कि पिछले कुछ सालों में एक सीए, एक मौजूदा कलाकार बाबू, और एक पूर्व फाइनेंस अफसर की तिकड़ी ने फिल्म बंधु के सिस्टम को अपनी मुट्ठी में कर लिया। इन लोगों ने ऐसी व्यवस्था खड़ी कर दी कि ईमानदार और सक्षम फिल्म निर्माता तो दर-दर भटकते रह गए, जबकि मनमाने स्क्रिप्ट और संदिग्ध प्रोजेक्ट पास कर सब्सिडी ले जाते रहे। आज हालात यह हैं कि हिंदी फिल्मों के निर्माता अब उत्तर प्रदेश की तरफ झांकना भी नहीं चाहते। वे छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में शूटिंग कर रहे हैं। आंकड़ा देखिए- अकेले इन पांच राज्यों में इस समय छोटे, मध्यम और बड़े बजट की कम से कम 100 फिल्में बन रही हैं, जबकि उत्तर प्रदेश लगभग सन्नाटे में है।

### फिल्म बंधु का मकसद और हकीकत

फिल्म बंधु, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अंतर्गत काम करने वाली नोडल एजेंसी है। इसका नेतृत्व अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव करते हैं। इस संस्था का काम फिल्म निर्माताओं को सब्सिडी और अन्य सहूलियतें देकर उत्तर प्रदेश को फिल्म निर्माण का हब बनाना था। लेकिन बीते कुछ वर्षों में जो हुआ, उसने न सिर्फ विभाग की साख को, बल्कि राज्य सरकार की छवि को भी दांव पर लगा दिया।

### सब्सिडी में 30 प्रतिशत कटौती का खेल

हाल ही में लगभग दो दर्जन फिल्मों को सब्सिडी बांटी गई, लेकिन उसमें भी 30 प्रतिशत की कटौती कर दी गई। कोई वाजिब कारण किसी को नहीं बताया गया। फीस बढ़ाकर 1 लाख रुपये नॉन-रिफंडेबल कर दी गई- यह नीतिगत फैसला है, लेकिन यदि किसी की स्क्रिप्ट निरस्त की जाती है तो कारण बताना भी विभाग का दायित्व है।

### ईमानदार कोशिशें भी नाकाम

सूत्रों के मुताबिक, नए वित्त नियंत्रक ने इस गड़बड़ी को दुरुस्त करने की कोशिश की, लेकिन सीए और कलाकार बाबू की संयुक्त ताकत मौजूदा व्यवस्था पर भारी पड़ गई। विभाग के अंदरूनी लोग मानते हैं कि यह सब ऐसे ही चलता रहा तो किसी दिन यह फिल्म बंधु न सिर्फ विभाग की बल्कि राज्य सरकार की इज्ज़त-आबरू ले डूबेगा।

### परिणाम?

जो स्क्रिप्ट टॉयलेट के डस्टबिन में होनी चाहिए, वह पास हो जाती है। जो स्क्रिप्ट ईमानदारी से पास होनी चाहिए, वह रिजेक्ट हो जाती है। क्यों? बस इसी क्यों में छिपा है वह खेल, जो एक कलाकार बाबू और सीए के इर्द-गिर्द घूमता है।

### आपकी आवाज़ भी ज़रूरी

अगर आप कोई फिल्म निर्माता, निर्देशक, या इस मामले से जुड़े हुए व्यक्ति हैं और कुछ कहना चाहते हैं तो अपना वीडियो या लिखित बयान भेजिए

**8933805555**

हम आपके पक्ष और सच्चाई को सामने लाने का वादा करते हैं। क्रमशः जारी...

### जन एक्सप्रेस की विशेष पड़ताल

जन एक्सप्रेस ने इस गड़बड़ी पर पड़ताल शुरू कर दी है। इस खबर को लिखने से पहले जन एक्सप्रेस की तरफ से अपर मुख्य सचिव सूचना व निदेशक सूचना के नम्बर पर व्हाट्सएप्प करके इस प्रकरण के सम्बंध में जानकारी मांगी गई, परंतु 36 घंटे बीतने के बाद भी उपरांकित अधिकारियों की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया। यह रिपोर्ट श्रृंखला की पहली कड़ी है। आने वाले दिनों में हम आपको बताएंगे..

- सब्सिडी पाने के लिए कैसे बनते हैं फर्जी दस्तावेज,
- किन निर्माताओं की स्क्रिप्ट पास हुई और किनकी ठुकराई गई
- किन अधिकारियों और तिकड़ी के बीच हुआ गुपचुप खेल।

## प्रतीक यादव का अश्लील ऑडियो क्लिप वायरल

- पीड़ित ने मुख्यमंत्री और पुलिस कमिश्नर से लगाई इंसाफ की गुहार
- पीड़ित को मिली जान से मारने की धमकी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

समाजवादी पार्टी संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के बेटे प्रतीक यादव एक बार फिर विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक ऑडियो क्लिप में प्रतीक यादव एक व्यक्ति से बात करते हुए भारी नशे में गाली-गलौज और धमकी देते हुए सुने जा सकते हैं। यह ऑडियो क्लिप तेजी से वायरल हो रही है और सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा भी उभर रहा है। इस ऑडियो में जिनसे प्रतीक यादव बात कर रहे हैं, उनका नाम कृष्णानंद पांडेय है। पांडेय का कहना है कि वे प्रतीक यादव से वर्षों पुराने एक कारोबारी विवाद को सुलझाने के लिए बात कर रहे थे, लेकिन प्रतीक ने बेहद अश्लील भाषा का प्रयोग किया और परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी।

### कंपनी विवाद से शुरू हुआ मामला

बताया जा रहा है कि प्रतीक यादव और कृष्णानंद पांडेय की पहली मुलाकात वर्ष 2012 में हुई थी। इसके बाद दोनों ने मिलकर लखनऊ के शहीद पथ के पास एक आवासीय योजना शुरू करने की योजना बनाई। इस सिलसिले में 25 मई 2015 को मोनाला इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी भी रजिस्टर्ड कराई गई। विवाद की जड़ इसी कंपनी से जुड़ी भूमि खरीद-फरोख्त और फंड को लेकर सामने आई है। कृष्णानंद पांडेय का दावा है कि उनका काफी पैसा प्रतीक यादव की कंपनी में फंसा हुआ है, जिसे लेकर उन्होंने कई बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें नजरअंदाज किया गया।

### फन मॉल के पास बुलाकर दी धमकी

पीड़ित के अनुसार, 2 जुलाई 2025 को प्रतीक यादव ने उन्हें लखनऊ के फन मॉल के सामने स्थित अपने दफ्तर में मिलने के लिए बुलाया। इस मुलाकात से पहले कृष्णानंद पांडेय ने एआरजी कंपनी के अकाउंटेंट और फंड मैनेजर अतुल चतुर्वेदी को फोन किया। कुछ देर बाद राहुल पाठक, गौरव चतुर्वेदी और अतुल चतुर्वेदी ने उन्हें जबरन ऑफिस चलने के लिए दबाव डाला। कृष्णानंद पांडेय को किसी अनहोनी की आशंका हुई, जिससे वे वहां से लौट आए। थोड़ी देर बाद ही प्रतीक यादव ने उन्हें फोन कर गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी बातचीत की ऑडियो क्लिप अब सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है।

### एफआईआर, गंभीर आरोप और पीड़ित की दहशत

कृष्णानंद पांडेय की पत्नी ने इस पूरे प्रकरण को लेकर थाना गोमतीनगर में लिखित शिकायत दी है, जिसमें प्रतीक यादव पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि प्रतीक यादव ने कृष्णानंद से कई सादे कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए, जिनका गलत इस्तेमाल कर उन्हें फर्जी मामलों में फंसाया जा सकता है। उधर, प्रतीक यादव की ओर से भी कृष्णानंद पांडेय के खिलाफ गोमतीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है, जिसमें उन्हें चार करोड़ रुपये की ठगी और पैसे मांगने पर पास्को एक्ट में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है।

### रसूख और सत्ता का दुरुपयोग?

प्रतीक यादव, सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई हैं और उनकी पत्नी अपर्णा यादव भाजपा से जुड़ी हुई हैं, जो वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं। ऐसे में पीड़ित पक्ष को न्याय मिलने में राजनीतिक दबाव और रसूख के दुरुपयोग की आशंका भी जताई जा रही है।

### परिवार ने लगाई गुहार

कृष्णानंद पांडेय और उनका परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। उनका कहना है कि उन्हें बार-बार धमकियां दी जा रही हैं और किसी भी दिन कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और लखनऊ पुलिस कमिश्नर से सुरक्षा और न्याय की मांग की है।

## सेना पर टिप्पणी का मामला: लखनऊ कोर्ट में राहुल गांधी ने किया समर्पण, सुनवाई के बाद मिल गई जमानत

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ सेना पर टिप्पणी मामले में दर्ज केस की सुनवाई मंगलवार को लखनऊ के एमपी-एमएलए कोर्ट में हुई। कोर्ट में आत्मसमर्पण करने के बाद एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम ने राहुल को हिरासत में लिया। इसके बाद जमानत अर्जी पर सुनवाई शुरू हुई। सुनवाई के बाद 20-20 हजार की दो मुचलकों पर उन्हें जमानत दे दी गई। यह मुकदमा उन पर भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों पर अमर्यादित टिप्पणी करने के मामले में मुकदमा चल रहा है। एमपी-एमएलए विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट ने इस मानहानि मामले में दायर शिकायत का संज्ञान लेते हुए राहुल गांधी को आरोपी के रूप में तलब किया है। कांग्रेस नेता ने समन के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में याचिका दायर की थी लेकिन उन्हें वहां से कोई राहत नहीं मिली।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मिले सीएम धामी, एयर एंबुलेंस समेत कई विषयों पर हुई चर्चा

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से एम्स ऋषिकेश से संचालित एयर एंबुलेंस सेवा के विस्तार के साथ ही राज्य के पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में आपातकालीन सेवाओं के लिए एक अतिरिक्त हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उनसे आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रति एसईसीसी परिवार केंद्रीय योगदान को 1,052 से बढ़ाकर 1,500 करने का आग्रह किया। साथ ही चार धाम यात्रा में एम्स के विशेषज्ञों के योगदान और स्नातकोत्तर डॉक्टरों के रेजिडेंसी (छत्रक्क) में यात्रा ड्यूटी सम्मिलित करने के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में दो नए मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। इसी क्रम में जगजीवन राम मेडिकल कॉलेज, पिथौरागढ़ और पं. राम सुमेर शुक्ल मेडिकल कॉलेज, रुद्रपुर, शैक्षणिक वर्ष 2026-27 से शिक्षण कार्य प्रारंभ करने के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन/भारत सरकार के पास आवेदन करेंगे। मुख्यमंत्री ने इन दोनों मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए आवश्यक मंजूरी प्रदान करने के साथ ही टीएचडीसी के सहयोग से निर्माणाधीन टिहरी मेडिकल कॉलेज की भी आवश्यक अनुमतियां शीघ्र प्रदान करने का अनुरोध किया।

### भारत सरकार से तत्काल सहायता का अनुरोध किया

मुख्यमंत्री ने श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर की स्थापना और उसके सुचारू संचालन के लिए भारत सरकार से तत्काल सहायता का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल स्थानीय आबादी के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि चार धाम यात्रा मार्गों और आसपास के पर्वतीय क्षेत्रों से गुजरने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए भी जीवन रक्षक साबित होगी। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को हर संभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।

## क्रिकेटर यश दयाल को हाइकोर्ट से राहत, उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर लगाई रोक

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

इलाहाबाद हाई कोर्ट से क्रिकेटर यश दयाल को फिलहाल राहत मिल गई है। कोर्ट ने उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर पर किसी भी तरह की पुलिस उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। साथ ही विपक्षी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा व न्यायमूर्ति अनिल कुमार की खंडपीठ ने की सुनवाई। गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाने में एक युवती ने यश दयाल पर शादी का वादा कर यौन उत्पीड़न के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी। क्रिकेटर यश दयाल ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। उनकी मांग थी कि गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए दर्ज एफआईआर रद्द की जाए। यश दयाल के युवती ने 6 जुलाई को गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाने में बीएनएस की धारा 69 के तहत मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर रद्द करने के लिए यश दयाल ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर राज्य सरकार, इंदिरापुरम थाने के एसएचओ और पीड़िता को पक्षकार बनाया है। यश दयाल की ओर से दाखिल याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की डबल बेंच में मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट क्रिकेटर यश दयाल के खिलाफ किसी भी तरह की उत्पीड़नात्मक कार्यवाही पर रोक लगा दी है। साथ विपक्षियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# समय का सदुपयोग करते हुए रोजगार से जुड़ें क्षेत्रीय युवा: डीएम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर मंगलवार को व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा कलेक्टरेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कौशल प्रदर्शनी का भी आयोजन करते हुए रोजगार मेला में सेवायोजित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए तथा सेवायोजित युवाओं को 'स्किल यूथ आइकॉन' सम्मान दिया गया। इसके अलावा उत्कृष्ट उद्यमियों व प्रशिक्षण प्रदाताओं को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि विश्व युवा कौशल दिवस के तहत शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं को संचालित कर युवा बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। कौशल विकास के माध्यम से विभिन्न तकनीकी प्रशिक्षण देकर युवाओं को रोजगार दिला रही है। युवाओं से कहा कि सभी लोग जो नई तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ें। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जितेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि विश्व युवा कौशल दिवस युवाओं को कौशल विकास के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 15 जुलाई को मनाया जाता है। कहा कि जनपद में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा युवाओं को दीर्घकालीन एवं अल्पकालीन रोजगार परक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। दीर्घकालीन प्रशिक्षण का संचालन जनपद में स्थित तीन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों एवं छह निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा किया जा रहा है। जिनमें छह माह से लेकर 2 वर्ष तक के विभिन्न 26 व्यवसाय संचालित है। जिसमें प्रत्येक वर्ष 800-900 युवा प्रशिक्षित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त सेवा क्षेत्र की आवश्यकताओं के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश कौशल विकास द्वारा विभिन्न ट्रेडों के माध्यम से तीन माह से छह माह तक के अल्पकालीन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा यूपीएसडीएम द्वारा भी प्रमुख योजनाएं जो जनपद में संचालित हो रही है। जिनके माध्यम से युवा बेरोजगारों को प्रशिक्षण दिलाकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों ने सेवायोजित युवाओं को 'स्किल यूथ आईकॉन' सम्मान व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा रोजगार मेला में सेवायोजित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का भी वितरण किया। इसके अलावा उत्कृष्ट उद्यमियों व प्रशिक्षण प्रदाताओं को भी सम्मानित किया गया।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, प्रबंधक कौशल विकास मिशन अरुणेंद्र शुक्ला, प्रशिक्षक आईटीआई धीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का मंत्री ने किया भ्रमण, जाना बाढ़ पीड़ितों का हाल

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



भारी वर्षा के कारण जनपद में आई बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने के लिए मंगलवार को प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत किट का वितरण भी किया।

जल शक्ति मंत्री ने मंगलवार को रामघाट पहुंचकर बाढ़ प्रभावित दुकानदारों, व्यापारियों व किसानों से वार्ता कर नुकसान का जायजा लिए। साथ ही दुकानदारों से दुकान के बीमा की भी जानकारी ली। मंत्री ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन से कहा कि उपजिलाधिकारियों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान का आंकलन कराकर रिपोर्ट प्रेषित करें। इसके बाद मंत्री ने भजन संध्या स्थल पर पहुंचकर बाढ़ प्रभावितों को आपदा राहत किट का भी वितरण किया। मंत्री ने बताया कि बाढ़ की घटनाओं को संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए है। कहा कि जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्परता के साथ राहत सामग्री दी गई है। बताया कि मध्य प्रदेश में भी अधिक बारिश होने के कारण बाढ़ का प्रकोप बढ़ा है। बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों को सहयोग दिया जा रहा है। राहत सामग्री में वितरण में जनहानि होने पर चार लाख का डेमो चेक एवं 26 प्रकार के किट का वितरण किया गया। कहा कि सर्वे के बाद बाढ़ से प्रभावित दुकानदारों, किसानों व मजदूरों को भी राहत सामग्री का वितरण किया जाएगा। कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिला प्रशासन बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में साफ-सफाई कराकर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करें तथा दवाओं की उपलब्धता पर ध्यान दें। कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लोगों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। इसके बाद मंत्री ने रामघाट स्थित भगवान मतगजेंद्रनाथ का दर्शन कर पूजन-अर्चन किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, पूर्व विधायक दिनेश मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, मानिकपुर अरविंद कुमार मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पटेल, विधायक प्रतिनिधि रवि त्रिपाठी, जिला महामंत्री अश्वनी अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ित व्यापारियों के लिए संघर्ष करेगा राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन: शानू गुप्ता

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता के नेतृत्व में मंगलवार को मंदाकिनी नदी बाढ़ से प्रभावित व्यापारियों ने मुआवजे के लिए मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी सौंपा। साथ ही जनपद दौरे में आए प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह से भी मदद की गुहार लगाई।

कलेक्टरेट परिसर में व्यापारियों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि मंदाकिनी नदी में आई भीषण बाढ़ से सैकड़ो व्यापारियों की दुकाने उजड़ गई हैं। साथ ही एक व्यापारी की मृत्यु हो गई है। ऐसी स्थिति में व्यापारी व मृतक परिवार बहुत बड़े संकट से जूझ रहे है। मांग की कि दैवीय आपदा से पीड़ित मृतक के परिजन को 25 लाख व छोटे-मझोले व्यापारियों को पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए। इस सम्बन्ध में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन को सौंपा। इस पर जिलाधिकारी ने व्यापारियों को मदद का भरोसा देते हुए कहा कि बाढ़ से प्रभावित व्यापारियों की प्रशासन द्वारा हर सम्भव मदद की जाएगी। इसके साथ ही व्यापारियों ने जनपद के दौरे में आए प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह से मदद की गुहार लगाई। इस दौरान व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने वाटर लेवल इंडिकेटर सायरन डिवाइस लगवाने की भी मांग की।

इस मौके पर नगर अध्यक्ष सीतापुर आशीष गुप्ता, उपाध्यक्ष अभिषेक केशरवानी, जानकी शिवहरे, ओम, बासू गुप्ता, राजदीप पिरौहा, शुभम केशरवानी, ब्रजेश यादव, अभिषेक गुप्ता, राज अनुरागी, सतीश गुप्ता, धीरू सोनी, सोमनाथ केशरवानी, सिंकू केशरवानी, अतुल गुप्ता, नीरज मिश्रा, धर्मेंद्र पांडेय, प्रदीप द्विवेदी, दिनेश मोदनवाल, जय प्रकाश पाठक, शिवशंकर, मनीष गुप्ता, नीलू शर्मा, वीरेन्द्र लखेरा, प्रमोद अग्रवाल, अशोक चैरसिया, विक्रम बल्लू गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के स्थापना दिवस पर किया गया पौधरोपण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ का 26वां स्थापना दिवस जिले में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पत्रकारों ने संगोष्ठी कर वृक्षारोपण किया।

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ का 26वां स्थापना दिवस पत्रकारों ने मंगलवार को धूमधाम से मनाया। इस दौरान मुख्यालय स्थित कार्यालय में संगोष्ठी हुई। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार याज्ञिक ने कहा कि पत्रकारों के मान सम्मान की लड़ाई में संगठन आगे रहा है। देश के कई प्रदेशों में संगठन पत्रकार हितों के लिए सघर्षरत है। जिले के पत्रकारों की समस्याओं के निदान का हर संभव प्रयास होगा। इसके बाद पत्रकारों ने बगिया में मौल श्री, पाखर, आम, जामुन, अमरूद, नीबू, आंवला के पौधे रोपित किए। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलित होगा। ग्लोबल वार्मिंग में कमी आएगी। उन्होंने अपील किया कि अपने जन्मदिन आदि पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखरेख अपने बच्चे की तरह करें। चित्रकूट प्रेस क्लब के अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार सत्य प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि पौधा लगाने के बाद संरक्षण बेहद जरूरी है। संरक्षण के अभाव में पौधे सूख जाते हैं। जिससे पौधरोपण का कोई सार्थक परिणाम नहीं मिल पाता है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ लगाकर संरक्षण अवश्य करना चाहिए। जिलाध्यक्ष शिवमूरत द्विवेदी ने बताया कि महासंघ के 26वें स्थापना दिवस पर 26 पौधे लगाकर संरक्षित भी किया जाएगा।

जिससे पौधरोपण का कोई सार्थक परिणाम नहीं मिल पाता है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ लगाकर संरक्षण अवश्य करना चाहिए। जिलाध्यक्ष शिवमूरत द्विवेदी ने बताया कि महासंघ के 26वें स्थापना दिवस पर 26 पौधे लगाकर संरक्षित भी किया जाएगा।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार सुधीर अग्रवाल, रमेश द्विवेदी, जियाउल हक, अखिलेश सोनकर, संदीप अग्रहरि, विराग पांडेय, रमेश रैकवार आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 11 वर्षीय बच्चे की मौत

जन एक्सप्रेस । उरई

कोंच नगर में एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 11 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई। घटना से गुस्साए परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी रामू प्रजापति के 11 वर्षीय बेटे विवेक के मुंह में छाले और पेट दर्द की शिकायत थी। जिस पर डॉक्टर ने बच्चे को इंजेक्शन और ग्लुकोज देकर घर भेज दिया था। घर पर बच्चे की हालत अचानक बिगड़ गई और उसके मुंह से झाग निकलने लगा। मुंह से झाग निकलते देख घबराए परिजन बच्चे को दोबारा उसी निजी अस्पताल में ले गए।लेकिन आरोप है कि डॉक्टर ने बच्चे को देखने से मना कर दिया। इसके बाद उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की इस तरह हुई मौत पर परिजनों में काफी आक्रोश फैल गया। वहीं खबर मिलते ही सीओ परमेश्वर प्रसाद, कोतवाल विजय कुमार पांडे पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक बच्चे के पिता से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। मृतक के पिता ने डॉक्टर उपेंद्र पर तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए बच्चे की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया। परिजनों का आरोप है कि गलत इंजेक्शन और दवाई देने से उनके पुत्र की मौत हुई है।

## न्यायालय के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपी की कार जब्त

**उरई।** जेडी प्रॉसिक्यूशन केडी शुक्ला ने जनकारी देते हुए बताया कि जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत गैंग लीडर अब्दुल कलाम पुत्र मुहम्मद याकूब निवासी पटखोली माफी, थाना त्रिलोकपुर, जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अवैध रूप से अर्जित धन से खरीदी गई अ्हह्नह्नअ श्हह्नश्ह्य रुद्व1ड्ड 1× ष्टड्डन्ह (रू॥02 ष्ट॥4926) को राज्य पक्ष में जब्त करने का आदेश जारी किया है। उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जालौन की रिपोर्ट एवं थाना डकोर द्वारा पंजीकृत मुकदमों के आधार पर की गई। जिसमें बताया गया कि आरोपी और उसके गैंग ने सौर ऊर्जा प्लांट से केविल चोरी कर उसे बेचकर अवैध धन अर्जित किया। न्यायालय द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि प्रतिपक्षी के पास आय का वैध स्रोत नहीं है और न ही कोई व्यवसाय, जिससे उक्त वाहन खरीदा जा सकता है। न्यायालय ने सम्पत्ति की जब्ती की संस्तुति करते हुए आदेश की प्रति विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट जालौन को संदर्भित की है।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से झुलसा मजदूर

**उरई।** प्लॉट पर कॉलम खड़े कर रहे मजदूरों को हाईटेंशन लाइन के करंट का झटका लग गया। जिसमें एक मजदूर झुलसकर जमीन पर गिर कर घायल हो गया। जिसे प्लॉट मालिक ने उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। कस्बे के नया पटेल नगर इलाके में ठेका नंबर 4 के पास अशोक कुमार गुप्ता के खाली प्लॉट में भवन निर्माण का काम चल रहा है। दोपहर के समय चार मजदूर यूनिस, पोटे, सनी व रानू लोहे के कॉलम खड़े कर रहे थे। तभी ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन से कॉलम टकरा गया और कॉलम में करंट दौड़ गया। जिससे तीन मजदूर झटका खाकर दूर जा गिरे। जबकि मजदूर यूनिस 28 वर्ष पुत्र लाल मोहम्मद को जोर का झटका लग गया और वह कॉलम सहित जमीन पर आ गिरा।

# गैर की मोहब्बत में पति की जान लेने वाली पत्नी समेत तीन को आजीवन कारावास की सजा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार देने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने हत्यारोपी पत्नी समेत तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 50-50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती सात मार्च 2021 को थाना रैपुरा में सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम कपुरी के बाहर करीब 500 मीटर दूर गांव के रास्ते पर शारदा प्रसाद उर्फ अतुल उर्फ भुरैया पुत्र सत्यनाराण निवासी कपुरी की हत्या करने के बाद हत्यारे मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गये। फेंके गये शव से कुछ दूर में खेत के पास संदिग्ध मोटरसाइकिल पायी गयी थी। इस मामले में मृतक की पत्नी रानू उर्फ रागिनी की तहरीर पर थाना रैपुरा में अज्ञात के विरूद्ध मामला पंजीकृत किया गया था। विवेचना में संदिग्ध मोटरसाइकिल के स्वामी पहाड़ी क्षेत्र के नांदी तौरा गांव के निवासी कन्हैयालाल व देवेन्द्र कुमार का नाम सामने आया। पुलिस ने खुलासा किया कि देवेन्द्र कुमार मृतक का परिचित था। जो एक आपराधिक मामले में करीब दो महीने से गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपकर मृतक शारदा के घर में रह रहा था तथा मृतक की पत्नी में दिलचस्पी लेने लगा था। इसके बाद वह करीब एक वर्ष जेल में रहा। जमानत पर जेल से छूटने के बाद पुनः मृतक की पत्नी से बातचीत करने लगा। इसी दौरान मृतक की पत्नी रानू उर्फ रागिनी ने पति के शराब पीने एवं मारपीट करने के कारण देवेन्द्र के साथ रहने के लिए पति को मारने की योजना बनायी। योजना के मुताबिक देवेन्द्र कुमार उर्फ शानू ने अपने गांव के मोटरसाइकिल स्वामी कन्हैयालाल को पैसे का लालच देकर अपनी योजना में सम्मिलित कर लिया। इसके बाद यह लोग ग्राम कपुरी स्थित रानू उर्फ रागिनी के घर गए और रात्रि में तीनों ने मिलकर शारदा की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या को सड़क दुर्घटना का रूप देने के लिए शव को कर्वी-प्रयागराज मुख्य सड़क पर फेंकने के लिए जा रहे थे। इस दौरान सामने कुछ ग्रामीणों को देखकर हत्यारे शव एवं मोटरसाइकिल फेंक कर भाग गए थे। मामले के खुलासे के बाद पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी रागिनी उर्फ रानू, प्रेमी देवेन्द्र कुमार उर्फ शानू व कन्हैयालाल उर्फ कंधई को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अनुराग कुरील ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर हत्यारोपी पत्नी रानू उर्फ रागिनी, देवेन्द्र कुमार उर्फ शानू व कन्हैयालाल उर्फ कंधई को आजीजन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक को 50-50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया।

# शिव प्रदर्शनी लगाकर किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । उरई



मानव शरीर में शीर्ष एवं मेरुदंड के मध्य स्थित अंग जिसे चिकित्सकगण मैड्युला औबलन्गेटा के नाम से पुकारते हैं, यह शिवलिंग के आकार का होता है और यह अभी तक अभेद्य एवं मानवीय क्रिया कलापों से ऊपर है। यही स्थिति शिवलिंग की है। यह बात बीते दिन सावन के पहले सोमवार को देररात शहर के बलदाऊ चौक में लगाई गई शिव प्रदर्शनी में डा. हरीमोहन पुरवार ने कहीं। प्रदर्शनी में नेपाल, चस्का, भूटान, कम्बोडिया, इण्डोनेशिया, श्रीलंका, पलाऊ आदि देशों के शिव आकृति से युक्त डाक टिकट एवं सिक्के भी प्रदर्शित किये गये हैं। इनके साथ साथ मैसूर, शिवगंगा, मदुरै आदि दक्षिण भारतीय रियासतों की 14 वीं शताब्दी से 16 वीं शताब्दी के मध्य प्रचलित लघु ताम्र मुद्रायें भी प्रदर्शित की गई। मदुरै की 16 वीं शताब्दी की शिव पार्वती के चित्र से युक्त सिंहासन मुद्रा का स्वर्ण तथा ताम्र का सिक्का दर्शनीय है। मुद्राओं में ईसा से लगभग 200 वर्ष पूर्व के शिव के विभिन्न स्वरुपों से युक्त कुषाण कालीन, 400 वर्ष ईसा पूर्व के मगधके सिक्के विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। प्रदर्शनी में प्रदर्शित शिव की समस्त सामग्री संध्या पुरवार व डा. हरीमोहन पुरवार के निजी संग्रह से प्रस्तुत की गई। इस दौरान शम्भूदयाल, संध्या पुरवार, ऊषा सिंह निरंजन, रेखा वर्मा, स्वर्णलता सेठ, प्रियंका अग्रवाल, कु. काजल राजपूत, राहुल पाटकर कु. अंजली, लखनलाल चंदैया, गीता चंदैया, बहिना डा. माया सिंह, राम प्रकाश सेठ, अनीता गुप्ता, महावीर सरावगी, खुशबू पाटकर, गुडिया पाटकर, कु. अंकिता पुरवार आदि मौजूद रही। वही कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तो को प्रसाद वितरित किया गया।

# अन्ना मवेशियों की समस्या को लेकर गंभीर नहीं है प्रशासन: शैलेन्द्र सिंह



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

भारतीय किसान यूनियन की किसान पंचायत मंगलवार को कर्वी, राजापुर व मऊ तहसील में आयोजित की गई। जिसमें किसानों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखकर निस्तारण की मांग की।

किसान पंचायत में भाकियू के जिला उपाध्यक्ष नीलकंठ द्विवेदी ने बताया कि दो माह से लगातार मांग करने के बावजूद सहकारी समितियों में किसानों को खाद नहीं मिली रही। अधिकारियों के निर्देशों के बाद भी समिति के सचिवों द्वारा डीएपी खाद के साथ किसानों को नैनो खाद की बोतल जबरन दी जा रही है, जो न्याय संगत नहीं है। कर्वी तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि विगत दो महीने से ज्ञापन के माध्यम से जिला प्रशासन को अवगत कराया जा रहा है कि खरीफ फसल की बुआई जोरो पर है जुलाई माह से गौशालाओं को संचालित कराया जाना था, लेकिन जिला प्रशासन की कार्य शैली को देख कर लगता है कि अन्ना जानवरों को संरक्षित कराने गौशालाओं को संचालित कराने में गंभीर नहीं है। किसान यूनियन को मजबूरन आंदोलन करना होगा। तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन द्वारा पाइप लाइन डालने पर गांवों की इंटर लॉकिंग सीसी रोड तोड़ डाली है जबकि प्रावधान है कि तोड़ने के बाद पुनः रोड व इंटर लॉकिंग सीसी रोड को बनाया जाए, ऐसा नहीं हुआ, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सड़को पर चलना दुश्वार हो गया है जिसकी जांच कराते हुए जल जीवन मिशन द्वारा निर्माण कराया जाए। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष रामकरण सिंह, जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय, जिला कोषाध्यक्ष नरेश तिवारी, तीरथ सिंह फौजी, शत्रुघ्न सिंह, जसवंत सिंह चैहान, ओमनारायण गर्ग, बब्बू माली, कमलेश कुमार, शिव सिंह, राजकुमार, श्रीकेशन राजपूत, रामेश्वर सिंह, युवा विंग जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, डुप्ले पटेल आदि मौजूद रहे।

# हिपोक्रेट्स लिगेसी अवॉर्ड से डॉ जैन को किया गया सम्मानित

**चित्रकूट** संत रणछोड़ दास महराज द्वारा स्थापित श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डॉ बीके जैन को नेत्र चिकित्सा एवं अंधत्व निवारण के क्षेत्र उनके द्वारा किए किए गए पांच दशकों से अधिक के अद्वितीय योगदान, समर्पण और मानव सेवाकार्यों के लिए भारत सरकार ने पद्मश्री के लिए नामित किया था और बीती 27 मई को देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा राष्ट्रपति भवन दिल्ली में उन्हें पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में पद्मश्री डॉ बीके जैन को दिल्ली में आयोजित 8वें टाइम्स नाउ डॉक्टर्स डे कॉन्क्लेव में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया द्वारा हिपोक्रेट्स लिगेसी अवॉर्ड से सम्मानित गया है। यह अवॉर्ड उनके नेत्र चिकित्सा एवं अंधत्व निवारण के क्षेत्र में अद्वतीय सेवा और समर्पण के लिए प्रदान किया गया। यह पुरस्कार देशभर के विशिष्ट चिकित्सकों की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

# सड़क हादसे में घायल दो होमगार्ड जवानों में एक की उपचार के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस । उरई

कोंच नगर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में घायल दो होमगार्ड जवानों में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के अंडा गांव निवासी शिवपाल 50 वर्ष और दारा सिंह 46 वर्ष सोमवार देर शाम बाइक पर सवार होकर नदीगांव थाने ड्यूटी करने जा रहे थे। जैसे ही जवानों की बाइक नगर के इंटर कॉलेज के पास स्थित पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों जवान सड़क पर गिरे और लहूलुहान हो गए। इस दौरान राहगीरों ने एंबुलेंस से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर कोतवाल विजय कुमार पांडे और चौकी प्रभारी सागर राजकुमार भी मौके पर पहुंचे और घायलों से जानकारी ली। बताया गया कि मेडिकल कॉलेज से उपचार के बाद दोनों जवानों को कानपुर भेज दिया गया था। जहां पर एक की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर कोतवाल विजय कुमार पांडे और चौकी प्रभारी सागर राजकुमार भी मौके पर पहुंचे और घायलों से जानकारी ली। बताया गया कि मेडिकल कॉलेज से उपचार के बाद दोनों जवानों को कानपुर भेज दिया गया था। जहां पर एक की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

जन एक्सप्रेस । उरई




आठवें वेतन आयोग के गठन व पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर सेवानिवृत कर्मचारियो ने प्रधानमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार को सौंपा।

बता दे कि शहर के विकास भवन परिषर से दोपहर लगभग दो बजे सेवानिवृत कर्मचारियो ने पैदल मार्च निकाला और नारे लगाए। इस दौरान वक्ताओ ने यूपीएस- एनपीएस रद्द करने व ओपीएस लागू करने की मांग रखते हुये कहा कि केंद्र सरकार ने पेंशन वित्त विधायक लोकसभा व राज्यसभा में पारित करवा लिया है। जिसका हम सभी कर्मचारी विरोध करते है। कहा कि भारत सरकार शीघ्र आठवें वेतन आयोग के अध्यक्ष की घोषणा करें। साथ ही वित्त विधेयक 25 के द्वारा पेंशनर्स नियमों में किए गए बदलाव के आदेश को वापस ले। इस दौरान जिला मंत्री रामेश्वर दयाल कुशवाहा, हरिराम ओमरे, अंगद सिंह राजावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मानसिंह राजपूत, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विद्यासागर मिश्रा, जिलामंत्री रामहेत सिंह, संरक्षक लखनलाल अहिरवार, संप्रेक्षक अंबिका प्रसाद राजपूत, शिवनाथ सिंह, अनिल कुमार श्रीवास्तव, रविंद्र कुमार दुबे, अनिल याज्ञिक, मंगल सिंह निरंजन, ब्रजराज सिंह परिहार, अखिलेश शर्मा, हर नारायण अनुरागी, ज्ञानेंद्र सिंह राजपूत, अखिलेश खरे आदि लोग मौजूद रहे।



### 'पुराने वोटरों की दोबारा न पहचान कराएं'...

तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) ने मंगलवार को चुनाव आयोग (ईसी) से अपील की कि आंध्र प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण के लिए पर्याप्त समय दिया जाए और यह प्रक्रिया किसी बड़े चुनाव से छह महीने पहले तक न कराई जाए। टीडीपी ने कहा कि जो लोग... पढ़ें पेज 12 पर...

# सीएम योगी ने कौशल मेले का किया शुभारंभ, बोले स्केल को स्किल में बदलने के किए जा रहे प्रयास

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में मंगलवार को विश्व युवा कौशल दिवस पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पर कौशल मेले का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह आयोजन प्रदेश के 75 जिलों से कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों में एआई नवाचार से जुड़े प्रशिक्षणार्थियों के लिए आयोजित किया गया। इस मौके पर एमएनआईटी इलाहाबाद के साथ कौशल विकास मिशन ने स्र्ह भी किया। इससे कौशल प्रशिक्षण में स्मार्ट प्रौद्योगिकी को बढ़ावा और प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस अवसर पर इंडस्ट्री पार्टनर को सम्मानित किया गया। 262 राजकीय आईटीआई को अपग्रेड करने के लिए टाटा के सुशील कुमार समेत कई ट्रेनिंग पार्टनर को भी सम्मानित किया गया।



### कौशल विकास का कोर्स करना अनिवार्य

उन्होंने आगे कहा कि इंडस्ट्री, बाजार के अनुरूप मांग को पूरी नहीं कर पा रही है। ह्श्वक्क-2020 के तहत हर छात्र को पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास का कोर्स करना अनिवार्य किया गया है। माध्यमिक में भी युवाओं को ट्रेंड कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पहले हमें अपने युवाओं को प्रदेश, देश में ही रोजगार के लिए तैयार करना है। इसके बाद भी अगर वह बाहर जाना चाहते हैं तो आईटीआई, कौशल विकास केंद्र में उन्हें भाषा की ट्रेनिंग दी जाए। ताकि, जर्मनी, जापान जैसे देशों में उनको सेवायोजित करने में कोई दिक्कत न हो।

### युवा नौकरी लेने वाला ही नहीं देने वाला भी बने

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए व्यावसायिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सीएम युवा आइकन हैं। उनका आगमन हमें ऊर्जा देगा। पीएम मोदी और सीएम योगी का सपना है कि युवा कैसे कुशल हो? नौकरी लेने वाला ही नहीं देने वाला भी बने। युवाओं के बिना 10 खराब डालर की अर्थव्यवस्था बनाना संभव नहीं है। आईटीआई को पहले तबेले में तब्दील कर दिया था। ट्रेनिंग नहीं होती थी। सीएम के नेतृत्व में सुधार किया गया। 60 आईटीआई को बेहतर किया गया। टाटा के सहयोग से आठ हजार करोड़ लगाकर 212 आईटीआई को अपग्रेड कर रहे हैं। अत्याधुनिक क्षेत्र में प्रशिक्षण दे रहे हैं। युवाओं को ट्रेनिंग देकर इंडस्ट्री में भी भेज रहे हैं।

### स्वरोजगार योजना में पांच लाख तक का ऋण दे रहे हैं

भवनों को बेहतर किया गया है। प्रदेश के किसी भी आईटीआई में नई तकनीकी के साथ काम करते हुए मिलेंगे। पांच जिले में टाटा के सहयोग से इनक्यूबेशन सेंटर बनने हैं। इसमें एक मुजफ्फरनगर में भी है। आईटीओटी में आधा दर्जन नए ट्रेड में प्रशिक्षण दे रहे हैं। सीएम स्वरोजगार योजना में पांच लाख तक का ऋण दे रहे हैं। 600 इंटर कॉलेज में प्रोजेक्ट प्रवीण चल रहा है। आईटीआई करने वाले युवा प्रशिक्षण के बाद बेरोजगार नहीं रहेंगे।

### इस मौके पर ये लोग मौजूद रहे

इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, राज्यमंत्री मन्नू कोरी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी, कौशल विकास विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### स्केल को स्किल में बदलने के लिए प्रयास जारी

इस मौके पर सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कार्य और मानव संसाधन की कोई कमी नहीं है। हमारे पास स्केल है, लेकिन उसे स्किल में बदलने के लिए ये सभी प्रयास प्रारंभ किए गए हैं। इसके अंतर्गत प्रदेश सरकार दो करोड़ युवाओं को सक्षम बनाने के लिए स्मार्ट फोन और टैबलेट उपलब्ध करा रही है। यूपी ही नहीं देश, दुनिया में कौशल युक्त मैन पॉवर की जरूरत है। आप हर क्षेत्र में ए-टू-जेड की जानकारी लें। तकनीकी की जानकारी लें। बाजार की मांग के अनुरूप स्किल्ड हों। कोई भी ताकत आपको आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती है।

## अगले दो दिन विंध्य और तराई क्षेत्र में झूम के बरसेंगे बदरा

# 34 जिलों में गरज-चमक की चेतावनी



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में पूरब से पश्चिम तक मानसूनी बारिश का दौर जारी है। सोमवार को प्रदेश के विंध्य क्षेत्र और पूर्वी तराई के इलाकों में अच्छी बारिश देखने को मिली। बलिया, वाराणसी, मिर्जापुर, बहराइच, अयोध्या, भदोही, गाजीपुर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, रामपुर, शाहजहांपुर में जोरदार बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे निम्नदाब के प्रभाव से अगले दो दिन प्रदेश के विंध्य क्षेत्र और पूर्वी-तराई में कल से दो दिन भारी बारिश के आसार हैं।मंगलवार के लिए मौसम विभाग ने 15 जिलों में भारी बारिश और 34 जिलों में गरज चमक के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

### छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना बनी रहेगी

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक मंगलवार को तराई से शुरू हो कर दक्षिणी और विंध्य क्षेत्र में अगले दो दिन भारी मानसूनी बारिश शुरू होने के संकेत हैं। इस दौरान प्रदेश बाकी हिस्सों में भी बादलों की आवाजाही और छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना बनी रहेगी।


### यहां है भारी बारिश की संभावना

सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, कुशीनगर, अंबेडकर नगर एवं आसपास के इलाकों में।

### यहां बिजली गिरने की चेतावनी

गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, महोबा, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में।

# किसानों को समय पर केसीसी ऋण का लाभ दें बैंक: शाही



- 31 जुलाई तक विशेष महाभियान चलाकर किसानों को दिया जायेगा लाभ

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज विधानभवन में बैको तथा कृषि बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी की अद्यतन स्थिति के संबंध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने लीड बैंक तथा अन्य बैंकों द्वारा केसीसी पर अपनाई गई कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बैंको को 31 जुलाई तक युद्ध स्तर पर कार्य करके जरूरतमंद किसानों को केसीसी का लाभ पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। श्री शाही ने बैंक प्रतिनिधियों से उनके बैंकों द्वारा अब तक किये गये केसीसी ऋण की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। बैंक प्रतिनिधियों की ओर से संतोषजनक प्रत्युत्तर न मिलने पर उन्होंने अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कृषि मंत्री ने 31 जुलाई तक केसीसी ऋण उपलब्ध कराने के लिए विशेष महाभियान चलाने के निर्देश दिये। मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने की आवश्यकता है, जिससे जरूरतमंद किसानों तक सम्पूर्ण जानकारी पहुंच सके।बीमा कम्पनियों द्वारा प्रत्येक तहसील स्तर पर कार्यालय न खोले जाने तथा किसानों के प्रति उनके उदासीन रवैये पर भी मंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिये कि बीमा कम्पनियां प्रत्येक तहसील स्तर पर कार्यालय खोलकर किसानों को आवश्यक सहायता उपलब्ध करायें।

इस अवसर पर कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, प्रमुख सचिव कृषि रवीन्द्र, सचिव कृषि इन्द्रविक्रम सिंह तथा टीके शिबू, कृषि निदेशक डा पंकज कुमार त्रिपाठी, निदेशक सांख्यिकी सुमिता सिंह, कृषि विभाग के अधिकारी तथा बैंक और बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधि शामिल थे।

# रालोद अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय का हुआ स्वागत

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय को योगा यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका द्वारा हनुमान जी के स्वरूप और शक्तियों पर आधारित शोध के लिए मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया। इस गौरवशाली उपलब्धि के पश्चात जब वे पहली बार लखनऊ स्थित रालोद प्रदेश मुख्यालय पहुंचे, तो वहां भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।इस आयोजन में पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय महासचिव शिवकरन सिंह की विशिष्ट उपस्थिति रही। मंच पर राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, आदित्य विक्रम सिंह, रजनीकांत मिश्र सहित अनेकों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने अपने विचार व्यक्त किये।राष्ट्रीय महासचिव शिवकरन सिंह ने कहा,रामाशीष राय ने अपने कार्य, विचार और संगठन क्षमता से उत्तर प्रदेश में रालोद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उनकी यह डिग्री पूरे संगठन का सम्मान है और हम सभी के लिए प्रेरणा है।डॉ. रामाशीष राय ने कहा,यह उपाधि मेरा नहीं, आप सबका सम्मान है।यह सम्मान प्रत्येक कार्यकर्ता की तपस्या का परिणाम है जो पार्टी को गांव-गांव तक पहुंचा रहे हैं। मैं अपने अंतिम सांस तक समाज, किसान और युवा के हित में कार्य करता रहूंगा। स्वागत समारोह में प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रबली यादव, प्रदेश महासचिव रामवती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, चंद्रकांत अवस्थी, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, तराई क्षेत्र के अध्यक्ष पी के पाठक, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर, प्रदेश सचिव प्रमोद शुक्ला, सम्राट चौहान, अफसर अली,संतकबीर क्षेत्र के अध्यक्ष विवेक चौधरी, राजकुमार ओझा, मनोज बुधौलिया,महिपाल पटेल, रमेश प्रजापति, मंजू शुक्ला, अनुराधा सिंह, आयशा, शिव प्रसाद द्विवेदी, आदि पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

### भूपेंद्र चौधरी ने दी अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को हार्दिक बधाई

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** आईएसएस से मिशन पूर्ण करने पर अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने,18 दिन के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन आईएसएस से अपना मिशन पूरा करके सकुशल पृथ्वी पर वापस लौटने पर वायुसेना के ग्रुप कैप्टन एवं लखनऊ निवासी भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दी हैं। श्री चौधरी ने कहा कि शुभांशु शुक्ला का अद्भुत साहस, अद्वितीय ऊर्जा एवं बेहतर कर्मठता समस्त देशवासियों के लिए प्रेरणादायक है।

# एचपी गैस ऑफिस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

एचपीसीएल के 51वें स्थापना दिवस पर रहीमाबाद एचपी गैस ग्रामीण वितरक केंद्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन एचपी गैस एजेंसी संचालक सुलेमान हुसैन ने किया और इस शिविर में एचपी गैस रहीमाबाद के कर्मचारियो सहित 18 लोगों ने रक्तदान किया। बताते चलें कि हिंदुस्तान पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के 51 वे स्थापना दिवस पर रहीमाबाद एचपी गैस ग्रामीण वितरक केंद्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर को हेल्थ सिटी ब्लड बैंक संचालित द्वारा मेडवेदिक हेल्थ केयर के वरिष्ठ प्रबंधक ऋषभ शर्मा मुख्य कर्मचारी आलोक यादव पंछी श्रीवास्तव की देखरेख में शिविर संपन्न हुआ। इस शिविर का उद्देश्य रक्त भंडार को मजबूत करना और लखनऊ के विभिन्न अस्पतालों में जरूरतमंद मरीजों के लिए समय पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है रक्त की बढ़ती मांग को देखते हुए यह शिविर जीवन बचाने और समुदाय में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। रक्तदान करने वालों में पूर्व जिला पंचायत सदस्य उस्मान हुसैन धर्मेंद्र पुष्पाल सिंह आशीष यादव हरीश तिवारी मुजम्मिल विश्वजीत विजय शिव शंकर संदीप पुष्पेंद्र सैनी और लक्ष्मी नारायण मनोज कुमार



राठौर अनूप कुमार गौतम दिलीप कुमार मोहम्मद तुफैल शील सिंह अपने रक्तदान किया इस मौके पर सीनियर मैनेजर ऋषभ शर्मा ने कहा रक्तदान एक महान कार्य है जो किसी के जीवन को बचा सकता है। यह एक ऐसा उपहार है जो किसी को भी दिया जा सकता है, और यह किसी भी व्यक्ति के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है। एचसीएल द्वारा आयोजित यह रक्तदान शिविर न केवल रक्त की कमी को पूरा करने में मदद करेगा, बल्कि लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में भी जागरूक करेगा।

### सीएम हाउस के पास लगा भीषण जाम, कालीदास मार्ग, हजरतगंज से परिवर्तन चौक तक लगी वाहनों की कतार

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ में मंगलवार को कई हिस्सों में जाम लगा। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि राजधानी में आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। हालांकि की जगह जगह चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस तैनात थी। मुख्यमंत्री आवास चौराहे से लेकर कालीदास मार्ग चौराहे तक वाहन बहुत धीमी गति से चलते नजर आए। वहीं, हजरतगंज से परिवर्तन चौराहे तक लंबा जाम लगा रहा। इस कारण लोग बेहद परेशान दिखे। आलोक कुमार मौर्य ने बताया- करीब 40 से 50 मिनट से हम जाम में फंसे हुए हैं। जब भी कोई वीआईपी मूवमेंट होता है, तो ट्रैफिक रोक दी जाती है। आम आदमी की कोई अहमियत नहीं रह गई है। रितेश मिश्रा ने कहा- बैकुंठ धाम से परिवर्तन चौराहे तक आने में 40 मिनट लग गए। हमें दवा लेने जा रहे थे, लेकिन अभी तक जाम में ही फंसे हैं। राजधानी में रोजाना ऐसे ही लंबे जाम का सामना करना पड़ता है, जिससे हमें काफी दिक्कत होती है। शाहबाज खान ने बताया- हजरतगंज से परिवर्तन चौराहे तक पहुंचने में 20 मिनट लग गए और इस दौरान हमें तीन बार जाम का सामना करना पड़ा। आम आदमी को रोज ही जाम की समस्या झेलनी पड़ती है।



# सनातन का आकर्षण

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

श्रीकृष्ण भक्ति ने अमेरिका और यूरोप असंख्य लोगों के जीवन को बदल दिया है। नृत्य को प्रसन्नता की श्रेष्ठतम अभिव्यक्ति माना जाता है। विकसित देशों में लोग श्रीकृष्ण भक्ति रस में नृत्य करते है। इसका सकारात्मक प्रभाव भी परिलक्षित है। इसे सभी भक्तों ने मास मदिरा का सेवन त्याग दिया है। ये लोग भारत भ्रमण के लिए भी आते है। इनके आचरण और व्यवहार से कृष्ण भक्ति झलकती है। इस्कॉन लखनऊ के अध्यक्ष स्वामी अपरिमेय उपाध्यक्ष स्वामी दीनदयाल और राज्य सूचना आयुक्त ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। स्वामी अपरिमेय और स्वामी दीनदयाल ने उनको

श्रीमद्भागवतम् का अंग्रेजी संस्करण भेंट किया। अंग्रेजी का यह अनुवाद भक्तिवेदांत स्वामी श्री प्रभुपाद के किया था। उन्होंने इसका मूल रूप में अनुवाद किया। भाष्य लिखे। उनको प्रकाशित करके विशेष रूप से अमेरिका और यूरोप के लोगों को उपलब्ध कराए गए। चैतन्य चरितामृत का भी अनुवाद और भाष्य लिखा। श्रीकृष्ण भक्ति से संबंधित उन्होंने अस्सी से अधिक पुस्तकें लिखीं। उनके लेखन का विशेष उद्देश्य था। वह मानते थे कि गीता कृष्ण भक्ति पर बुनियादी शिक्षा प्रदान करती है। इस प्रकार श्रीमद्भागवतम् स्नातक अध्ययन की तरह है। जबकि चैतन्य चरितामृत सबसे उन्नत भक्तों के लिए स्नातकोत्तर शिक्षा की भांति है।

श्रील प्रभुपाद 1965 में अमेरिका गए और उनहत्तर वर्ष की आयु में अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ की स्थापना की। उन्होंने चौदह बार विश्व भ्रमण किया। सैकड़ों कृष्ण मंदिरों की स्थापना की। हजारों शिष्यों को कृष्णभावनामृत में दीक्षित किया। उनकी पुस्तकें वैदिक शास्त्रों के शाश्वत ज्ञान को सर्वसुलभ बनाने वाली है। इनके अध्ययन से आत्म साक्षात्कार की प्रेरणा मिलती है।

# राजस्व परिषद के डिजिटलीकरण की तरफ बढ़े कदम

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- समयबद्ध, त्रुटिरहित और पारदर्शी ढ़ंग से ग्राम स्तर पर ही उपलब्ध होंगी राजस्व परिषद की सेवाएं: अनिल कुमार

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में राजस्व तंत्र को आधुनिक और विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में एक व्यापक परिवर्तन की शुरुआत राजस्व परिषद से हो रही है। इसका मुख्य उद्देश्य लेखपालों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर राजस्व प्रशासन को और अधिक सुलभ, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाना है। अध्यक्ष राजस्व परिषद अनिल कुमार ने बताया कि इस पहल से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि नागरिकों को राजस्व विभाग से जुड़ी सेवाएं जैसे-प्रमाण पत्रों की संस्तुति, भू-अभिलेखों को अद्यतन करना और वरासत संबंधी कार्य को समयबद्ध, त्रुटिरहित और ग्राम स्तर पर ही उपलब्ध हों ताकि ग्रामीण जनमानस को अनावश्यक रूप से तहसीलों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस परिवर्तन के अंतर्गत प्रदेश के लेखपालों को तहसील स्तर पर एक निश्चित कार्यस्थल दिया जा रहा है, जहाँ उन्हें उच्चगति इंटरनेट और आधुनिक डेस्कटॉप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे लेखपालों के कार्यों में न केवल तीव्रता आएगी बल्कि प्रमाणपत्रों की संस्तुति, वरासत, भू-अभिलेख, निरीक्षण रिपोर्ट जैसे कार्य पूरी पारदर्शिता और सटीकता से संपन्न हो सकेंगे। साथ ही एकीकृत डिजिटल लॉगिन प्रणाली सिंगल विंडो लॉग इन सिस्टम विकसित की जा रही है, जिससे सभी कार्य एक ही पोर्टल से किए जा सकेंगे। कार्यालय संबंधी प्रक्रियाओं को सरल और केंद्रित किया जा सकेगा।उन्होंने बताया कि लेखपालों की उपस्थिति को ग्रामस्तर तक सुलभ बनाने के लिए तहसील और ग्रामसभा स्तर पर स्पष्ट रोस्टर प्रणाली लागू की जा रही है, जिससे नागरिकों को पूर्व जानकारी होगी कि उनके हलके का लेखपाल किस दिन उपलब्ध रहेगा। प्रत्येक लेखपाल को टैबलेट और मोबाइल इंटरनेट की सुविधा दी जा रही है जिससे वे ग्राम सचिवालय या पंचायत भवन से सीधे नागरिकों को सेवाएं दे सकेंगे। इस डिजिटल परिवर्तन से प्रदेश के 10 करोड़ से अधिक नागरिकों को सीधा लाभ होगा। यह पहल सेवा वितरण को आसान बनाएगी। नागरिकों में प्रशासन के प्रति विश्वास को सशक्त करेगी। राजस्व सेवाएं अब कागजों तक सीमित न रहकर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सरल, सुलभ, समयबद्ध व त्रुटिरहित रूप में उपलब्ध हो इस दिशा में परिषद् विभिन परियोजनाओ पर कार्य कर रहा है, जिसके नतीजे जल्दी ही देखने को मिलेंगे। यह मॉडल आने वाले वर्षों में पूरे प्रदेश में राजस्व प्रशासन की कार्यप्रणाली को नई दिशा देगा।

### लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



किसी उपाधि या पदनाम से नहीं, बल्कि प्रभाव और प्रेरणा से जुड़ा है। इसी भावना के साथ लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह भव्यता और गौरव के साथ आयोजित किया गया। बता दें कि जहाँ छात्र छात्राओं को प्रतिष्ठित पदों पर चुना गया। जिससे उनकी नेतृत्व यात्रा की शुरुआत हुई। इस गौरवपूर्ण क्षण में इग्निस, टेरा, एक्वा वेंटस हाउस के चयनित छात्र-छात्राओं को उनके समर्पण और क्षमता को मान्यता देते हुए कैप्टन और वाइस कैप्टन के बैचेज पहनाए गए। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने हाउस इंचार्ज को सलामी दी। इस अवसर पर अक्षत यादव को हेड बॉय और स्वस्ति सिंह को हेड गर्ल घोषित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मांडवी त्रिपाठी ने नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिसे हृदय में उद्देश्यपूर्ण भावना के साथ, युवा नेताओं ने अपने विद्यालय और साथियों के प्रति निष्ठा, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ अपनी ज़िम्मेदारियों को निभाने हेतु दोहराया। इस अवसर पर समारोह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, जिसने परिषद को उदाहरण प्रस्तुत करने और अनुशासन एवं उत्कृष्टता के पथप्रदर्शक बनने के लिए प्रेरित किया। समारोह के समापन में उपप्रधानाचार्या शगुन सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन से छात्र-छात्राओं में धैर्य, कर्तव्य निष्ठा की भावना आती है जो कि उन्हें जो कि उन्हें देश के भावी निर्माण की ओर प्रशस्त करती है।

# अगस्त के पहले हफ्ते में यूपी विधानसभा सत्र संभावित, सियासी घमासान तय

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश विधानसभा का सत्र अगस्त के पहले सप्ताह में बुलाए जाने की पूरी संभावना है। विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के मुताबिक, सत्र को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज़ कर दी गई हैं। वहीं, सत्र से पहले ही राजनीतिक सरगर्मी बढ़ने लगी है। प्रदेश सरकार इस सत्र में कांवड़ यात्रियों के लिए की गई विशेष व्यवस्थाओं, कानून-व्यवस्था में सुधार और विभिन्न विकास कार्यों की उपलब्धियां पेश करेगी। वहीं, विपक्ष इस सत्र को सरकार को घेरने के बड़े मौके के तौर पर देख रहा है। सूत्रों के मुताबिक, विपक्ष स्कूलों के विलय, बिगड़ती बिजली व्यवस्था और हालिया आपराधिक घटनाओं को लेकर सरकार पर हमलावर रुख अपनाएगा। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और अन्य दल सरकार से तीखे सवाल पूछने की तैयारी में हैं।

### क्या है सरकार का एजेंडा?

कांवड़ यात्रियों के लिए सुरक्षा, चिकित्सा और ट्रैफिक प्रबंधन की व्यवस्थाओं को उपलब्धि के तौर पर पेश किया जाएगा। ग्रामीण इलाकों में हुए सड़क निर्माण और शहरी विकास योजनाओं की रिपोर्ट भी सदन में रखी जाएगी। 'विकास और सुशासन' को केंद्र में रखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार अपनी छवि को और मजबूत करने की कोशिश करेगी। बिजली कटौती, शिक्षण संस्थानों के विलय से उपजे असंतोष और हाल की आपराधिक घटनाओं को मुद्दा बना सकता है विपक्ष। कानून व्यवस्था को लेकर भी विपक्षी दल सरकार से तीखे सवाल पूछ सकते हैं।



### कैसा रहेगा मानसून सत्र – टकराव या समाधान?

राजनीतिक पंडितों का मानना है कि यह सत्र गर्मजोशी और सियासी टकराव से भरपूर रहेगा। एक तरफ जहां सरकार अपने कामों को गिनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी, वहीं विपक्ष हर मोर्चे पर सवाल खड़े करने की तैयारी में है। संभावित तारीखों और विधायी एजेंडों को लेकर अगले कुछ दिनों में आधिकारिक ऐलान हो सकता है।

### आजम खान को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, 28 जुलाई तक नहीं सुनाया जाएगा अंतिम फैसला

**जन एक्सप्रेस | इलाहाबाद/ लखनऊ**

रामपुर के बहुचर्चित जबरन बेदखली मामले में समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान को एक बार फिर इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को 28 जुलाई तक कोई अंतिम आदेश पारित करने से रोक दिया है। न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ ने आज यह अहम आदेश सुनाते हुए साफ कर दिया कि अब ट्रायल कोर्ट 28 जुलाई से पहले कोई फैसला नहीं सुना सकता। इससे आजम खान और उनके करीबी सहयोगियों को अस्थायी राहत तो मिली है, लेकिन सियासी सरगर्मी और कानूनी पेंच अब और उलझते दिख रहे हैं। यह पूरा मामला 2016 में एक स्कूल परिसर से बलपूर्वक बेदखली से जुड़ा है, जिसमें आजम खान समेत कई लोगों पर डकैती, अवैध घुसपैठ और आपराधिक षड्यंत्र जैसे संगीन आरोप लगे हैं। 12 एफआईआर (संख्या 528/2019 से 539/2019 और 556/2019) को मिलाकर 2019 में रामपुर के कोतवाली थाने में दर्ज किया गया था। बाद में इन्हें मिलाकर एक ही केस में शामिल किया गया। आजम खान की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एन.आई. जाफरी और शाश्वत आनंद सह-आरोपियों के वकील एस.एफ.ए. नक़वी और सैयद अहमद फैज़ान जबकि सरकार का पक्ष रखा वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष गोयल ने गवाही और वीडियो फुटेज पर टकराव याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट में यह दलील दी कि मुख्य गवाह - वक्फ बोर्ड के चेयरमैन ज़फर फारूकी की दोबारा गवाही और महत्वपूर्ण वीडियो फुटेज को ट्रायल कोर्ट ने रिकॉर्ड में नहीं लिया, जबकि इससे यह साबित हो सकता है कि आजम खान घटनास्थल पर मौजूद ही नहीं थे। उन्होंने इसे राजनीतिक द्वेष की साजिश बताते हुए संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 20 और 21 के उल्लंघन की बात कही।

घरेलू विवाद ने लिया हिंसक रूप...

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष पर पत्नी ने धारदार हथियार से किया हमला

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के ऊंचा गांव में मंगलवार की सुबह घरेलू विवाद उस समय हिंसक रूप ले लिया,जब भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष कलीम किदवई पर उनकी पत्नी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया।हमले में कलीम गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।उन्हें तत्काल जगदीशपुर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है,जहां उनका इलाज चल रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना सुबह करीब दस बजे की है,जब कलीम अपने ससुराल स्थित ऊंचागांव में बरामदे में सो रहे थे। इसी दौरान उनकी पत्नी ने अचानक उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में उनके गले और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।घायल अवस्था में कलीम ने किसी तरह अपने परिजनों को फोन कर सूचना दी,जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें अस्पताल पहुंचाया।सूचना मिलने पर थाना प्रभारी बाजार शुकुल अभिनेष कुमार मौके पर पहुंचे और घायल से प्रारंभिक पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया।वहीं पुलिस ने आरोपी पत्नी को हिरासत में ले लिया है,और पूछताछ की जा रही है।फिलहाल इस हमले के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है,और आरोपी से पूछताछ के बाद ही हमले के कारणों का खुलासा हो सकेगा।घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है।कलीम भाजपा में सक्रिय रह चुके हैं।और संगठन में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला स्तर पर प्रमुख पद पर कार्यरत रह चुके हैं।पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है।

# रन फॉर फन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया सैनिक स्कूल का स्थापना दिवस


**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




मंगलवार को सैनिक स्कूल अमेठी ने अपने 6वें स्थापना दिवस को हर्षोउल्लास के साथ मनाया।इस अवसर पर स्कूल में रन फॉर फन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों,शिक्षकों और कर्मचारियों ने मिलकर फिटनेस और एकजुटता का परिचय दिया। यह आयोजन शारीरिक फिटनेस और टीम भावना को प्रोत्साहित करने का प्रतीक था।इसके बाद एक विशेष सभा का आयोजन किया गया।छात्रों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।पारंपरिक नृत्य,संगीत और नाट्य प्रस्तुतियाँ दर्शकों का मन जीत लिया।ये प्रस्तुतियाँ स्कूल के अनुशासन मेहनत और देशभक्ति के मूल्यों को उजागर करती हैं।इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजय सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।उन्होंने छात्रों की मेहनत और संस्थान की प्रगति की सराहना करते हुए,उन्हें आगे बढ़ने और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल सतवीर सिंह ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह उत्सव केवल अतीत की उपलब्धियों को मनाने का नहीं, बल्कि भविष्य की नई उपलब्धियों के लिए प्रेरणा लेने का भी अवसर है।उन्होंने यह भी बताया कि स्कूल का लक्ष्य न केवल छात्रों को अकादमिक ज्ञान देना है,बल्कि उन्हें एक सक्षम नागरिक और राष्ट्रसेवक के रूप में तैयार करना है।

# जमीन विवाद में लाठी-डंडों से हुई मारपीट, एक की हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिले में जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के पूरे तालेवन मजरे कचनाव गांव में मंगलवार दोपहर ज़मीन को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया।मामूली कहासुनी के बाद शुरू हुई मारपीट लाठी-डंडों और धारदार हथियारों तक जा पहुँची।घटना में दोनों पक्षों के कुल ग्यारह लोग घायल हो गए हैं,जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।ग्रामीणों के अनुसार गांव निवासी रामधनी और रमेश के बीच एक खेत को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था।मंगलवार को रमेश पक्ष के कुछ लोग कथित रूप से खेत पर कब्ज़ा करने के इरादे से पहुंचे और हल चलाने लगे।यह देख रामधनी पक्ष ने विरोध किया। जिससे दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। कुछ ही देर में बात मारपीट में तब्दील हो गई। दोनों ओर से लाठी-डंडे, फरसा और लोहे की रॉड तक चलाए गए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों के पास पिस्टल भी थी और उन्होंने धमकी देने के लिए उसे लहराया।घटना में रामधनी 55 वर्ष उनकी पत्नी रामावती,भाई दान बहादुर,भाभी बाबा देई और भतीजा आदित्य 20 वर्ष सहित पांच लोग घायल हुए हैं।इनमें रामधनी को सिर में गंभीर चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद जगदीशपुर ट्रामा सेंटर से जिला अस्पताल रेफर किया गया।डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।वहीं रमेश पक्ष के छह लोग भी चोटिल बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी धीरेन्द्र यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हालात का जायज़ा लिया। पीड़ित दान बहादुर की तहरीर पर रमेश समेत आठ नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है।मेडिकल रिपोर्ट,वीडियो और गवाहों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल है। प्रशासन ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है।राजस्व विभाग को भी विवादित भूमि की पैमाइश कराने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि मामले का स्थायी समाधान हो सके।

## रायबरेली में देशभर के 300 बॉक्सर दिखाएंगे दम, 19 से शुरू होगा बॉक्सिंग चैंपियनशिप

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली** जनपद में मुक्केबाजी का राष्ट्रीय मुकाबला आयोजित किया जाएगा. भारतीय एमेच्योर मुक्केबाजी महासंघ की ओर किया जाएगा। इसके संयोजन की जिम्मेदारी महासंघ से संबद्ध मध्य भारत मुक्केबाजी संघ को सौंपी गई है. मध्य भारत मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री सुशील कटियार ने बताया कि 19 से 22 जुलाई तक चार दिवसीय आयोजन रायबरेली शहर के जिला अस्पताल के निकट रिफॉर्म क्लब मैदान में होगा. रामकृष्ण कटियार कप के तहत महिला एवं पुरुष बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2025 में देश भर से 300 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे. इसमें हर राज्य का प्रतिनिधित्व रहेगा. उन्होंने कहा कि महासंघ के अध्यक्ष डा. राकेश मिश्रा का मानना है कि देश के कोने-कोने में मुक्केबाजी की प्रतिभाएं हैं, जिन्हें आगे लाना है. मुक्केबाजी को बढ़ावा देने के लिए प्रोफेशनल बॉक्सिंग भी भविष्य में कराई जाएगी. इसके लिए बॉक्मिांग लीग कराने की रूपरेखा तय की जा रही है. मध्य भारत मुक्केबाजी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष ताबिश काजमी ने कहा कि चार दिवसीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप की तैयारियां शुरू कर दी गई है।

# पंचायत चुनाव मतदाता सूची का पुनरीक्षण अभियान अट्ठारह जुलाई से : जिला निर्वाचन अधिकारी

- बीएलओ करेंगे घर-घर सर्वेक्षण,18 वर्ष से ऊपर के नए मतदाता जोड़े जाएंगे

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का निम्नांकित समय सारिणी के अनुसार वृहद पुनरीक्षण सम्पन्न कराया जाएगा।जिसमें 18 जुलाई से 13 अगस्त तक किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में समाहित होने की स्थिति में विलोपन एवं मतदाता सूची के प्रिन्ट करने की कार्यवाही, बी एलओ एवं पर्यवेक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र का आवंटन उन्हें तत्सम्बन्धी जानकारी देना प्रशिक्षण तथा स्टेशनरी आदि का वितरण,14 अगस्त से 29 सितंबर तक बी एलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण कर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि 14 अगस्त से 22 सितंबर तक, ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों की घर-घर जाकर जाँच करने की अवधि 23 सितंबर से 29 सितंबर तक रहेगी।तथा निर्वाचक गणना पत्रक के आधार पर परिवर्धन,संशोधन एवं विलोपन की तैयार हस्तलिखित पाण्डुलिपि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अवधि,30 सितंबर से 6 अक्टूबर तक,ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार करना 7 अक्टूबर से 24 नवंबर तक होगी।निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र,स्थलों का क्रमांकन,मतदाता क्रमांकन,मतदेय स्थलों के वार्डो की मैंपिग,मतदाता की डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियों कराने आदि कार्य संपन्न होंगे।और 25 नवंबर से 4 दिसंबर तक, अनन्तिम मतदाता सूची के आलेख का प्रकाशन होना है।तथा निर्वाचक नामावलियों का जन सामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 15 जनवरी 2026 को किया जाएगा।निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा।तथा सार्वजनिक जानकारी हेतु समस्त सम्बन्धित कार्यालयों के सूचना पट्ट पर भी यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया जाएगा, निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित समय सारिणी अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाएगा।किसी भी परिस्थिति में समय सीमा नहीं बढ़ायी जाएगी।

# अवैध मदिरा के निर्माण एवं तस्करी पर अंकुश के लिए तहसीलवार टीमें गठित : डीएम

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की संभावना के दृष्टिगत 15 जुलाई से 24 जुलाई 2025 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाना है। जिसमें अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री एवं तस्करी तथा अवैध अल्कोहल/शीरा परिवहन पर अंकुश लगाए जाने हेतु समस्त तहसीलवार टीमों का गठन किया है।

जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, तस्करी तथा अवैध अल्कोहल/शीरा के परिवहन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। पूरे जनपद में 6 प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह टीमें पूर्ण निष्ठा एवं गंभीरता से विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त माफियाओं/तस्करों की सूची के अनुसार उनके विरुद्ध स्थानीय पुलिस के सहयोग से नियमानुसार गैंगस्टर/गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही की जाए तथा उन पर सतत निगरानी की जाए। संदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग कराई जाएगी और राष्ट्रीय/राज्य राजमार्ग पर स्थित ढाबों, जहां अल्कोहल के टैंकर प्रायः रूकते है, की भी संघ एवं आकस्मिक जांच कराई जाए। इन टीमों द्वारा जनपद में अवैध मदिरा के संदिग्ध स्थानों/अड्डों पर छापेमारी की कार्यवाही की जाए। आबकारी दुकानों एवं थोक अनुज्ञापनों का निरीक्षण चेकलिस्ट के अनुसार किया जाए। स्टॉक के बारकोड व क्यू0आर0 कोड की सूक्ष्मता एवं सतर्कता पूर्वक स्कैनिंग/जांच की जाए। देशी/विदेशी मदिरा/बियर एवं माडल शाप की फुटकर बिक्री की दुकानों पर ओवर रेट के सम्बन्ध में रैंडम टेस्ट परचेज की कार्यवाही भी की जाए। दुकानों पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरा के सुचारू रूप से निरंतर क्रियाशील रहते हुए रियल टाइम मॉनिटरिंग की उपलब्ध निश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में विशेष सतर्कता बरती जाए एवं नियमित रूप से रोड चेकिंग कराई जाए जिससे किसी भी दशा में अवैध मदिरा की तस्करी ना हो पाए।

## नगर के विकास में सहयोग नहीं कर रही एनटीपीसी, सांसद राहुल गाँधी से मिलेंगी चेयरपर्सन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

आज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण चंद्र जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा नगर के विकास को लेकर बार-बार अनदेखी की जा रही है और परियोजना से प्रभावित हुए ऊंचाहार नगर के साथ हो रहे इस सौतेले व्यवहार पर उन्होंने कड़ा विरोध जताया। प्रतिनिधि ने कहा कि करीब तीन वर्ष का समय बीतने को है एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा ऊंचाहार नगर के अधूरे विकास को पूरा कराने के लिए कई बार मांग की गई, पत्राचार भी किया गया परन्तु आज तक नगर के लोगों की सिर्फ उपेक्षा ही की गई है। नगर पंचायत ऊंचाहार ने एनटीपीसी ऊंचाहार के जनसंपर्क अधिकारी से बीते महीने मिलकर बात की गई थी, जिस पर एनटीपीसी प्रबंधन से ऊंचाहार नगर के विकास में सहयोग करने की अपील की गई, परन्तु एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा नगर के अधूरे विकास को अनदेखा किया जा रहा है जिसको लेकर अब नगर पंचायत ऊंचाहार जिले के सांसद राहुल गांधी के समक्ष अपनी बात रखेगा। वहीं नगर की चेयरपर्सन ममता जायसवाल ने कहा कि मीडिया जरिए जानकारी मिली है कि आगामी 16-17 जुलाई को रायबरेली जिले के सांसद राहुल गांधी का रायबरेली और ऊंचाहार में संभावित दौरा है। इस दौरान नगर की करीब तीस हजार आबादी को लाभ दिलाने के उद्देश्य से नगर पंचायत ऊंचाहार जिले के सांसद से मिलकर नगर के विकास पर चर्चा करके अपनी बात रखी जाएगी। साथ ही यह मांग की जाएगी कि एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा

# एक पेड़ मां के नाम पर मोदनवाल परिवार ने किया सम्मान

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



रायबरेली के मोदनवाल परिवार ने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी पहल एक पेड़ मां के नाम पेड़ लगा करके मोदनवाल परिवार ने किया सम्मान रायबरेली के राही बाजार में मोदनवाल परिवार द्वारा पेड़ लगाकर के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की पहल एक पेड़ मां के नाम की पहेल का सम्मान किया गया रायबरेली मोदनवाल परिवार द्वारा मोदनवाल समाज के जिला अध्यक्ष रमेश मोदनवाल ने अपील करते हुए कहां की सभी नागरिकों से इस पहल के माध्यम से रहने योग्य एक बेहतर पृथ्वी के निर्माण और सतत विकास में योगदान देने का अनुरोध किया वृक्षारोपण के इस पहल में ग्राम राही का एक मोदनवाल परिवार सम्मिलित था जिसमें प्रमुख रूप से रायबरेली के प्रसिद्ध लाइट सर्विस के प्रतिष्ठान के मालिक दिनेश मोदनवाल संगठन मंत्री / महेश मोदनवाल सह मंत्री / टिंकल/यस /अतुल / शिवा/ एवं निक्की मोदनवाल अपने समस्त परिवार के साथ इस कार्यक्रम में उपस्थित थे

# जिलाधिकारी के विशेष प्रयास से पंजाब से जारी हुआ मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने अपने कार्यालय कक्ष में पंजाब में मुक्तसर साहिब जिले में भट्टे पर मजदूरी करने वाले मृतक रतिपाल की आश्रित पत्नी श्रीमती को मुख्यमंत्री आवास योजना (सामान्य) व महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित निराश्रित महिला पेंशन योजना का प्रमाण-पत्र दिया।

मृतक रतिपाल ग्राम-चीखरी, पोस्ट-अजीतपुर, जनपद-रायबरेली निवासी थे जो पंजाब जिले में भट्टे पर मजदूरी करते थे जहां पर दुर्घटना की वजह से उनकी मृत्यु अक्टूबर 2023 में हो गई थी। संपूर्ण समाधान दिवस लालगंज में निराश्रित महिला जिलाधिकारी से मिली और अपनी बात प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विशेष प्रयास करते हुए मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र पंजाब से जारी कराया। साथ ही जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा को निर्देश दिया कि निराश्रित महिला को सरकारी योजनाओं का तत्काल लाभ दिलाया जाए। इसके लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी ने मुख्यमंत्री आवास योजना व निराश्रित महिला पेंशन योजना के अंतर्गत आच्छादित कराते हुए सरकारी योजनाओं के लिए आवश्यक कार्रवाई की साथ ही उनके दो बच्चों प्रियंका और देवांश की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार की ओर से ?5000 की सहायता राशि की कार्यवाही पूर्ण कराई। लाभार्थी ने इसके लिए जिलाधिकारी और जिला प्रशासन का धन्यवाद दिया।

# विद्यालय बंदी से गरीबों को शिक्षा से किया जा रहा वंचित : राजेश शुक्ला

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर आज पुनः जनपद के विभिन्न विकास क्षेत्रों में मर्जर होने वाले दूसरे सबसे बडी संख्या वाले विद्यालयों की ग्राम सभाओं में ग्रामवासियों,अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के साथ ब्लाक के पदाधिकारियों ने बैठक की,बैठक में एक स्वर से विद्यालयों के मर्जर पर आक्रोश व्यक्त किया गया।

जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि विद्यालयों की बंदी से गरीबों और मजलूमों के बच्चों को शिक्षा के मौलिक अधिकार से वंचित किया जा रहा है।

जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करने पर यह आत्ममुग्ध सरकार आमादा है। अध्यक्ष,जिला संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी ने कहा कि आरटीई एक्ट का उल्लंघन हो रहा है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। जनपदीय कोषाध्यक्ष यादवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार खुलेआम मनमानी पर आमादा है।

जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि जब तक एसएमसी और अभिभावकों की भावनाओं एवं समस्याओं का संज्ञान नहीं लिया जाता तब तक हम लोग संघर्ष करेंगे।

महिला अध्यक्ष गीता त्रिपाठी ने कहा कि बच्चे खासकर बेटियां किसी भी हालत में तीन किलोमीटर पढने नहीं जा पाएंगे।

जनपदीय संयुक्त मंत्री डा चंद्र मणि बाजपेई ने कहा कि संविधान में प्रदत्त शिक्षा के मौलिक अधिकार का हनन हो रहा है।

जनपदीय लेखाकार गंगा चरण भारती ने कहा कि सरकार पूंजीवाद को बढावा दे रही है जिसके तहत बच्चों को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। जनपदीय उपाध्यक्ष जटा शंकर बाजपेई और डा बृज किशोर ने कहा कि सरकार शिक्षा को निजी हाथों में सौंप देना चाहती है। जिला संघर्ष समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि सबको शिक्षा दे न सके जो वह सरकार निकम्मी है। जनपदीय संगठन मंत्री सुजीत चौधरी और राम जी सरोज ने कहा विभागीय अधिकारी विद्यालयों की परिस्थितियों को जानकर भी मर्जर की प्रक्रिया में तेजी से लगे हैं। सरेनी अध्यक्ष राकेश द्विवेदी और शिवगढ अध्यक्ष गयेन्दु सिंह ने कहा कि आरटीई एक्ट की अनदेखी करके आनन फानन में विद्यालय बंद किए जा रहे हैं। सलोन अध्यक्ष राजेश पाण्डेय और डीह अध्यक्ष कमलेश ओझा ने कहा कि संगठन का संघर्ष का इतिहास रहा है,संगठन इसकी भी लडाई लडेगा।

जगतपुर अध्यक्ष डा संजय सिंह और रोहनियां अध्यक्ष पवन शुक्ला ने कहा कि इस तानाशाही के खिलाफ क्रमबद्ध लडाई लडनी पडेगी। लालगंज अध्यक्ष शेषर यादव और अमावां अध्यक्ष अशोक पाल ने कहा कि ग्राम प्रधान,विद्यालय प्रबंध समिति,अभिभावकों की आवाज को बुलंद किया जाएगा।

इस अवसर पर अजय मिश्र,ओमानंद श्रीवास्तव,मो सगीर,अरविन्द मिश्र,अखिलेश कुमार,डा बृज किशोर,श्रवण यादव,नीलेश शुक्ला, जितेन्द्र सिंह,आकाश त्रिपाठी,दर्शन लाल,मुन्ना लाल,शशांक मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## 16 जुलाई को कृषि विज्ञान केन्द्र में किसान दिवस का आयोजन

उप कृषि निदेशक विनोद ने बताया है कि 16 जुलाई 2025 को तहसील सदर के कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर में किसान दिवस का आयोजन अपरान्ह 12:30 बजे आयोजित किया जायेगा।



**विश्व युवा कौशल दिवस पर रोजगार पाने...**

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बेहरिन में मुख्य अतिथि विधायक कैलाश राजपूत एवं जिलाधिकारी आशुतोष मोहन... शेष पेज 11 पर...

# वित्त संशोधन अधिनियम 2025 का विरोध, पेंशनरों और शिक्षकों का धरना प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कानपुर में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन और शिक्षक महासंघ कानपुर के संयुक्त सहयोग में मंगलवार को पेंशनरों और शिक्षकों ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया। इसके बाद में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम सिटी को दिया गया। इसमें वित्त संशोधन अधिनियम तत्काल वापस लेने की मांग उठाई गई।

वहीं, जिलाधिकारी ने संस्था के अध्यक्ष बीएल गुलाबिया और महामंत्री आनंद अवस्थी से मुलाकात की और ज्ञापन शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। पेंशनरों ने कहा कि वित्त संशोधन अधिनियम 2025 के नियमों में बदलाव से पेंशनर्स में आक्रोश है। सरकार की मंशा उचित नही है। पहले तो सरकार 8वें वेतन आयोग की घोषणा करती है। कहा जाता है कि कर्मचारियों, शिक्षकों एवं पेंशनर्स को वेतन व पेंशन पुनरीक्षण एक जनवरी 2026 से लागू किया जाएगा। इसी बीच वित्त संशोधन अधिनियम लाया जाता है। इसका सीधा मतलब यह हुआ कि दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत्त पेंशनरों की पेंशन का पुनरीक्षण नहीं किया जाएगा। पेंशनरों ने देशव्यापी आंदोलन शुरू कर दिया है। शिक्षक संघ के अध्यक्ष राकेश बाबू पांडेय ने बताया कि शिक्षक भी इससे प्रभावित होंगे। सभी सेवानिवृत्त शिक्षक इस लड़ाई में साथ हैं। पेंशन फोरम के महामंत्री आनंद अवस्थी ने बताया कि सभी पेंशनर एकजुट हैं और मिलकर संघर्ष करेंगे। इस मौके पर उस्मान अली शाह, सुनील सुमन, विजय कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

## अधेड ने किया सात वर्षीय मासूम के साथ छेड़छाड़, मुकदमा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। रावतपुर में सात वर्षीय मासूम के साथ पड़ोसी के घर आए अधेड रिश्तेदार ने छेड़छाड़ कर दी।मासूम घर पहुंची और परिजनो को रोते हुए पूरी घटना बताई। पुलिस ने अधेड रिश्तेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की।तलाश में जुटी है। रावतपुर निवासी महिला ने बताया कि उसका कपड़ा पड़ोसी की छत पर गिर गया था। जिसे लेने के लिए उसने अपनी सात वर्षीय नाबालिक बेटी को पड़ोसी के घर भेजा था ।पड़ोसी के घर आए एक अधेड रिश्तेदार ने उनकी बेटी से छेड़छाड़ की। बेटी रोती हुई घर आई ,घटना के बारे में बताया जिसके बाद वह पड़ोसी के घर पहुंची तब तक अधेड रिश्तेदार मौके से भाग निकला। इंस्पेक्टर केके मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# नगर निगम के भ्रष्टाचार का शिकार हुई पुलिस की गाड़ी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कानपुर शहर में सड़कों की बदहाली और नगर निगम के कथित भ्रष्टाचार का खामियाजा अब पुलिस को भी भुगतना पड़ रहा है। मंगलवार दोपहर कानपुर के जाजमऊ स्थित सरैयां चौराहे के पास एक पुलिस पीआरवी की गाड़ी सड़क पर बने एक गहरे गड्ढे में फंस गई। यह घटना तब हुई जब पुलिस की टीम किसी सूचना पर जा रही थी।

जीप के गड्ढे में फंसने के बाद उसमें सवार पुलिसकर्मी तुरंत बाहर निकले, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से जीप को गड्ढे से बाहर निकलवाया गया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और किसी को चोट नहीं आई। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### पहली बारिश में ही धंस गई थी रोड

यह उल्लेखनीय है कि घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर जाजमऊ की सरैयां रोड पहली बारिश में ही धंस गई थी, जिसकी मरम्मत का काम नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। कुछ दिनों पहले, इसी जगह पर नगर निगम का एक ट्रैक्टर भी सड़क में धंसे गड्ढे में फंस गया था, जिसे निकालने के लिए क्रेन का सहारा लेना पड़ा था।

# पंचायती राज विभाग का बाबू रंगेहाथ गिरफ्तार, विजिलेंस टीम ने पांच हजार रुपये लेते पकड़ा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




कानपुर में विजिलेंस टीम ने मंगलवार को पंचायती राज विभाग के एक बाबू को 5,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई विकास भवन कैंटीन में उस वक्त हुई, जब बाबू एक महिला सफाईकर्मी का रुका हुआ वेतन जारी करने के एवज में कथित तौर पर घूस ले रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी बाबू 10,000 रुपये की घूस की मांग कर रहा था, जिसमें से उसने 5,000 रुपये की पहली किश्त लेते हुए विजिलेंस के जाल में फंस गया। महिला सफाईकर्मी ने वेतन जारी करवाने के लिए कई दिनों से प्रयास कर रही थी, लेकिन बाबू बिना रिश्वत लिए उसका काम नहीं कर रहा था। परेशान होकर उसने विजिलेंस टीम से संपर्क किया, जिसने शिकायत के आधार पर जाल बिछाया। विजिलेंस टीम ने बाबू को विकास भवन की कैंटीन में पैसे लेते हुए दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद, टीम ने बाबू से कैंटीन में ही प्रारंभिक पूछताछ की, जिसके बाद उसे नवाबगंज थाने ले जाया गया, जहां मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कानपुर विश्वविद्यालय और दिल्ली के होटल प्राईड प्लाजा के बीच एमओयू हुआ साइन



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट और दिल्ली के होटल प्राइड प्लाजा के बीच मंगलवार को एक एमओयू साइन किया गया। हॉस्पिटेलिटी एवं होटल मैनेजमेंट में कैरियर की तराश कर रहे विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स के लिए अब नए अवसर उपलब्ध होंगे। छात्रों को अब बड़े होटलों में कार्य करने का अनुभव भी मिलेगा। होटल मैनेजमेंट विभाग के छात्र-छात्राओं को ट्रेनिंग एवं जॉब प्लेसमेंट के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। इसी उद्देश्य से कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक और दिल्ली एयरपोर्ट पर स्थित होटल प्राईड प्लाजा के साथ एमओयू साइन हुआ है। इस अवसर पर प्राईड प्लाजा होटल के लर्निंग एंड डेवलपमेंट मैनेजर दीपांशु जीनवाल, विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव राकेश कुमार, डीन अकादमिक प्रोफेसर ब्रिष्टी मित्रा एवं विभाग के निर्देशक सौरभ त्रिपाठी, सहायक आचार्य सिद्धार्थ सिंह, अरविंद चौहान, अंकित कुमार, ऐश्वर्या आर्य, शिवांशु सचान आदि उपस्थित रहें।

## पनकी मंदिर में दर्शन करने आई महिला का मंगलसूत्र गायब, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

पनकी मंदिर में दर्शन करने पहुंची महिला का मंगलसूत्र संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। घटना मंगलवार की है जब नौबस्ता निवासी आढ़ती राजा बाबू की पत्नी रजनी देवी अपनी बहन ज्योति व रामदेवी के साथ दर्शन को आई थीं। मंदिर परिसर में भीड़ अधिक थी, इसी दौरान रजनी देवी का सोने का मंगलसूत्र गले से अचानक गायब हो गया। मंगलसूत्र न पाकर महिला घबरा गई और उसने बहनों को जानकारी दी। तुरंत ही 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयनाकिया और मौजूद श्रद्धालुओं से पूछताछ की। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर में अक्सर जेबकतरे भीड़ का फायदा उठाकर ऐसी वारदातों को अंजाम देते हैं। वहीं, पनकी मंदिर चौकी प्रभारी श्रवण तिवारी ने बताया कि अभी तक घटना की कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बिल्हौर सीएचसी मे सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील के सबसे नजदीक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय नाथ ने मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित कर्मचारीयों के बारे में जवाब मांगा। सीएमओ ने ओपीडी, दवा भंडारण, अस्पताल की लैब, एक्स-रे रूम, ओपीडी और डेंटल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं की जांच की। अस्पताल की छत पर उगे पीपल के पौधे को देखकर उन्होंने इसे हटाने को कहा। उनका कहना था कि यह पौधा बिल्डिंग को नुकसान पहुंचा सकता है। अधीक्षक डॉ धर्मेंद्र गुप्ता भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। अनुपस्थित कर्मचारियों में एएनएम कविता, फार्मासिस्ट हर्षित, स्टाफ नर्स राजीव, मनु व सुशीला, डॉ. मृत्युंजय, वार्ड बॉय शिवम, एसएन शिवाला, स्टाफ नर्स सर्वेश, शशिबाला शर्मा और एलटी शशिभूषण शामिल थे। डॉ. उदय नाथ ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से वे विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। लेकिन डॉक्टर और अन्य स्टाफ की कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया है। अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए हैं।

# 6 कर्मचारियों ने एचपीसीएल के 51वें स्थापना दिवस पर रक्तदान किया

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




बिल्हौर तहसील क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बिल्हौर गैस एजेंसी के कर्मचारियों ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 51वें स्थापना दिवस के अवसर पर सौरभ, साहिद सहित 6 कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन कानपुर इकाई द्वारा उर्सला हॉस्पिटल में मंगलवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था । जिसमें दीपांकर पारिख उप प्रबंधक कानपुर क्षेत्र (बिक्री) बिल्हौर गैस एजेंसी संचालिका श्रीमती बीना सिंह की देखरेख में कर्मचारियों ने रक्तदान किया। संचालिका ने बताया कि हमारी कोशिश रहती है कि कंपनी की छोटी सी छोटी जानकारी उपभोक्ताओं तक पहुंचाना और उपभोक्ताओं की शिकायत अधिकारियों तक पहुंचाते रहते है।जिससे हमारी गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि का ग्राफ बढ़ता रहता है। हमारे विश्वसनीय कर्मचारियों ने रक्तदान कर यह साबित कर दिया है कि हमारे कंधे से कंधा मिलाकर जनता की सेवा कर रहे हैं। रक्तदान करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि हमने स्वेच्छा से कंपनी की स्थापना दिवस पर रक्तदान किया है आगे भी करते रहेंगे जिससे हमारे खून देने से तीन लोगों की जान बच सकती हैं। बिल्हौर गैस एजेंसी कानपुर जिले में कई मनको को जिले में सबसे पहले पूरा करने वाली एजेंसी है जिससे कई बार अधिकारियों द्वारा सराहना और पुरस्कृत भी किया जा चुका है।

## बिठूर में ऑटो पलटा, महिला की मौत, 4 घायल




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिठूर। बिठूर थाना क्षेत्र के रमेल नगर के पास कल्याणपुर बिठूर मार्ग पर तेज रफ्तार ऑटो के पलटने से एक महिला की मौत हो जबकि चार अन्य सवारियां गम्भीर रूप से घायल हो गयीं। सोमवार दोपहर बाद बिठूर बैकुंठपुर निवासी लक्ष्मी देवी और गांव की ही सोनी गंगा नहाकर ऑटो से घर वापस लौट रही थी तभी रमेल नगर के पास ऑटो अनियंत्रित हो पलट गया। लक्ष्मी देवी बुरी तरह घायल हो गयी। हैलेट में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ऑटो मे बैठी सोनी,वाल्मीकि नगर निवासी आशा पांडेय व उनका बेटा आरव पांडेय व रामसजीवन घायल हो गए।मृतका के पति प्रकाश ने ऑटो के नंबर के आधार पर चालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई।

# बालक ने मानसिक विक्षिप्त नाबालिग के साथ किया कुकर्म

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कानपुर में कल्याणपुर के एक मोहल्ले में मंगलवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक 12 वर्षीय बालक पर नौ साल के मानसिक रूप से विक्षिप्त बच्चे के साथ कुकर्म करदिया। यह घटना तब सामने आई जब पीड़ित बच्चे की मां ने आरोपी को उसके घर में खड़ी कार के अंदर अपने बेटे के साथ गलत हरकत करते हुए देखा।

पीड़ित बच्चे की मां ने पुलिस को बताया कि उनके पति एक डेयरी में काम करते हैं और उनके तीन बच्चे हैं, जिनमें से एक बेटा मानसिक रूप से विक्षिप्त है। मंगलवार को करीब 11:30 बजे, जब वह घर का काम निपटा कर बाहर निकलीं, तो उनका बेटा गायब था। काफी खोजबीन के बाद भी जब कोई जानकारी नहीं मिली।

### कार के अंदर कर रहा था गलत हरकत

पड़ोस की एक महिला ने बताया कि सामने वाले घर में एक बालक उनके बेटे को पकड़ कर ले गया है।

वहां जाकर देखा, तो आरोपी बेटे के साथ कार के अंदर गलत हरकत कर रहा था।

उसके खून भी निकल रहा था। तभी उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मासूम को मेडिकल के लिए भेज दिया।

### जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने आसपास पूछताछ की और बगल वाले घर में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए।

उसमें कुछ साक्ष्य मिले हैं। कल्याणपुर एसीपी रंजीत कुमार ने बताया कि कल्याणपुर एसीपी रंजीत कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरी जांच पड़ताल की जा रही है।

# ओवरफ्लो होने से नहर बंबी फटी, राजपुर बस्ती में भरा पानी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कानपुर देहात राजपुर कस्बे के दमनपुर मार्ग से निकली राजपुर नहर बंबी सोमवार रात करीब एक बजे क्षमता से अधिक पानी होने के कारण ओवरफ्लो होकर फट गई। इस घटना से बंबी का पानी आसपास की बस्ती में बने कई घरों में घुस गया, जिससे घरेलू सामान और अनाज खराब हो गया। इसके अलावा, नहर बंबी के आसपास के 50 से अधिक खाली प्लॉट और किसानों के खेत भी पानी से भर गए, जिससे फसलें जलमग्न हो गईं। सुबह दमनपुर सड़क पर तालाब जैसा नजारा देखकर बस्ती के लोग हैरान रह गए। नहर बंबी के करीब रहने वाले किसान करण सिंह और निर्मला देवी ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से नहर बंबी में उसकी क्षमता से ज्यादा पानी चल रहा था। इसकी सूचना नहर विभाग और नगर पंचायत के अधिकारियों को भी दी गई थी, लेकिन उसके बाद भी पानी कम नहीं किया गया। इसी लापरवाही के कारण बंबी ओवरफ्लो होकर फट गई।

### पटरी की मरम्मत का काम जारी

सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के अवर अभियंता तारिक खान मौके पर पहुंचे।

उन्होंने बताया कि धान की रोपाई के लिए किसानों की मांग पर आलमपुर झाल से सभी गेज खोलकर नहर चालू की गई थी।

फिलहाल, पटरी की मरम्मत का काम कराया जा रहा है। इस घटना से स्थानीय लोगों और किसानों को भारी नुकसान हुआ है। शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# वीआईपी रोड की गली के जलभराव में डूबने से युवक की मौत



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर के ग्वालटोली थानाक्षेत्र में वीआईपी रोड पर स्थित महात्मा गांधी विद्यालय वाली गली में शराब पीने के दौरान युवक नशे में बारिश के जलभराव में गिर गया। देर रात युवक बेसुध हालत में पानी में पड़ा रहा। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची बहन उसे हैलट लेकर पहुंची, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कोहना थाना क्षेत्र के रानी का बगीचा निवासी रजत कुमार (30) मजदूरी करता था। मामा किशनलाल ने बताया कि रजत शराब पीने का लती था। रात करीब आठ बजे वीआईपी रोड पर ग्वालटोली चौराहे के पास स्थित महात्मा गांधी विद्यालय के पास गली में रजत शराब पी रहा था। तभी भीषण बारिश के दौरान जलभराव हो गया।

इस दौरान रजत नशे में वहीं पर बेसुध होकर गिर पड़ा। जलभराव कम होने पर रात करीब 11 बजे के आसपास के लोगों ने उसे पड़ा देखकर पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे हैलट अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना दी, तो उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# डीएम ने 11 टीबी मरीजों को लिया गोद, पोषण पोटली देकर अभियान को दिया बल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने की दिशा में, जिलाधिकारी (डीएम) श्री जितेंद्र प्रताप सिंह ने एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में स्वयं द्वारा 11 टीबी रोगियों को गोद लिया और उन्हें पोषण पोटली प्रदान की। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम के दौरान जोर देकर कहा कि टीबी को केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि जन सहभागिता और व्यापक जागरूकता से ही पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि क्षय रोग का समुचित इलाज संभव है और यह कोई लाइलाज बीमारी नहीं है। समय पर पूरी दवा लेने और पौष्टिक भोजन से मरीज स्वस्थ जीवन की ओर लौट सकता है।

### नियमित रूप से दवा लेने की दी सलाह

उन्होंने कहा कि जितने अधिक लोग टीबी मरीजों को गोद लेंगे, उतनी ही तेज़ी से यह बीमारी नियंत्रित होगी। डीएम ने उपस्थित लाभार्थियों को नियमित रूप से दवा लेने और डॉक्टर की सलाह का पालन करने की सलाह दी। पोषण पोटली में चना, दाल, गुड़, तेल, चिउड़ा और ड्रायफ्रूट्स जैसी सामग्री शामिल है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होगी।

### निक्षय पोषण योजना के तहत 2.33 करोड़ रुपये हस्तांतरित

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सुबोध प्रकाश ने बताया कि निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत जनपद के 14,546 क्षय रोगियों को दो माह की किश्त के रूप में कुल 2.33 करोड़ रुपये की धनराशि उनके बैंक खातों में भेजी गई है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मरीज को छह माह की उपचार अवधि में 1000 रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जाती है, जिससे वह पौष्टिक आहार प्राप्त कर सके। यह राशि पहले 500 रुपये प्रति माह थी, जिसे नवंबर 2024 से बढ़ाकर 1000 रुपये कर दिया गया है।

## मंदिर के छत की सफाई कर रहा युवक एचटी लाइन की चपेट में आया, मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। उस्मानपुर इलाके में सोमवार सुबह शिव मंदिर की छत की सफाई के दौरान सफाईकर्मी देशराज पास से गुजरी हाईटेंशन लाइन (एचटी) की चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उसे बचाने छत पर चढ़े दो अन्य लोग भी झुलस गए। पुलिस ने आपूर्ति बंद कराकर घायलों को अस्पताल और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हनुमंत विहार इलाके के उस्मानपुर नटवन टोला निवासी देशराज (45) चट्टा संचालक भगवानदीन के यहां सफाईकर्मी था। पत्नी रीता का आरोप है कि चट्टा संचालक ने देशराज को शंकर सुमन मंदिर की छत पर जमा बारिश का पानी साफ करने चढ़ाया था।



## कचहरी वीआईपी रोड पर मौत का गड्ढा, अधिकारी बेपरवाह

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कानपुर शहर की कचहरी वीआईपी रोड, जो कि वीआईपीज और वरिष्ठ अधिकारियों के आवागमन का मुख्य मार्ग है। आज भी बड़े और खतरनाक गड्ढों की चपेट में है। इन गड्ढों को मौत का गड्ढा कहा जा रहा है, क्योंकि ये किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। स्थानीय ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने सुबह से कई बार नगर निगम को इन गड्ढों और जलजमाव की स्थिति से अवगत कराया है, लेकिन नगर निगम अभी भी चुप्पी साधे हुए है। मानो वह किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा हो। हाल ही में हुई बारिश के बाद तो स्थिति और भी बदतर हो गई है।सड़क पर जलजमाव के कारण ये गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ गया है।स्थानीय लोगों और यातायात पुलिस की लगातार शिकायतों के बावजूद नगर निगम की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने से आम जनता में भारी आक्रोश है। यह एक गंभीर सुरक्षा मुद्दा है, जिस पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# अवैध घुसपैठियों के खिलाफ भी हो कड़ी कार्रवाई

**इस सच्चाई को भी खारिज नहीं किया जा सकता। कहा जाता है कि बिहार के सीमांचल इलाकों में अवैध घुसपैठियों की संख्या तेजी से बढ़ी है लेकिन सच्चाई यह है कि बिहार का हर जिला बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों से पीड़ित है। बिहार के मिथिलांचल इलाके में भी अवैध घुसपैठियों की संख्या खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। लेकिन इस समस्या का समाधान कर पाना चुनाव आयोग के वश में नहीं है। इसके लिए केंद्र सरकार और केंद्रीय गृह मंत्रालय को विभिन्न एजेंसियों और राज्य सरकारों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर अभियान चलाना होगा।**

*बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए देश की सर्वोच्च अदालत ने चुनाव आयोग को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को लंबी सुनवाई करने और दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए जरूरी मान्य दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर आईडी कार्ड को भी शामिल करने पर विचार करे। देश की सर्वोच्च अदालत ने चुनाव आयोग से कई अहम मुद्दों पर जवाब दाखिल करने को भी कहा है। मामले की अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक नहीं लगाई है। यानी चुनाव आयोग द्वारा चलाया गया यह विशेष अभियान चलता रहेगा। लेकिन अदालत ने आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर आईडी कार्ड को भी मान्यता देने का सुझाव देकर बिहार के आम मतदाताओं की मुश्किलों को भी आसान करने का प्रयास किया है। इससे पूरी प्रक्रिया आसान होगी और वोटर लिस्ट को लेकर जिस तरह की आशंकाएं पैदा हो रही है, उसे भी कम करने में मदद मिलेगी। दरअसल, भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में चुनाव आयोग का काम ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को वोटर लिस्ट में शामिल कर, उन्हें वोट देने के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करना है। चुनाव आयोग का काम वोटर लिस्ट से जीवित मतदाताओं का नाम हटाना नहीं है। चुनाव आयोग किसी भी मतदाता से उसका मताधिकार कतई नहीं छीन सकता है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, बिहार सहित पूरे देश में आधार कार्ड को जिस तरह से बाकी सभी कार्डों, बैंक खातों और सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया है, उसके बाद आधार कार्ड को पूरी तरह से खारिज करने से कई तरह के सवाल खड़े हो रहे थे। बिहार में कई जिलों में इस अभियान के तहत आधार कार्ड को स्वीकार किया जा रहा था और कई जिलों में नहीं किया जा रहा था, जिससे कन्फ्यूजन की स्थिति बनी हुई थी। ऐसे में यह बहुत जरूरी माना जा रहा था कि चुनाव आयोग कोई बीच का रास्ता निकाले। सुप्रीम कोर्ट ने भले ही सर पर रोक नहीं लगाई हो लेकिन टाइमिंग को लेकर जो सवाल पूछे हैं, उससे चुनाव आयोग की इस पूरी कवायद पर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव और चुनाव आयोग के इस अभियान को लेकर सुनवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण सवाल भी पूछे। हालांकि जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने साफ-साफ कहा कि वे संवैधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसे करना चाहिए। लेकिन कोर्ट ने चुनाव आयोग को अपना जवाबी हलफनामा दायर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। वहीं याचिकाकर्ताओं को उसके एक सप्ताह बाद जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। यह मामला केवल बिहार तक ही सीमित रहने वाला नहीं है। आने वाले दिनों में दूसरे राज्यों में मतदाता सूची की समीक्षा कैसे होगी, यह बिहार के मॉडल पर निर्भर करेगा इसलिए सुप्रीम कोर्ट के अंतिम फैसले पर सबकी नजरें बनी रहेंगी। भारत 70 के दशक से ही बांग्लादेश से आने वाले अवैध घुसपैठियों से त्रस्त रहा है और पिछले कुछ वर्षों के दौरान म्यामांर से भी रोहिंग्या मुसलमानों की घुसपैठ देश में बढ़ती जा रही है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**सवाल यह है कि क्या यह ऑपरेशन जो मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के विचारों की उपज है, सिर्फ उत्तराखंड तक ही सीमित रहना चाहिए अथवा भारत के हर राज्य में इसी तरह से एक ऑपरेशन चलाया जाना चाहिए जिसे कि उत्तराखंड की तरह ही राज्य सरकार हाथ में लेकर चलाए। वास्तव में आज इस अभियान में जैसी कार्रवाई फर्जी साधुओं और ठगी करने वालों के खिलाफ हो रही है, वह एक राज्य तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। सनातन धर्म या किसी भी मत, पंथ, संप्रदाय के खिलाफ देश भर में कहीं भी कुछ अपराध घट रहा है तो उस पर तुरंत अंकुश लगाना आवश्यक है, इसलिए कहना होगा कि उत्तराखंड में जो पुष्कर सिंह धामी ऑपरेशन कालनेमि के जरिए कर रहे हैं।**

# उत्तराखंड ही नहीं, देशभर में चलना चाहिए 'ऑपरेशन कालनेमि'



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**गजबा–ए–हिंद की गंदी सोच सिर्फ इस बाबा छांगुर उर्फ मोहम्मद जलालुद्दीन की नहीं है, हाल ही में एनआईए राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आईएसआईएस पुणे स्लीपर मॉड्यूल में 11 लोग गिरफ्तार किए हैं, जिसमें कि रिजवान अली (अबु सलमा / मोला) की अहम गिरफ्तारी है। ऐसे ही मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी पकड़ा गया। मध्य प्रदेश एवं राजस्थान में एचयूटी के आतंकवादी पकड़े गए।**

सनातन हिन्दू धर्म और संस्कृति पर कई तरह से प्रहार किए जा रहे है, इसके उदाहरण भी आए दिन सामने आते हैं, किंतु जिस तरह से लैंड जिहाद, लव जिहाद, थूक जिहाद जैसे किसी भी नकारात्मक जिहाद के विरोध में उत्तराखंड सरकार द्वारा एक्शन लेने के बाद ऑपरेशन 'कालनेमि शुरू किया गया है। इसने कुछ ही दिन में यह सच्चाई सभी के सामने ला दी है कि सनातन हिन्दू धर्म को बदनाम करने के लिए जो अनेक षड्यंत्र चल रहे हैं, उनमें से एक साधूवेष धारण करना भी है। एक आस्थावन सनातनी साधु वेष को देखकर अपनी क्या प्रतिक्रिया देगा, यह किसी को आज बताने की जरूरत नहीं, किंतु बदले में उसे क्या मिलेगा, यह अहम है। ऐसे में ये तमाम छद्म वेषधारी हिन्दू आस्था पर सीधे प्रहार कर रहे हैं। वस्तुत भारतीय शास्त्रों में देखें तो कालनेमि रामायण काल का एक राक्षस था, जिसने छद्मवेश धारण कर ÷संजीवनी÷ लेने जा रहे हनुमानजी का रास्ता रोकने की कोशिश की थी। रामायण की सुप्रसिद्ध मायावी राक्षसनी ताड़का उसकी दादी थी व मारीच उसके पिता। 'कालनेमि' अपनी माया से किसी का भी रूप धारण कर सकता था इसलिए रावण ने उसे यह महत्वपूर्ण कार्य सौंपा कि वह किसी भी हाल में हनुमानजी को संजीवनी हिमालय ने न लाने दे, ताकि लक्ष्मणजी की बेहोशी मृत्यु में बदली जा सके। लेकिन जैसे ही हनुमानजी को कालनेमि के एक साधु वेश में होने का पता चला, उन्होंने अत्यंत क्रोधित हो उसी समय कालनेमि का वध कर दिया था। वर्तमान दौर में भी कई 'कालनेमि' सनातन हिन्दू धर्म को तरह-तरह से समाप्त करने का षड्यंत्र कर रहे हैं। अब हरिद्वार से पकड़े गए इन सभी इस्लामिक कालनेमियों को देखिए, जो हिन्दू साधू के वेश में सनातनधर्मियों को ठग रहे थे। मो. अहमद पुत्र रहु निवासी ग्राम बोडिंग हाउस जिला हरदोई उत्तर प्रदेश। रशीद पुत्र बपाती निवासी वार्ड नंबर 7 फूलबाग थाना नरसिंह गढ़ जिला राजगढ़। मोहम्मद इमरान पुत्र मो. इस्लाम निवासी 11 बी तिलजला थाना कड़ाया कोलकता पश्चिम बंगाल। मोहम्मद जैनउद्दीन पुत्र शेख अब्बास निवासी बेलवारी वार्ड न0 13 अंचल पलासी पखरी बिहार। मोहम्मद सलीम (पिरान कलियर, हरिद्वार)। रुकन राकम उर्फ शाह आलम- बांग्लादेशी नागरिक, जिसने तिलक और जटा धारण कर रखे थे; वह खुद को शिव योगी बता रहा था। इसी तरह से अन्य अपराधी और ठग पकड़े गए हैं, जोकि हिन्दू सनातन धर्म को साधू वेश धारण कर बदनाम कर रहे थे। इस संदर्भ में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कह रहे हैं कि वर्तमान समय में भी बहुत सारे 'कालनेमि' छद्म वेष बनाकर अनेक स्थानों पर अपनी पहचान छुपाकर के धार्मिक भावनाओं को आहत करने का काम कर रहे हैं। उनका यह कृत्य सनातन को नुकसान पहुंचाता है और जो सच्चे धर्म की खोज में, पुण्य की खोज में और अपनी आत्मा के प्रकाश को प्राप्त करने के लिए भगवान की शरण में जाते हैं। देवभूमि या अन्य स्थानों पर जाते हैं। उनका किसी न किसी रूप में मार्ग भटकाने का काम ये छद्म वेषधारी ठग करते हैं। ऐसे सभी लोगों की पहचान कर उन्हें रोकने और उनकी सच्चाई उजागर करने के लिए ही हमने ये ऑपरेशन कालनेमि चलाया है। हमारी सरकार जनभावनाओं, सनातन संस्कृति की गरिमा की रक्षा और सामाजिक सौहार्द बनाये रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हाल ही में एक प्रकरण उत्तर प्रदेश की एटीएस के प्रयासों से भी छांगुर बाबा उर्फ मोहम्मद जलालुद्दीन का सामने आया है। उसके पास से एक किताब 'शिजर-ए-तैयबा' नाम की बरामद हुई है। जिसके बारे में कहा जा रहा है कि इस किताब का इस्तेमाल लव जिहाद और इस्लामिक कन्वर्जन के लिए किया जा रहा था। पुस्तक का मकसद कोई धार्मिक प्रचार नहीं, बल्कि विशेष एजेंडे के तहत ब्रेनवॉश करना था। पुस्तक में मुस्लिम युवकों और हिंदू युवतियों को इस्लाम के नाम पर जोड़ने और प्रेरित करने की बातें की गई हैं। यहां तक कि किताब में 'धर्मी लोगों की सेना' तक का जिक्र किया गया है, यानी ऐसे लोग जो इस्लाम के लिए अपनी जान देने को तैयार हों। साथ ही इसमें विस्तार से बताया गया है कि लोगों को इस्लाम के प्रति कैसे आकर्षित किया जाए और किस तरह धर्मांतरण की मुहिम चलाई जाए। यह किताब सोशल नेटवर्किंग और धार्मिक कार्यक्रमों के जरिए युवाओं तक पहुंचाई जाती थी, जिससे वे धीरे-धीरे कट्टरपंथी विचारधारा की ओर आकर्षित होते जाएं। 'शिजर-ए-तैयबा' की तरह ही आज यह सामने आया है कि देश भर में अनेक नामों से इसी प्रकार की किताबें चलन में हैं, जोकि ब्रेनवॉश का काम करती हैं। दीने-तालीम के नाम पर मदरसों में क्या पढ़ाया जा रहा है, किसी भी राज्य सरकार को इसके बारे में पता नहीं है। आप सोचिए; एक छांगुर बाबा उर्फ मोहम्मद जलालुद्दीन ने क्या कर दिया! उसने हजारों गैर मुसलमानों का ब्रेनवॉश, 1500 से अधिक हिन्दू महिलाओं के साथ लव जिहाद कर इस्लाम कबूल करवाना। हर हिन्दू युवतियों को लव जिहाद में फंसाने के लिए 10 से 20 लाख रुपए तक मुस्लिम युवक को देने की व्यवस्था, कई सौ करोड़ का साम्राज्य, दो हजार से अधिक स्लीपर सेल की टीम खड़ी करना, वह भी किसलिए सिर्फ इस्लाम के लिए। भारत को गजबा-ए-हिंद बनाने के लिए। आप यह भी विचार कर सकते हैं कि यह कोई अचानक नहीं हो गया है, पिछले कई सालों से यह सब चल रहा है। छांगुर, मोहम्मद जलालुद्दीन पिछले 15 वर्षों से अवैध धर्मांतरण गिरोह चला रहा था। सोचनेवाली बात यह है कि इसका पूरा यह षड्यंत्र कितना गोपनीय रहा होगा कि पुलिस का खुफिया तंत्र एवं देश की सुरक्षा एजेंसी भी इतने सालों तक उसकी भनक नहीं लगा सकीं। गजबा-ए-हिंद की गंदी सोच सिर्फ इस बाबा छांगुर उर्फ मोहम्मद जलालुद्दीन की नहीं है, हाल ही में एनआईए राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आईएसआईएस पुणे स्लीपर मॉड्यूल में 11 लोग गिरफ्तार किए हैं, जिसमें कि रिजवान अली (अबु सलमा / मोला) की अहम गिरफ्तारी है। ऐसे ही मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी पकड़ा गया। मध्य प्रदेश एवं राजस्थान में एचयूटी के आतंकवादी पकड़े गए। जिसमे मुह्सिन खान (प्रमुख योजनाकार, वित्तपोषक) की गिरफ्तारी बहुत अहम है। गाज़्वा-ए-हिंद के लिए एक पीएफआई मोड्यूल का खुलासा भी हुआ है। एनआईए द्वारा बिहार, यूपी, गुजरात व केरल में कई स्थानों पर रैड की गई और कई आरोपितों के साथ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। कर्नाटक से तीन लश्करएतैयबा (एलईटी) सहयोगी पकड़े गए हैं। कुछ कश्मीरी युवक भी पकड़े गए हैं।



**एनआईए द्वारा बिहार, यूपी, गुजरात व केरल में कई स्थानों पर रैड की गई और कई आरोपितों के साथ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। कर्नाटक से तीन लश्कर एतैयबा (एलईटी) सहयोगी पकड़े गए हैं। कुछ कश्मीरी युवक भी पकड़े गए हैं।**



**आज का पंचांग**

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | षष्ठी 20:59 तक |
| नक्षत्र: | पूर्वभाद्रपदा 05:37 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | बुधवार |
| योग: | शोभना, 11:53 |
| सूर्योदय: | 05:37 |
| सूर्यास्त: | 19:15 |
| चंद्रमा: | मीन राशि में |
| राहुकाल: | 12:26-14:08 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | सावन |
| शुभ मुहूर्त: | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### छिड़ा घमासान !

*लेकर रिटायरमेंट को।*
*छिड़ा घमासान ।।*
*मिल गया है मौका।*
*छेड़ने को तान ।।*
*ताने और तंज में।*
*गया दशक है बीत ।।*
*खुल कर लेकिन कोई भी।*
*ना मिली है जीत ।।*
*हुए लाख प्रयास पर।*
*नहीं मिला उपहार ।।*
*मुद्दा चाहे कोई भी पर।*
*नहीं मददगार ।।*
*बल लगाना व्यर्थ।*
*है दरवाजा बंद ।।*
*है रोना बेकार।*
*मुसकाओ बस मंद ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## सिगरेट जितनी ही खतरनाक हैं आपकी जुबा को लुभाने वाले समोसा और जलेबी!

**बारिश** का मौसम, मिट्टी की खुशबू और प्लेट में नुक्कड़ वाले गुप्ता जी के दुकान के गर्मागर्म समोसे और जलेबी नाश्ते में मिल जाए, आह तो जिंदगी का मजा एक नहीं दो नहीं, बल्कि 10 गुणा हो जाए। समोसा और जलेबी का नाम सुनते ही मेरी तरह ही ज्यादातर लोगों के मुंह में पानी आ जाता है। लेकिन मुंह के पानी को रोकिए जनाब आपकी जुबां को ललचाने वाली समोसे और जलेबी को खाने से कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं। दरअसल, पिछले दिनों स्वास्थ मंत्रालय ने एक एडवाइडरी जारी की है। इसके तहत महाराष्ट्र के नागपुर स्थित सभी समोसा और जलेबी की दुकानों पर एक बोर्ड लगाया जाएगा, जिसमें ये लिखा होगा कि समोसा और जलेबी में कितनी कैलोरी और फैट की मात्रा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आधिकारिक बयान में कहा गया है कि समोसे- जलेबी जैसे तेल, मसाले और चीनी से लबालब भरे हुए नाश्ते के कारण ही शरीर कई तरह की बीमारियों का शिकार हो रहा है। इसलिए सुक्षाव दिया गया कि जिस तरह तंबाकू और सिगरेट के पैकेट पर कैंसर जैसी बीमारी को लेकर चेतावनी जारी की जाती है। ठीक उसी तरह अब समोसा-जलेबी को लेकर भी चेतावनी देनी चाहिए। यही कारण है की नागपुर में सभी नाश्ते की दुकानों पर अब बोर्ड लगाया जाएगा, समझदारी से खाएं, आपका भविष्य आपको धन्यवाद देगा।



**फूड लेबलिंग में आएगा नया मोड़:** एम्स नागपुर के अधिकारियों ने इसे फूड लेबलिंग में एक नया मोड़ कहा है, अब खाने के साथ भी उतनी ही गंभीर चेतावनी दिखेगी, जैसी सिगरेट पर होती है। मंत्रालय ने सभी सरकारी संस्थानों को कहा है कि कैफेटेरिया और सार्वजनिक जगहों पर ऐसे बोर्ड लगाए जाएं, जो आम भारतीय स्नैक्स में छिपी चीनी और तेल की मात्रा दिखाएं। खाने में चीनी और तेल की मात्रा को दिखाने का मुख्य मकसद लोगों ये बताना है कि आप जो कुछ भी खा रहे हैं, वो खाने में बेशक से लाजवाब हो, लेकिन शरीर के लिए बहुत हानिकारक होता है।

**किन जगहों पर लगेगा बोर्ड:** आधिकारिक जानकारी के अनुसार, जो भी फूड आइटम तले हुए और मीठे दोनों हैं, उन दुकानों पर इस तरह के बोर्ड लगाए जाएंगे। यानि की देश की उन सभी दुकानों पर ये बोर्ड लगाए जाएंगे, जहां समोसा, जलेबी, पकौड़े, वड़ा पाव, गुलाब जामुन,खस्ता कचौरी, मिठाइयां बिकती हैं।

**समोसा खाने से स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान:** भारत में ज्यादातर जगहों पर मैदा और आलू वाले ही समोसे बनाए जाते हैं। मैदे की पहली लेयर में मसालेदार आलू को भरा जाता है और उसके बाद समोसे को डीप फ्राई किया जाता है। जिससे इसमें ट्रांस फैट्स और सैचुरेटेड फैट्स की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है। समोसा खाने की वजह से ये हार्ट प्रॉब्लम, कोलेस्ट्रॉल बढ़ने और मोटापे जैसी घातक बीमारी का कारण बन सकता है। नियमित तौर पर अगर समोसे का सेवन किया जाए, तो ये पाचन से जुड़ी बीमारियां जैसे कब्ज और पेट में दर्द का कारण भी बन सकता है।

**जलेबी खाने से स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान:** जलेबी के मैदे के घोल से डीप फ्राई करके तैयार किया जाता है। इसके बाद जलेबी को चाशनी में डुबोया जाता है। जिससे इसमें चीनी की मात्रा बहुत अधिक होती है। जलेबी खाने से शरीर का ब्लड शुगर लेवल बढ़ता है और डायबिटीज जैसी लाइलाज बीमारी का कारण बनता है। 2-3 जलेबियों में ही 300 से अधिक कैलोरी हो सकती है, जो आपके वजन को बेहिसाब तरीके से बढ़ा सकती है।

**निष्कर्ष:** समोसा और जलेबी खाने में बेशक स्वादिष्ट लगते हों, लेकिन मैदा और चीनी का इस्तेमाल होने से ये स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं। इन दिनों जब डायबिटीज, कैंसर और मोटापे जैसी परेशानियां बढ़ रही हैं, तब जुबां से पहले खाने को शरीर के लिए चुनें।

### एक्सप्रेस विशेष

# विदेशी संस्कृतियों से प्रभावित होती भारतीय 'नारी'



राजीव कुमार 'राज'

**आज आधुनिक शिक्षा एवं विदेशी संस्कृति के बहकावे में आकर नारी को अपने 'नारीत्व के बलिदान' से बचना होगा। आज यदि मानव और मानवता का अस्तित्व बचाना है तो पूर्व की भांति केंद्रीय भूमिका में नारी की गौरवमयी प्रतिष्ठा पुनः स्थापित करनी होगी।**

**भारतीय** संस्कृति विश्व की प्राचीन एवं सर्वाधिक समृद्ध संस्कृति है। यद्यपि विश्व में सभी धर्मों एवं संस्कृतियों में नारी को उच्च स्थान दिया गया है फिर भी अन्य देशों की तुलना में भारत में पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन में 'नारी' की स्थिति अत्यंत गौरवप्रद है। 'नारी' की स्थिति से किसी देश और समाज के सांस्कृतिक और बौद्धिक स्तर का पता चलता है। जिस देश में धर्म, समाज और पुरुष के नियमों में नारी को बांधकर रखा जाता है उस देश और समाज की स्थिति बदतर मानी जाती है। 'नारी' सम्पूर्ण मानवता की भी जन्मदात्री है क्योंकि मानवता के आधार के रूप में प्रतिष्ठित सम्पूर्ण सद्गुणों की वही जननी है। संसार को आगे चलाने के लिए 'नारी' का आदर्श होना अत्यंत आवश्यक है। 'अर्थववेद' में कहा गया है -'यस्य नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' अर्थात जहाँ नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। यही कारण है कि भारत में प्राचीन काल से ही नर का यह प्रयास रहा कि वह 'नारी' की गरिमा को अक्षुण बनाए रखे। वह जानता है कि यदि दवाया-सताया ना जाए और समान रूप से विकसित होने का अवसर प्राप्त हो तो मानवीय सत्ता के दोनों पक्ष (नर और नारी) समान रूप से समुन्नत होंगे। यद्यपि प्राकृतिक रूप से नर और नारी के मध्य कुछ शारीरिक और मानसिक भिन्नताएं हैंढ्ढ किन्तु यह केवल एक-दूसरे के पक्ष की कमी को पूरा करने के लिए हैं। इसके कारण किसी पक्ष को छोटा या बड़ा नहीं ठहराया जा सकता। 'शतपथ ब्राह्मण' में कहा गया है कि 'नारी', नर की आत्मा का आधा भाग है' अर्थात दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। नारी की संरचना उदारता, करुणा, ममता, श्रद्धा, सेवा जैसे महान आध्यात्मिक तत्वों की बहुलता सहित हुई है जिसके कारण उसे देवी की संज्ञा दी गई है। यही कारण है की प्राचीन काल से लेकर कुछ वर्ष पहले तक भारत में नारी के नाम के साथ 'देवी' शब्द जोड़ने का प्रचलन था, जिससे नारी सत्ता की गरिमा का सहज बोध होता था। किन्तु आज यह आधुनिकता की भेंट चढ़ गया है। ऐतिहासिक दृष्टि से, प्रत्येक कालखंड में प्राचीन काल से लेकर, मध्यकाल होते हुए आधुनिक काल तक भारत में एक लम्बी श्रंखला के रूप में महान विदूषी नारियाँ अपनी विशेषताओं के कारण विश्वविख्यात रही हैंढ्ढ यदि हम वर्तमान समय की 'नारी' की बात करें तो 'आज की नारी' हर क्षेत्र में अपना सर्वोच्च दे रही है। आज प्रशासन, शिक्षा, साहित्य, संगीत, कला, विज्ञान, चिकित्सा, कृषि, व्यवसाय, राजनीति, खेल, मीडिया और युद्ध सहित विविध विधाओं में अपनी कुशलता एवं गुणवत्ता सिद्ध करते हुए, प्रत्येक प्राप्त दायित्व एवं पद को संभालकर उसे सुशोभित कर रही है। परिवार व कैरियर, दोनों के मध्य तालमेल बैठाती आज की नारी से हर क्षेत्र प्रकाशवान हो रहा है। परंपरागत रूप से प्राप्त माँ, बहिन, बेटी, गृहणी, पत्नी, साध्वी आदि आयामों के साथ ही भाभी, सखी और शिक्षिका जैसे नए आयाम इसके साथ और जुड़े हैं। निश्चित रूप से नारी ही संस्कृति की सच्ची संवाहिका का होती है। एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में अचार-विचार, रीति-रिवाज, खान-पान, आध्यात्मिकता, मानवीय मूल्य, संस्कार, पहनावा, अच्छी आदतें आदि नारी के माध्यम से ही हस्तांतरित होते हैं। विरासत से सीखी-समझी, संस्कारों का अद्भुत ढंग से अनुपालन करने वाली अनेक सुशील और उच्च पदों पर आसीन नारियों को हम आज विविध स्थानों पर देख सकते हैं; उनसे आदर्श ग्रहण कर सकते हैं। इसके साथ ही यत्र-तत्र ऐसी नारियों की भी कमी नहीं है जो विदेशी संस्कृति का अंधानुकरण करते हुए, पतित होती हुई, अपनी संस्कृति का हनन करने पर तुली हुई हैं। पाश्चात्य संस्कृति के मोहपाश में अपना विवेक खो बैठीं यह तथाकथित आधुनिक नारियां समस्त नारी लोक में कलंकित हैं। जैसे-मेरठ की मुस्कान, गढ़वा (झारखंड) की सुनीता देवी, गिरीहीड की सोनिया खातून, अलवर (राजस्थान) की अनीता राज, मेरठ की कविता राज और इंदौर की सोनम रघुवंशी इत्यादि। जिन्होंने अपने पति को मारने में किसी गैर-मर्द यानी प्रेमी या अन्य का सहारा लिया। यदि हम अपुष्ट आंकड़ों की बात करें तो प्रतिवर्ष देशभर में औसतन 225 पतियों की हत्या, उनकी पत्नियों द्वारा कर दी जाती है। परिणामस्वरूप आज का युवा 'विवाह' नामक पवित्र संस्था को शंका की दृष्टि से देखने लगा हैढ्ढ उसके अंतःकरण में एक अनजाना-सा भय व्याप्त रहने लगा है। दुर्भाग्य से नारी का यह रूप देश के उच्च संभ्रांत परिवारों से लेकर मध्य एवं निम्न वर्गीय परिवारों में भी देखने को मिल रहा हैढ्ढ यह आधुनिक नारी की, स्वयं की उपादेयता पर आज एक बड़ा प्रश्न चिह्न है।

**अंत में, 'नारी' शब्द में इतनी ऊर्जा है कि इसका उच्चारण मात्र ही मन-मस्तिष्क को झंकृत कर देता है। मातृत्व का गौरव प्राप्त इसकी अनूठी प्राकृतिक रचना अपने लाल रक्त को श्वेत दूध के रूप में बदलकर परिपुष्ट करने की है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में 'नर' की तुलना में तत्त्व दर्शियों ने 'नारी' को अत्यंत उच्च स्थान दिया है। इतिहास-पुराणों का प्रत्येक पृष्ठ इसका साक्षी है।**

# जनसुरक्षा बनाम विभागीय निष्क्रियता: शेर के साये में जीते ग्रामीण, अकेले संघर्षरत जनप्रतिनिधि

- हर आपदा की घड़ी में पूर्ण समर्पित हैं महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, लखनऊ जाकर की मुलाकात

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**





जनपद के बरखेड़ा क्षेत्र आज एक ऐसे भयावह संकट के दौर से गुजर रहा है, जिसकी आहट जंगलों से नहीं, बल्कि प्रशासनिक दायित्वों की उपेक्षा से गूंज रही है। जंगलों से सटे गांवों में लगातार हो रहे बाघ और शेर के हमले केवल जानवरों की हिंसक वृत्ति का परिणाम नहीं, बल्कि वन विभाग की निष्क्रियता और संवेदनहीनता का जीता-जागता प्रमाण बन चुके हैं।

सोमवार को ग्राम फुलहर में खेत पर कार्यरत 54 वर्षीय किसान दयाराम लोधी की शेर के हमले में दर्दनाक मौत इस लापरवाही की सबसे ताजा मिसाल है। लेकिन इस आपदा की घड़ी में जब पूरा प्रशासन मौन है, तब एक चेहरा ऐसा है जो अपने कर्तव्यों के साथ मैदान में खड़ा हैं। वह है विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज।

### वन विभाग की चुप्पी है सबसे बड़ा खतरा

वन विभाग की चुप्पी आज आमजन के लिए सबसे बड़ा संकट बन चुकी है। लगातार हो रहे हमलों के बावजूद न तो शिकारी टीमें सक्रिय हुईं, न गश्त बढ़ी, न सुरक्षा fencing का कोई ठोस इंतजाम हुआ। ग्रामीणों की जिन्दगी शेर के साये में कट रही है। छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाने से डरते हैं, महिलाएं खेत में काम करने से घबराती हैं, और किसान खेतों को भगवान भरोसे छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। यह केवल एक स्थानीय संकट नहीं, बल्कि प्रशासनिक संवेदनहीनता का प्रत्यक्ष प्रतिबिंब है।

बरखेड़ा विधायक की यह संवेदनशीलता कोई तात्कालिक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि निरंतरता का परिचायक है। वे पूर्व में भी ग्राम करीमगंज में सांड के हमले में मारे गए परशुराम लोधी के परिजनों को चार लाख रुपये की सहायता पहुंचा चुके हैं। इसी प्रकार ग्राम मेवातपुर में शेर के हमले में जान गंवाने वाले मुकेश राजपूत के परिवार को भी उन्होंने सहायता राशि सौंपी और व्यक्तिगत संवेदना प्रकट की।

यह उनकी मानवीयता और जनप्रतिनिधित्व की पराकाष्ठा है, जहाँ वे एक महामंडलेश्वर होने के साथ-साथ एक सजग और संवेदनशील जनसेवक की भूमिका भी पूरे दायित्व के साथ निभा रहे हैं। अब यह सवाल उठता है कि आखिर कब तक एक विधायक अकेले इस लड़ाई को लड़ते रहेंगे? क्या शासन की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती कि वह ऐसे जनप्रतिनिधियों की मांगों को गंभीरता से लेकर वास्तविक समाधान प्रस्तुत करे? क्या वन विभाग को तब तक जागने की अनुमति दी जाएगी, जब तक और शव न उठ जाएं? यदि कोई विभाग जान-माल की रक्षा में विफल हो रहा है, तो उसे कठघरे में खड़ा करना आवश्यक है।

स्वामी प्रवक्तानंद का यह कथन अत्यंत प्रासंगिक है कि जनता के जीवन से बड़ा कोई नियम या विभाग नहीं हो सकता।

यदि विभाग को जगाने के लिए मुझे हर मंच पर जाना पड़े, तो मैं पीछे नहीं हटूंगा।

### जब प्रशासन चुप, तब विधायक संबल

दयाराम लोधी की मृत्यु की सूचना मिलते ही विधायक स्वयं पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे, उन्हें सांत्वना दी, आश्वासन दिया और सिर्फ यही नहीं, बल्कि अगले ही दिन लखनऊ पहुंचकर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना और प्रमुख सचिव अनिल कुमार से भेंट की। उन्होंने ना केवल घटनाओं की जानकारी साझा की, बल्कि वन्यजीव हमलों की रोकथाम हेतु सुरक्षा फेंसिंग, रात्रिकालीन गश्त, विशेष वन निगरानी टीम की तैनाती जैसे ठोस सुझाव भी प्रस्तुत किए।यह कोई पहला अवसर नहीं है। वे पूर्व में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर इस गंभीर विषय पर बात कर चुके हैं। यानी जब शासन-प्रशासन के अधिकारी बैठकों और फाइलों की भूलभुलैया में उलझे हैं, तब क्षेत्रीय विधायक एक प्रहरी की भांति जनसुरक्षा की दीवार बनकर खड़े हैं। लेकिन वन विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ था, अगर वन विभाग तुरंत ही कुछ समाधान ढूंढता तो आज एक और व्यक्ति की जान ना जाती।

### समाधान की प्रतीक्षा में गांव

बरखेड़ा क्षेत्र के गांव आज शासन की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। उन्हें किसी नियमावली या बजट की प्रतीक्षा नहीं, बल्कि सुरक्षा और जीवन की गारंटी चाहिए। यह गारंटी तभी मिलेगी जब शासन निर्णायक हस्तक्षेप करेगा और वन विभाग को उसकी जिम्मेदारी का बोध कराएगा। आज आवश्यकता केवल पशुओं को पकड़ने की नहीं, बल्कि प्रशासनिक संवेदनशीलता और दायित्व के पुनर्स्थापन की है। स्वामी प्रवक्तानंद जैसे जनप्रतिनिधियों की सक्रियता प्रेरणा है, लेकिन जब तक उनके प्रयासों को संस्थागत समर्थन नहीं मिलेगा, तब तक यह संकट विकराल होता जाएगा। यह केवल एक विधायक बनाम वन विभाग का संघर्ष नहीं है, यह जनप्रतिनिधित्व बनाम तंत्र की निष्क्रियता की लड़ाई है जिसमें जीत केवल जनता की सुरक्षा सुनिश्चित कर के ही संभव है।

# गन्ने की सुरक्षा करेंगे प्रकृति के नन्हे सिपाही, सुरक्षित होगा पर्यावरण: खुशीराम भार्गव (जिला गन्ना अधिकारी)

- पीलीभीत में जैविक कीट नियंत्रण की मुहिम से 600 एकड़ गन्ना फसल को मिला प्राकृतिक सुरक्षा कवच

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



गन्ना विकास विभाग पीलीभीत द्वारा रासायनिक कीटनाशकों के स्थान पर जैविक कीट नियंत्रण विधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। किसानों को खेतों पर ही इन तकनीकों का लाभ दिखाकर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान से न केवल उत्पादन लागत में कमी आई है, बल्कि पर्यावरण और मृदा स्वास्थ्य की रक्षा भी सुनिश्चित हुई है।गन्ना विकास परिषद पीलीभीत द्वारा अब तक जनपद के विभिन्न विकास क्षेत्रों में 600 एकड़ से अधिक गन्ना फसल को जैविक साधनों से कीट नियंत्रण उपलब्ध कराया जा चुका है। इसके अंतर्गत कुल 800 ट्राईकोकार्ड 415 किसानों में वितरित किए गए, जिससे लगभग 240 एकड़ गन्ना फसल को जैविक सुरक्षा प्राप्त हुई। बरखेड़ा क्षेत्र में 450 फनेल फेरोमोन ट्रैप 50 किसानों को प्रदान किए गए, जिनसे 100 एकड़ फसल को लाभ मिला। इसके अतिरिक्त, 100 ट्राईकोकार्ड और 55 किसानों के माध्यम से 50 एकड़ फसल सुरक्षित की गई। इसी प्रकार बीसलपुर में 200 ट्राईकोकार्ड 80 किसानों को वितरित किए गए, जिससे 100 एकड़ क्षेत्र जैविक पद्धति से सुरक्षित हुआ।

गन्ना किसानों ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि ट्राईकोकार्ड, लाइट ट्रैप, इंटेलिजेंट लाइट ट्रैप, और फेरोमोन ट्रैप के उपयोग से फसल पर कीटों का प्रभाव काफी हद तक कम हुआ है। इससे लागत में भी कमी आई है और मिट्टी की उर्वरकता बनी रहती है।

जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने किसानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रसायन मुक्त और टिकाऊ खेती को अपनाएं। उन्होंने बताया कि जैविक विधियों से केवल हानिकारक कीट ही प्रभावित होते हैं, जबकि लेडी बर्ड बीटल, सिरफिड मक्खी, क्राइसोपिला, मकड़ियाँ जैसे मित्र कीटों को कोई नुकसान नहीं होता। इसके अलावा ट्राईकोग्रामा वास्प, ब्रेकॉन वास्प, एपिरीकैनिया जैसे परजीवी कीट भी जैविक संतुलन में सहायक हैं।

डॉ. हरमीत सिंह, एक प्रगतिशील किसान, ने बताया कि वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंट आधारित साउंड-लाइट सिस्टम का उपयोग कर रहे हैं जो जंगली जानवरों और कीटों से फसल को बचाने में कारगर साबित हो रहा है। यह सिस्टम सोलर पैनल से रिचार्ज होता है और रात होते ही सक्रिय हो जाता है। इसमें लगे सेंसर से बोरर कीटों के लिए लाइट ट्रैप और जानवरों को दूर रखने के लिए साउंड सिस्टम कार्य करता है।

हाल ही में डॉ. हरमीत सिंह के फार्म पर जिला गन्ना अधिकारी, ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक बीसलपुर, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर एवं बीसलपुर चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी ने विजिट कर उनके स्मार्ट फार्मिंग मॉडल की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह जैसे किसान उन किसानों के लिए प्रेरणा हैं जो आज भी कीटनाशकों पर निर्भर हैं।गन्ना विकास विभाग का यह प्रयास न केवल खेती को सुरक्षित और टिकाऊ बना रहा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक बड़ी पहल बनकर उभर रहा है।

# बाढ़ बचाव कार्य शुरु नहीं करने पर बाढ़ खंड के खिलाफ आंदोलन करने की ग्रामीणों ने दी चेतावनी

उधर बाढ़ खंड विभाग पीलीभीत के अधिशासी अभियंता द्वारा फोन रिसीव नहीं किए जाने के कारण विभाग के पक्ष की जानकारी नहीं मिल सकी हैं।

- कटान पीड़ितों ने मुख्यमंत्री व डीएम को पत्र भेजकर शीघ्र बचाव कार्य शुरू कराने की उठाई मांग

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



हजारा। ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव श्रीनगर में बाढ़ बचाव कार्य बंद कर दिए जाने से कटान पीड़ितों ने एक बैठक करते हुए मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को पत्र भेजकर शीघ्र बचाव कार्य शुरू कराने की मांग किया है साथ ही शीघ्र बचाव कार्य शुरू नहीं होने पर बाढ़ खंड के खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी भी पीड़ित ग्रामीणों ने दिया है। पूरनपुर तहसील के ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव श्रीनगर में शारदा नदी के द्वारा ग्रामीणों की कृषि भूमि मक्का धान केला गन्ना सहित अन्य फसलों सहित कटान कर ग्रामीणों की आजीविका के साधन को निगलती जा रही है। बाढ़ खंड के द्वारा आधे अधूरे संसाधनों के साथ बचाव कार्य कराया जा रहा था इधर शारदा नदी का जलस्तर एकदम कम हो जाने पर बाढ़ खंड बचाव कार्य बंद कर दिया है जबकि पीड़ित ग्रामीणों का कहना है कि शारदा नदी का जलस्तर इस समय एकदम कम हो गया है ऐसे में बाढ़ खंड को चाहिए कि मजदूरों की संख्या बढ़ा कर एसी व जीओ बैंग लगाकर मजबूती से बाढ़ बचाव कार्य कराया जा सकता है मगर बाढ़ खंड अपनी मनमानी करते हुए बाढ़ बचाव कार्य बंद कर रखा है। कटान प्रभावित गांव श्रीनगर में मंगलवार को पीड़ितों ने एक बैठक करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन बनाते हुए पीलीभीत के जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को ज्ञापन भेजकर शीघ्र बचाव कार्य शुरू कराने की मांग किया है और साथ ही यह भी चेतावनी दिया है कि अगर बाढ़ बचाव कार्य शीघ्र शुरू नहीं किया गया तो बाढ़ खंड विभाग के खिलाफ आंदोलन करने के लिए पीड़ित ग्रामीण बाध्य होंगे। बैठक के दौरान बाढ़ बचाव कार्य बंद रखने पर बाढ़ खंड विभाग के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया है। इस मौके पर हसीब, अनिल कुमार, सूरज यादव, चंद्रिका प्रसाद, प्रेम चंद, श्याम लाल, विक्रम प्रसाद, पलकधारी, महेंद्र प्रसाद, आशा देवी, उषा देवी, जमील, सकटूराम, मुकेश सरन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सरकारी बिजली कार्यालय में दोबारा अवैध रूप से संचालित हुआ जनसेवा केन्द्र



- अधिकारियों की भूमिका पर उठे सवाल, खिड़की नंबर 5 पर चल रहा प्राइवेट केंद्र, विभागीय अनुमति तक नहीं

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

विद्युत उपखंड कार्यालय की सरकारी इमारत में एक बार फिर बिना किसी विभागीय अनुमति के निजी जनसेवा केंद्र संचालित होने का मामला सामने आया है। यह केंद्र खिड़की नंबर 5 पर चलाया जा रहा है, जबकि पास में ही खिड़की नंबर 3 और 4 पर बिजली विभाग का अधिकृत उपभोक्ता सेवा केंद्र पहले से ही कार्यरत है। बताया जा रहा है कि पूर्व में तत्कालीन एसडीओ प्रवीण कनौजिया ने इस अवैध केंद्र को काफी प्रयासों के बाद कार्यालय परिसर से हटवाया था, जिसमें पुलिस की भी मदद ली गई थी। अब एक बार फिर उच्च अधिकारियों की मेहरबानी से यह विवादित जनसेवा केंद्र दोबारा उसी स्थान पर शुरू कर दिया गया है। जब एसडीओ मोहित गुप्ता से इस विषय में जानकारी ली गई, तो उन्होंने बताया कि केंद्र उच्च अधिकारियों के निर्देश पर संचालित हो रहा है। हालांकि, केंद्र संचालक ओमप्रकाश गंगवार का नाम विभाग की किसी अधिकृत सूची में दर्ज नहीं है, न ही कार्यालय में बैठने के लिए उनके पास कोई वैध दस्तावेज हैं।इस घटनाक्रम ने सरकारी कार्यालय में मनमाने तरीके से निजी संस्थानों के संचालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना है कि विभाग इस अवैध संचालन पर क्या कार्रवाई करता है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने किया सीओ का घेराव



- नहर, खाद, आवारा पशुओं से परेशान किसान बोले- समाधान नहीं तो आंदोलन होगा तेज

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

तहसील परिसर में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) की मासिक पंचायत आयोजित की गई। इस दौरान क्षेत्रीय किसानों की ज्वलंत समस्याओं पर गहन चर्चा हुई। किसानों ने नौ सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा, जिसमें आवारा पशुओं से फसल क्षति, खाद की किल्लत, ग्राम समाज की जमीनों पर अवैध कब्जे, नहरों में समय से पानी न मिलने और शारदा नदी की कटान जैसी गंभीर समस्याएं शामिल रहीं।बैठक के उपरांत जब किसानों ने पुलिस और विद्युत विभाग से जुड़ी समस्याओं पर अधिकारियों से संवाद करना चाहा, तो क्षेत्राधिकारी द्वारा तहसील आने से इंकार कर दिया गया। वहीं विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता ने जिला स्तर पर मीटिंग का हवाला देकर मिलने से मना कर दिया। इससे आक्रोशित भाकियू कार्यकर्ताओं ने पहले तहसील परिसर में प्रदर्शन किया, फिर कोतवाली गेट और अंत में सीओ कार्यालय पहुंचकर घेराव करते हुए नारेबाजी की।करीब आधे घंटे चले धरना प्रदर्शन के दौरान सीओ मौके पर पहुंचे और किसानों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान भाकियू कार्यकर्ताओं ने माधोटांडा पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। अंततः प्रशासन के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ। भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा।

### बृज मौर्या ने की पलिया कलां विधान सभा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस। पलिया कला खीरी।** पलिया विधान सभा के अंतर्गत नगर व क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक पलिया कलां नगर में हुई, जिसमें वर्तमान परिदृश्य में कांग्रेस संगठन एवं कार्यकर्ताओं के बीच संवाद को गति देने वं पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों के प्रचार प्रसार हेतु मेहनत एवं लगन से जुटने एवं डटने पर आपसी सहमति बनी। बैठक में किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व कॉर्डिनेटर जनपद हाथरस बृज मौर्य ने कहा कि वर्तमान संगठन पदाधिकारियों द्वारा किसी व्यक्ति विशेष के लिए कार्य न करके पार्टी समर्पण की भावना से कार्य करें साथ ही समय समय पर आपस में मिल बैठ कर क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने हेतु कार्य करते रहें। जिला उपाध्यक्ष मो. अख्तर ने हर बूथ पर 2 बूथ अध्यक्ष बनाने पर जोर दिया।जिला महासचिव आबिद हुसैन ने प्रस्ताव रखा कि हर महीने कम से कम ऐसी बैठक अवश्य रखी जाए।बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व जिलाध्यक्ष आउटरीच अमर गुप्ता, पूर्व प्रधान रामचंदर सिंह, पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष आदिल खां एवं मो. हाशिम, वशिष्ठ कांग्रेसी बिकाऊ प्रसाद, संजय, इरशाद अली, सरजील अली, योगेश चन्द्र गुप्ता, राजेश यादव संदीप गौतम आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### विद्या निकेतन की छात्र संसद में कई प्रस्ताव पारित

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** मंगलवार को स्थानीय विद्यालय विद्या कुंवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज, गोला गोकर्णनाथ-खीरी में छात्र संसद की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी द्वारा की गई।बैठक में छात्र संसद द्वारा छात्र /छात्राओं की शत प्रतिशत उपस्थिति, कक्षा कार्य / गृह कार्य पूर्ण करने, विद्यालय में स्वच्छ अनुशासन का संकल्प लिया एवं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक कौशल किशोर मिश्रा द्वारा आगामी परीक्षा पर चर्चा की गई ।छात्र संसद में बालक विभाग के प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री एवं बालिका विभाग की प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री एवं कक्षा 6 से 12 के कक्षा प्रमुखों, उप कक्षा प्रमुखों ने भाग लिया।

### गोवंश बचाने में पिकअप की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** क्षेत्र में शाहजहांपुर स्टेट हाईवे के गांव मोहम्मदपुर कलां के पास पिकअप चालक ने सड़क पर घूम रहे गोवंश बचाने को लेकर वाहन अनियंत्रित हो गया जिससे बाइक चालक को जोरदार टक्कर लग जाने से बाइक चालक की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस के अनुसार सोमवार रात 11 बजे करीब हाईवे पर मोहम्मदपुर कलां के पास दिलावरपुर निवासी युसूफ 42 वर्षीय अपनी बुआ की मौत की सूचना पर दिल्ली से बाइक से घर वापस लौट रहा था। तभी पीछे से आ रही पिकअप के चालक ने गोवंश को बचाने को बचाने को लेकर अनियंत्रित हो जाने पर बाइक चालक से टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर इलाज के लिए मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया था। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त करने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी समीरा जहां, पुत्र इरफान, सावन, सदान, आजम, पुत्री आरमा को रोते बिलखते छोड़ गया पिकअप चालक मौका पाकर भाग निकला पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू की है।

### दीवार में चोरों ने लगाई सेंध

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र के चक मूसेपुर में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। सोमवार रात चोरों ने दीवार में नकब लगाकर घर में प्रवेश किया। घटना उस समय हुई जब परिवार के सभी सदस्य छत पर सो रहे थे।दिनेश मिश्रा के घर में चोरों ने पिछली दीवार में सेंध लगाई। उन्होंने घर में रखी अलमारी और संदूक को तोड़ दिया। चोरों ने करीब 5 हजार रुपए नकद, सोने-चांदी के जेवरात और कीमती कपड़ों समेत अन्य घरेलू सामान चुरा लिया।सुबह जब परिवार के सदस्य नीचे उतरे तो घर का सामान बिखरा हुआ था। अलमारी टूटी हुई थी। पीड़ित परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। खमरिया थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।ग्रामीणों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। उनका कहना है कि गांव में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। रात में पुलिस गश्त नहीं होने से चोर बेखौफ होकर वारदात कर रहे हैं। पीड़ित परिवार ने चोरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने कहा है कि जल्द ही चोरी का पर्दाफाश किया जाएगा।

### मनरेगा महिला मेटों ने रखी 7 सूत्रीय मांग एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

उत्तर प्रदेश ग्रामीण योजना कार्मिक संघ की महिला मेट कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर एक्शन लिया है। 15 जुलाई 2025 को दोपहर 12-30 बजे डीएम के प्रशासनिक अधिकारी और अतिरिक्त एसडीएम रचना ओझा को 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। महिला मेटों ने अपनी प्रमुख मांगों में पहचान पत्र जारी करने और ड्रेस कोड लागू करने की मांग की है। उन्होंने 20 से अधिक श्रमिकों वाले कार्यस्थलों पर हाजिरी लगाने का अधिकार केवल महिला मेट को देने की मांग भी रखी।ज्ञापन में महिला मेट दिवस के आयोजन की मांग की गई है। रोजगार सेवक विहीन पंचायतों में महिला मेटों को प्राथमिकता दी जाए। कार्यक्रमों में 100त्न महिला मेटों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। प्रोत्साहन राशि का निर्धारण किया जाए। नई महिला मेटों के चयन पर रोक लगाई जाए। जिलाध्यक्ष अनीता देवी के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन को बड़ी संख्या में महिला मेटों का समर्थन मिला। इस दौरान संगीता, सरला देवी, यास्मीन बानो, सोना, धनमानी यादव समेत कई महिलाएं मौजूद थीं। रागिनी, अनुपमा सिंह, सोनी मिश्रा, मोनी देवी,मनोरमा, शिल्पी देवी, मंजू देवी और आंचल तिवारी भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।

# 'हम चुनाव कर लेंगे बेहतर लोगों से, हमको हिंदुस्तान बनाना आता है'

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**




शिव की नगरी छोटी काशी के सांई मैरिज लान में बीसलपुर तहसील पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं हिंदुस्तान के वरिष्ठ पत्रकार पातीराम गंगवार के जन्म दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन हुआ। जन्मदिन केक काटकर से मनाया गया। देश के कोने कोने से आए विख्यात कवियों ने अपनी रचनाओं से लोगों को रात भर खूब गुदगुदाया। शुभारंभ विधायक अमन गिरि, राष्ट्रीय कुर्मी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वर्मा, न0पा0 अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, सदस्य जिला पंचायत पटेल शिखा अशोक कनौजिया ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कवियों व अतिथियों को आयोजक पटेल अशोक कनौजिया व पाती राम गंगवार ने अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। लखनऊ से आई श्रृंगार की मशहूर कवियत्री हेमा पाण्डेय ने कहा कि सब लोग अपने दिल से नफरतों को त्याग दें मेरी है प्रार्थना यही हिंदुस्तान से। बाराबंकी से आए हास्य कवि प्रदीप महाजन ने कहा कि करना है प्यार भाई बहन से कीजिए, माता पिता से अपने सब स्वजन से कीजिए। लखीमपुर से आए अनिल अमल ने कहा कि पांच सदी तक लड़े अनवरत लाखों हैं बलिदान दिए, कितनी पीढ़ी बीत गई है मंदिर का अरमान लिए। श्रीकांत तिवारी कांत ने कहा कि मेरे सपनों की कहानी हो गई कोई आज फिर पीरी दीवानी हो गई। हाथरस से आए हास्य के कवि देवेंद्र दीक्षित सूल ने कहा कि चारो तरफ हो सूल मत दामन बचाइए, आप भी गुलाब जैसे मुस्कराइए। मुनेंद्र प्रताप मंजुल ने कहा कि हम चुनाव कर लेंगे बेहतर लोगों से, हमको हिंदुस्तान बनाना आता है। बारांकी से आए राष्ट्रवादी कवि ओपी वर्मा ओम ने कहा कि आरती पुकारती मां कहती है बार बार एक एक पुत्र मेरा बोले वंदे मारतम, रंग द्ववेस भेदभाव जाति धर्म छोड़कर सब प्रेम रस राष्ट्र का बोले वंदे मातरम। शाजहांपुर से आए डा. इंदू अजनवी ने कहा कि नई हो चांदनी हमको नई सी धूप मिले, हमने धरती को कुरेदा तो नए कूट मिले हो सके अपनी भुजाओं में आस का संबंध, हमने जो पत्थर तरासे तो शिव के रूप मिले। पूरनपुर से आई श्रृंगार रस की कवियत्री गीता राठौर ने कहा कि करू श्रीराम को वंदन नमन प्रभु को हमारा है, यह धरती राम की पावन जहां गंगा की धारा है। कवि राजेंद्र अवस्थी किंकर, सुनीत वाजपेयी ने भी कविता पाठ किया। विधायक अमन अरविंद गिरि ने कहा कि साहित्यकारों ने हमेशा देश को सही राह अपनी वाणी से दिखाने का काम किया है। भाजपा नेता ठाकुर प्रसाद गंगवार, डॉक्टर कौशल वर्मा, डॉ आलोक वर्मा, डॉ देवराज वर्मा, महेश कनौजिया, सी पी वर्मा, राम सेवक, पंकज वर्मा,रीना वर्मा,शिवांगी वर्मा, कृष्णा देवी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा कांवरियों के लिए लगाया गया सहायता केंद्र

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सावन माह के चलते अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा मोहम्मदी रोड राधे पेट्रोल पंप के सामने जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के नेतृत्व में सहायता केंद्र खोला गया। सहायता केंद्र का उद्घाटन डॉक्टर आलोक वर्मा द्वारा किया गया। विभाग संगठन मंत्री रमाकांत अवस्थी ने पूजा अर्चना की और राकेश कनौजिया ने कहा कि गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी नाम विख्यात है यहां भगवान भोलेनाथ जी का पौराणिक मंदिर स्थित है। यहां दूर दराज से भोलेनाथ जी के भक्त कावरियां लाखों संख्या में पवित्र गंगाजल लेकर आते हैं और भगवान भोलेनाथ जी का जलाभिषेक करते हैं। हजारों की तादाद में कांवरिया नंगे पैर चलकर आते हैं जिनके पैरों में जख्म छाले पड़ जाते हैं। उन्हें उपचार की जरूरत होती है। जिसके लिए राष्ट्रीय बजरंग दल संगठन द्वारा पूरे सावन माह तक सहायता केंद्र चलेगा। जिसमें शिव भक्त की गाड़ी पार्किंग से लेकर स्वास्थ उपचार तक की सहयता की जायेंगी। इसी दौरान जिला उपाध्यक्ष अनुज वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा पूरे सावन माह में हर वर्ष साहयता केंद्र लगाया जाता है। संगठन के सभी कार्यकर्ता 24 घंटे मदद के लिए तैयार रहते हैं।

# बिना अनुमति चल रहे क्लीनिक को स्वास्थ्य विभाग ने किया सील, संचालक पर वीडियो बनाकर लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



नगर के बिजली घर रोड पर मंगलवार को एक अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया। जानकारी के अनुसार, एमओआईसी मनीष राज शर्मा के नेतृत्व में टीम ने कुमुद कमलेश क्लीनिक पर छापेमारी की। टीम के पहुंचते ही क्लीनिक संचालक ने वीडियो बनाकर जांच अधिकारियों पर सुविधा शुल्क मांगने का आरोप जड़ दिया।इस दौरान स्थानीय लोगों की भीड़ भी मौके पर एकत्र हो गई और स्वास्थ्य विभाग की टीम के खिलाफ हंगामा करने लगी। दो पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में टीम को बैरंग लौटना पड़ा। कुछ देर बाद कोतवाली से अतिरिक्त पुलिस बल पहुंचा और भीड़ को खदेड़कर स्थिति को नियंत्रित किया। एमओआईसी मनीष राज शर्मा ने बताया कि क्लीनिक संचालक को तीन दिन पहले दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जब मंगलवार को कार्रवाई की गई, तो संचालक ने उल्टा विभाग पर आरोप लगाकर भीड़ इकट्ठी कर ली। विभाग ने नियमानुसार क्लीनिक को सीज कर दिया है।

# नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में कई अहम निर्णय

## बैठक में स्ट्रीट लाइट, ओपन जिम व बारातघर निर्माण सहित अनेक प्रस्तावों पर बनी सहमति

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

नगर पालिका परिषद महराजगंज की बोर्ड बैठक अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता मंगल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ की गई, जिसके पश्चात पिछली कार्यवाही को प्रधान लिपिक बैकुण्ठनाथ यादव द्वारा अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार की उपस्थिति में पढ़कर सुनाया गया और सर्वसम्मति से अनुमोदित की गई।



नगर पालिका परिषद की बैठक में श्रावण मास को देखते हुए नगर में आवश्यक उपाय एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, एम.आर.एफ. सेन्टर को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने हेतु नियमानुसार व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। वार्ड संख्या 14 के सभासद अमितेश गुप्त ने नगर में निष्प्रयोज्य सामानों की नीलामी, उनके वार्ड में पार्क/ओपेन जिम एवं ए.बी.सी. सेन्टर निर्माण के लिए प्रस्ताव रखा, जिसे बोर्ड ने सर्वसम्मति से पारित किया। साथ ही 250 स्ट्रीट लाइट (45 वॉट) और 250 स्ट्रीट लाइट (70 वॉट) क्रय करने का निर्णय भी सर्वसम्मति से लिया गया। सीसी सड़क निर्माण से पहले पाइप लाइन कार्य को पूरा करने तथा सड़कों की सुरक्षा के लिए कार्मिकों की नियुक्ति, सभी गाड़ियों की नम्बरिंग और बेहतर मॉनिटरिंग व्यवस्था, सभी वार्डों में शाइन बोर्ड लगाने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। नगर पालिका परिषद के मुख्य गेट को ग्रेनाइट पत्थर से बनाने और विक्टोरिया लाइट लगाए जाने का भी निर्णय लिया गया। वार्ड संख्या-19 चिउरहां के सभासद राणा पटेल द्वारा उनके वार्ड में बारातघर निर्माण का प्रस्ताव रखा।

इस दौरान बैठक में दीपक, सुराती देवी, ब्रजकिशोर सिंह, जितेन्द्र कुमार, गोरखनाथ पासवान, महेन्द्र गुप्ता, राजेन्द्र गौतम, अजय कुमार गुप्ता, श्रीमती रीनू, अमितेश कुमार, श्रीमती संगीता, राहुल पाण्डेय, सदरे आलम, राणा पटेल, लालजी गुप्ता, डॉ. सिद्धार्थनाथ शुक्ल, गोरख गुप्ता, प्रमिला सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिजली कटौती, लो-वोल्टेज से नहीं मिल रही निजात

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

कसया डिवीजन पर नया ट्रांसफॉर्मर लगाए जाने के बाद भी इमिलिया और पांडेयचक विद्युत उपकेंद्रों की लो-वोल्टेज और बिजली कटौती में सुधार नहीं हो रहा। सभी फीडर एक साथ नहीं चल पा रहे। रोजाना 33 हजार आपूर्ति बाधित हो जा रही है। कुछ सुधार होने के बावजूद उपभोक्ताओं को पहले जैसी सप्लाई नहीं नहीं मिल पा रही है। कसया डिवीजन से क्षेत्र के इमिलिया और पांडेयचक विद्युत उपकेंद्रों को 33 हजार की सप्लाई आती है, मगर कसया में 63 एमवीए का ट्रांसफॉर्मर जलने के बाद 40 एमवीए का लगाकर बिजली निगम ने खानापूर्ति कर ली। ऐसे में इमिलिया और पांडेयचक उपकेंद्रों के लिए मिलने वाली आपूर्ति 33 हजार की जगह अब भी मात्र 21 हजार ही आ रही है।

इमिलिया उपकेंद्र के अवर अभियंता इरफानुल्लाह अंसारी ने बताया कि कसया से इमिलिया उपकेंद्र को आने वाली बिजली आपूर्ति पर ही पांडेयचक उपकेंद्र की भी आपूर्ति का भार डाल दिया गया है। इस पर इतना लोड सहन नहीं हो पा रहा।

# सचिव की मनमानी से किसानों को करना पड़ा निराशा का सामना

## खाद लेने केंद्र पर पहुंचे थे क्षेत्र के सैकड़ों किसान, ताला बंदी से लोगो में आक्रोश



**जन एक्सप्रेस । दूटीबारी/महराजगंज**

बरगदवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डगरूपुर स्थित साधन सहकारी समिति केंद्र पर मंगलवार को उर्वरक (खाद) लेने पहुंचे किसानों को भारी निराशा का सामना करना पड़ा। सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में किसान केंद्र पर खाद की उम्मीद में जुटे रहे, लेकिन दोपहर तक केंद्र का ताला नहीं खुला। किसानों का आरोप है कि केंद्र के सचिव मनोज गुप्ता की लापरवाही और मनमानी के चलते न तो खाद वितरण की कोई पूर्व सूचना चस्पा की गई थी और न ही निर्धारित समय पर केंद्र खोला गया। इससे किसान असमंजस और परेशानी में घण्टों खड़े रहे। किसान राजाराम गुप्ता, दिलीप कुमार, धीरेन्द्र चौधरी और इम्तियाज ने बताया कि इस समय खेती का मुख्य सीजन चल रहा है और खाद की पहले से ही किल्लत बनी हुई है। ऐसे में अगर सहकारी समिति समय पर न खुले तो किसानों की परेशानियाँ और बढ़ जाती हैं। किसानों ने कहा कि खाद वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही, जिससे गांव में लगातार असंतोष का माहौल बनता जा रहा है। मौके पर किसी जिम्मेदार अधिकारी की अनुपस्थिति ने किसानों के आक्रोश को और भड़काने का काम किया। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सहकारी केंद्रों की कार्यप्रणाली पर निगरानी रखी जाए और सचिव की मनमानी पर रोक लगाई जाए ताकि खाद वितरण समय पर और पारदर्शी ढंग से हो सके।

# बिना जांच जारी किया आय प्रमाणपत्र तो गिरेगी गाज: डीएम

## जिला प्रशासन की छवि को लेकर सख्त रुख, सभी तहसीलों को निर्देश जारी

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने आय प्रमाण-पत्रों को लेकर मिल रही शिकायतों पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि आय प्रमाण-पत्र बिना समुचित जांच के जारी करने पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि पेंशन, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की नियुक्ति, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जैसी योजनाओं में अभ्यर्थियों को आय प्रमाण-पत्र संपूर्ण जांच के उपरांत ही जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत प्राप्त होने पर यदि प्रमाण-पत्र निरस्त करना पड़ा, तो प्रस्ताव देने वाले और जारी करने वाले अधिकारी/कर्मचारी दोनों जिम्मेदार माने जाएंगे और उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि प्रमाण-पत्र निरस्त होने की स्थिति में न केवल नियुक्तियों और योजनाओं में बाधा आती है, बल्कि इससे जिला प्रशासन की साख भी प्रभावित होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस आदेश के अनुपालन से भविष्य में इस तरह की शिकायतों में कमी आएगी।




## करंट की चपेट में आने से राजगीर मिस्त्री की मौत

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के नरचोचवा गांव के धर्मपुर में सोमवार की सुबह घर में बिजली का तार जोड़ते समय राजगीर मिस्त्री की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजन उन्हें तत्काल कोटवा सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार, धर्मपुर गांव निवासी 45 वर्षीय मोतीलाल चौहान राजगीर मिस्त्री का काम करते थे।

सोमवार की सुबह करीब 11 बजे अपने घर में बिजली का तार जोड़ रहे थे। इसी दौरान वे करंट की चपेट में आ गए, जिससे वे अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी कोटवा ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# डीएम ने बीएसए कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

## रिकॉर्ड व्यवस्थित करने में जुटे कर्मचारी, दिए साफ-सफाई और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मंगलवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की सूचना मिलते ही कार्यालय में हड़कंप मच गया। कर्मचारी अभिलेखों को व्यवस्थित करने में जुट गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वित्त लेखाधिकारी कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान शाखा समेत विभिन्न पटलों का जायजा लिया। उन्होंने सेवानिवृत्त कार्मिकों की पेंशन से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली और उन्हें समयबद्ध ढंग से निपटाने के निर्देश दिए। सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत सहायक वित्त लेखाधिकारी को शिक्षामित्रों व अनुसेवकों के मानदेय का समय से भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं डीसी एमडीएम को बच्चों को मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) में फल उपलब्ध कराने एवं रसोइयों को नियमित भुगतान करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने न्यायिक वादों से संबंधित फाइलों की भी समीक्षा की और अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव, कार्यालय में सफाई तथा निष्प्रयोज्य दस्तावेजों के नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पटल सहायकों को अपने कक्ष और पटल के बाहर नाम पट्टिका लगाने का आदेश भी बीएसए ऋद्धि पांडेय को दिया।



# फर्जी मुकदमे और विद्यालय बंदी के खिलाफ सड़क पर उतरे कांग्रेसी

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

कांग्रेस पार्टी ने वाराणसी में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं अन्य 10 नेताओं के विरुद्ध दर्ज फर्जी मुकदमे और प्रदेश सरकार द्वारा 5000 विद्यालयों को बंद करने के विरोध में सोमवार को फरेंदा तहसील मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए सड़कों पर मार्च किया और उप जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा है। विरोध प्रदर्शन की अगुवाई कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व एडवोकेट विजय सिंह ने की। उनके साथ प्रदेश के पूर्व महासचिव त्रिभुवन नारायण मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष झिनकू चौधरी, मीडिया चेयरमैन जयप्रकाश लाल उपस्थिति रही। विजय सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार विपक्षी दलों के नेताओं पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर लोकतंत्र का गला घोंटने का काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी इस दमनात्मक रवैए का पुरजोर विरोध करती है। कांग्रेस के वक्ताओं ने सरकार पर तीखे प्रहार किए और इसे लोकतंत्र के खिलाफ बताया।




## चीन में बढ़ाएंगी गोरखपुर का मान

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

प्रतियोगिता से पहले गुजरात के गांधीनगर स्थित साई सेंटर में कैंप कर रही थीं। एक महीने तक चले प्रशिक्षण में बेहतर प्रदर्शन के बाद इनका चयन चैंपियनशिप के लिए हुआ है। चीन में 17 जुलाई से आयोजित 11वीं एशियाई अंडर-18 यूथ महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए गोरखपुर की दो खिलाड़ी वैष्णवी सिंह और अनन्या यादव का भारतीय टीम में चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 26 जुलाई तक आयोजित होगी। दोनों खिलाड़ी चीन के लिए रवाना हो गई हैं। प्रतियोगिता से पहले गुजरात के गांधीनगर स्थित साई सेंटर में कैंप कर रही थीं। इनके चयन पर उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पांडेय, जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ. राजेश यादव, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट डॉ. त्रिलोक रंजन, संजय राय, मंजुला पाठक आदि ने बधाई दी है।

# शौचालय निर्माण में घोटाला: ग्राम प्रधान व दो सचिवों पर एफआईआर

## ग्राम पंचायत में 218 शौचालय सिर्फ रिकॉर्ड में, धरातल पर शून्य

- ज़ीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई, अन्य ग्राम पंचायतों की भी होगी जांच: डीएम

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जनपद के ग्रामपंचायत मदरहा ककटही में शौचालय निर्माण योजना में बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) की जांच में सामने आया है कि वर्ष 2015 से 2020 के बीच 219 शौचालयों में से 218 शौचालय केवल कागजों पर बने और इन पर 26 लाख रुपए से अधिक की सरकारी धनराशि निकाल ली गई।

महराजगंज जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर संबंधित विभाग द्वारा जांच में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित शौचालय जमीन पर अस्तित्व में ही नहीं हैं। बावजूद इसके सरकारी रिकॉर्ड में कार्य पूर्ण दर्शाया गया और धन की निकासी कर ली गई है। मामले में डीपीआरओ श्रेया मिश्रा की रिपोर्ट के आधार पर ग्राम प्रधान नजरे आलम, तत्कालीन सचिव मिलिंद्र चौधरी और संतोष कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया गया है। साथ ही दोनों सचिवों को निलंबित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जाएगा। ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के तहत दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अन्य ग्राम पंचायतों की भी जांच की जाएगी और दोषियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# हथौड़े से पीटकर बुजुर्ग की हत्या: घर के अंदर मिली लाश, कमरे में बिखरा पड़ा था खून

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

धौला पंडित गांव निवासी रामआशीष की दूसरी पत्नी सुशीला देवी और उनके पुत्र रोहन कोलकाता में रहते हैं। वह गांव पर अकेले रहते थे। सुबह कमरे में उनका शव खून से लथपथ मिला। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। जानकारी होने पर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई।



क्षेत्र के धौला पंडित गांव निवासी रामआशीष पांडेय 65 वर्ष पुत्र अवधशरण पांडेय का शव मंगलवार की सुबह कमरे में खून से लथपथ मिला। कमरे के अंदर ही कुछ दूरी पर एक हथौड़ा भी बरामद हुआ है। जबकि सामान बिखरा हुआ था। जानकारी होने पर गांव में सनसनी फैल गई।

सूचना पर सीओ अंशुमन श्रीवास्तव और इंस्पेक्टर राहुल सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। फारेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाया। धौला पंडित गांव निवासी रामआशीष की दूसरी पत्नी सुशीला देवी और उनके पुत्र रोहन कोलकाता में रहते हैं। वह गांव पर अकेले रहते थे। सुबह कमरे में उनका शव खून से लथपथ मिला। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। जानकारी होने पर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल को बैरीकेड कराकर जांच शुरु कर दिया। लोगों के अनुसार रामआशीष कमरे में मृत अवस्था में, जबकि दरवाजा खुला हुआ था।

उनके शरीर पर तीन जगह जख्म के गहरे निशान थे। वहीं बाक्स का कुछ सामान फर्श पर बिखरा पड़ा था। बताया जा रहा है कि रामआशीष की पहली पत्नी से तीन पुत्रियां हैं। जिनकी शादी हो चुकी है।

## बिना मान्यता का संचालित हो रहा स्कूल सील

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

खंड शिक्षा अधिकारी व नायब तहसीलदार की संयुक्त जांच में एक प्राइवेट प्राथमिक स्कूल बिना मान्यता संचालित होता पाया गया। स्कूल सील करते हुए प्रबंधन को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। इसके बाद टीम तीन और स्कूलों पर पहुंची जो भनक मिलते ही बंद कर फरार हो गए। इन स्कूल संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी अमित चौहान व नायब तहसीलदार, खड्डा पुलिस के साथ करदह गांव स्थित उज्ज्वल एकेडमी पहुंचे। जांच में स्कूल बिना मान्यता का संचालित होता मिला। बच्चों को बाहर निकालकर स्कूल को सील कर दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रबंधक/प्रधानाचार्य को नोटिस जारी करते हुए बच्चों को नजदीक के सरकारी स्कूल में नामांकन कराने के निर्देश देते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है।

# दौड़ते-दौड़ते अचानक लड़खड़ा गए पांव...एसएसबी जवान बेहोश, मेडिकल कॉलेज में हो गई मौत

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

मृतक की पहचान हिमाचल प्रदेश के जिला कागडा भारी वैजनाथपुर निवासी रमेश कुमार (45) के रूप में हुई। वह एसएसबी में तैनात थे। मंगलवार की सुबह फर्टिलाइजर एसएसबी ग्राउंड में दौड़ते समय अचानक पांव लड़खड़ाने लगे और वह जमीन पर गिर गए।



फर्टिलाइजर एसएसबी ग्राउंड में मंगलवार की सुबह दौड़ते समय एक जवान बेहोश होकर गिर गया। इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कालेज ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक की पहचान हिमाचल प्रदेश के जिला कागडा भारी वैजनाथपुर निवासी रमेश कुमार (45) के रूप में हुई। वह एसएसबी में तैनात थे। मंगलवार की सुबह फर्टिलाइजर एसएसबी ग्राउंड में दौड़ते समय अचानक पांव लड़खड़ाने लगे और वह जमीन पर गिर गए। वहां मौजूद साथी तत्काल इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज में ले गए। डॉक्टरों का कहना है की हार्ट अटैक से मौत हो सकती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

डेब्यू से पहले पापा को दिखाती थी

# प्रैक्टिस वीडियो, मिलती थी सलाह: शनाया कपूर

आंखों की गुस्ताखियां से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस शनाया कपूर ने बताया कि उनके माता-पिता संजय कपूर और महीप कपूर उनके सबसे सच्चे सलाहकार हैं।

इंटरव्यू में जब शनाया कपूर से पूछा गया कि उनके माता-पिता ने उनके डेब्यू पर क्या प्रतिक्रिया दी, तो उन्होंने बताया कि उनके पापा संजय कपूर हमेशा से उन्हें सही राय देने वाले इंसान हैं। जब वह अपनी फिल्म की तैयारी कर रही थीं, तो वह अपने प्रैक्टिस वीडियो पापा को दिखाती थीं। वीडियो देखने के बाद उन्होंने हर बार सीधी और साफ बात कही, जो चीज अच्छी लगी, उसकी तारीफ की, और जो सुधारने लायक थी, वो भी साफ-साफ बता दी। शनाया कपूर ने कहा, मेरे पापा मेरे सबसे सच्चे सलाहकार हैं। जब भी मैं अपनी एक्टिंग की तैयारी कर रही होती थी या कोई प्रैक्टिस वीडियो पापा को दिखाती, तो वह सीधी और सच्ची राय देते थे। कहां सुधार की जरूरत है और कौन-सी चीजें मैं और अच्छे से कर सकती हूं, वह सबकुछ बताते थे। मेरी मम्मी भी बिल्कुल साफ-साफ बात करती हैं। मेरे माता-पिता हमेशा ईमानदारी से फीडबैक देते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि फिल्म इंडस्ट्री बहुत सख्त है, यहां किसी को आसानी से जगह नहीं मिलती, इसके लिए मेहनत करनी पड़ती है। उन्होंने कहा, ये मौका जिंदगी में एक बार ही मिलता है और मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि मुझे यह मिला है। अब जब मुझे यह मौका मिला है, तो मैं चाहती हूं कि इसका पूरा फायदा उठाऊं। मुझे इस इंडस्ट्री में अपनी जगह खुद बनानी होगी और लोगों का प्यार और अपनापन भी खुद कमाना होगा। मेरे माता-पिता यह बात समझते हैं कि इसमें समय और बहुत मेहनत लगती है, इसलिए वे हमेशा मेरे और मेरे काम के प्रति ईमानदार रहते हैं। वे कभी-कभी कड़ी और सख्त बातें भी बोलते हैं, जो सुनना आसान नहीं होता। शनाया कपूर ने एक्टर होने की जिम्मेदारी के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, एक एक्टर होने के नाते, आपकी जिम्मेदारी दर्शकों के प्रति होती है और जब आप कैमरे के सामने होते हैं, तो आपको ईमानदारी से अपना बेस्ट देना होता है। ऐसा कुछ पाना आशीर्वाद की तरह होता है, क्योंकि जो काम आप कैमरे के सामने करते हैं, वह हमेशा के लिए रिकॉर्ड होता है। कई बार जब कोई सीन खत्म होता है, तो यह सोचकर अजीब और बहुत खास महसूस होता है कि जो मैंने अभी किया, वह हमेशा के लिए कैमरे में कैद हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि इसी वजह से उनके माता-पिता हमेशा उनके साथ ईमानदार रहे हैं। एक्ट्रेस ने कहा, मैं उनके इस ईमानदार रवैये के लिए दिल से शुक्रगुजार हूं।





## ईशा कोप्पिकर ने साझा की मानसिक स्वास्थ्य और शोहरत के पीछे छुपे मानसिक दबाव की कहानी

अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर, जिन्हें क्या कूल हैं हम, कृष्णा कॉटेज, एक विवाह ऐसा भी, शबरी और डॉन जैसी फिल्मों में उनके यादगार किरदारों के लिए जाना जाता है, हाल ही में मानसिक स्वास्थ्य की प्रमुख पक्षधर बनकर उभरी हैं। फिल्म इंडस्ट्री में अपने उतार-चढ़ाव भरे सफर से सबक लेते हुए, वह आत्म-मूल्य, इंटेंसिटी और भावनात्मक कल्याण को लेकर खुले संवाद को प्रोत्साहित कर रही हैं। एक ऐसी दुनिया में जहाँ चकाचौंध अक्सर गहरे निजी संघर्षों को छुपा देती है, उनकी ईमानदारी ताजगी भरी और बेहद ज़रूरी है। ईशा ने बताया, प्रसिद्धि दोधारी तलवार की तरह होती है। एक तरफ आपको सराहना और सफलता मिलती है, लेकिन दूसरी तरफ़, ऐसी उम्मीदों पर खरा उतरने का लगातार दबाव रहता है जो हमेशा वास्तविक नहीं होतीं। उन्होंने स्वीकार किया, आपसे उम्मीद की जाती है कि आप मुस्कराते रहें, चाहे अंदर से टूटे हुए हों।

लंबे समय तक मुझे यह नहीं पता था कि 'मैं ठीक नहीं हूँ' कहना भी एक विकल्प है। मुझे लगता है कि इंडस्ट्री में और लोगों को यह सुनने की ज़रूरत है कि कभी-कभी खुद को थका हुआ या हारा हुआ महसूस करना भी इंसानी बात है – और यह जरूरी नहीं कि आप चुप रहकर सब कुछ सहें। लगातार परफॉर्म करने, हर समय परफेक्ट दिखने और प्रासंगिक बने रहने का दबाव मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डालता है – फिर भी बहुत कम लोग इस बारे में खुलकर बात करते हैं। ईशा का यह कदम इन पुराने और हानिकारक सोचों को चुनौती दे रहा है जो भावनात्मक कमज़ोरी को कमजोरी समझते हैं। उनका यह सशक्त संदेश उन सभी लोगों के लिए है जो चुपचाप संघर्ष कर रहे हैं। आप जैसे हैं, वैसे ही पर्याप्त हैं।

यह एक साधारण सच है जिसे हम में से कई लोग भूल जाते हैं, खासकर उस दुनिया में जहाँ हर चीज़ को फ़िल्टर और परफेक्शन के नाम पर सजाया-संवारा जाता है। ईशा कोप्पिकर के ये ईमानदार विचार मनोरंजन जगत में सफलता, मजबूती और आत्म-देखभाल के प्रति नज़रिए को नया रूप देने में मदद कर रही हैं। ऐसे समय में जब सोशल मीडिया अक्सर असुरक्षा और अवास्तविक उम्मीदों को बढ़ावा देता है, उनका संदेश दिल को छू जाता है।

# राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' में शिव राजकुमार हुए शामिल



बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म पेद्दी के निर्माताओं ने शनिवार को कन्नड़ सुपरस्टार शिव राजकुमार को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है। इसके साथ ही फिल्म में उनके किरदार के नाम और लुक का खुलासा किया है। आपको बताते चलें कि पेद्दी में मुख्य भूमिका में राम चरण नजर आएंगे। पेद्दी के निर्माताओं ने अभिनेता को बर्थडे का खास तोहफा देते हुए उनके लुक को रिवील किया है। पेद्दी फिल्म के प्रोडक्शन हाउस वृद्धि सिनेमाज ने अपने एक्स अकाउंट पर अभिनेता के लुक को जारी करते हुए कैप्शन दिया, 'टीम 'पेद्दी' शिव राजकुमार को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती है। इसके साथ वह फिल्म में गौरनायडू के किरदार में बड़े पर्दे पर धमाकेदार वापसी करेंगे।'



# अब रोमांटिक फिल्मों के मौके कम मिलते हैं

अभिनेता आर. माधवन की हाल ही में रोमांटिक फिल्म आप जैसा कोई रिलीज हुई, जिसमें उन्होंने संस्कृत के टीचर श्रीरेणु त्रिपाठी का किरदार निभाया। माधवन ने बताया कि कैसे समय के साथ अब रोमांटिक फिल्मों में काम करने के अवसर कम होते जा रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए माधवन ने बताया कि उन्हें इसमें क्या खास लगा।

उन्होंने कहा, मैंने इस फिल्म को इसलिए नहीं चुना कि मैं रोमांटिक फिल्मों में वापसी कर लूं, बल्कि इसलिए चुना क्योंकि इसकी कहानी दिलचस्प थी, मेरी उम्र के हिसाब से थी और आज के समय से जुड़ी थी। लव स्टोरी में अभिनय करने के बहुत कम मौके बचे हैं और ऐसे मौके और भी कम होते हैं जो सच्चे और असली लगें। फिल्म में फातिमा सना शेख के साथ काम करने के बारे में उन्होंने कहा, फातिमा बेहद टैलेंटेड कलाकार हैं। वो बहुत ही प्यारी हैं, और मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। उन्हें जानने के लिए शूटिंग का समय सच में बहुत कम था। इससे पहले फातिमा सना शेख ने भी फिल्म में माधवन के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव साझा किया था। उन्होंने कहा था, मैं आर. माधवन की बहुत बड़ी फैन रही हूं और उनके साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका पाकर बेहद खुशी हो रही है। वह बहुत ही समझदार और होशियार हैं। मैंने सेट पर हर दिन उनसे कुछ नया सीखा है। आप जैसा कोई फिल्म में आर. माधवन और फातिमा सना शेख के अलावा, आयशा रजा, मनीष चौधरी और नमित दास भी अहम रोल में हैं। फिल्म की कहानी दो ऐसे लोगों की है, जो बिल्कुल अलग-अलग दुनिया से आए हैं। कहानी की शुरुआत होती है, जमशेदपुर के एक संस्कृत शिक्षक श्रीरेणु त्रिपाठी से, जो 42 की उम्र में भी अविवाहित हैं और खुद को समझदार और शांत स्वभाव का मानते हैं, लेकिन भीतर ही भीतर अकेलेपन से जूझ रहे हैं। इस अकेलेपन से बाहर निकलने के लिए वह एक ऑनलाइन चैटिंग ऐप का सहारा लेते हैं, जहां उनकी मुलाकात कोलकाता की एक आत्मनिर्भर और खुले विचारों वाली फ्रेंच टीचर मधु बोस से होती है। मधु का किरदार फातिमा सना शेख ने निभाया है।

मधु का जीवन श्रीरेणु से बिल्कुल अलग है, वह रिश्तों में कई बार टूटी है, लेकिन हर बार और मजबूत बनकर उभरी है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे अलग सामाजिक सोच और जीवनशैली के बावजूद दो इंसान एक-दूसरे के करीब आते हैं। दोनों की पसंद-नापसंद अलग होते हुए भी भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता है, उनके बीच की वैचारिक दूरियां उभरने लगती हैं। यही टकराव फिल्म को गहराई देता है।

# फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी से जुड़े जैकी श्रॉफ

कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे अपकमिंग फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में एक साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग जारी है। ऐसे में अब इस फिल्म से जाने माने अभिनेता जैकी श्रॉफ भी जुड़ गए हैं। इसकी जानकारी कार्तिक आर्यन ने खुद अपनी एक इंस्टाग्राम पोस्ट से दी है।

### कार्तिक आर्यन ने शेयर किया वीडियो



कार्तिक आर्यन ने एक वीडियो के जरिए बताया है कि उनकी फिल्म में जैकी श्रॉफ की एंट्री हुई है। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर सेट से एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कार्तिक और जैकी एक गाने पर मजे कर रहे हैं। जैकी श्रॉफ ने टोपी और चश्मा लगाया है। वह दर्शकों को फ्लाइंग किस दे रहे हैं।

### मेकर्स ने शेयर किया पहला लुक

इससे पहले फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म के सेट से कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे का पहला लुक जारी किया था। पोस्टर में नजर आ रहा था कि दोनों ने अपने हाथ में पासपोर्ट लिया हुआ था और समुद्र के किनारे एक दूसरे को किस कर रहे थे। पोस्टर से लग रहा था कि यह फिल्म रोमांटिक होने वाली है।

### फिल्म के बारे में

फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी वैलेंटाइन डे के मौके पर 13 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले किया गया है। इसकी कहानी अभी गुप्त रखी गई है। समीर विद्वांस द्वारा निर्देशित यह फिल्म, कार्तिक आर्यन और समीर विद्वांस की दूसरी फिल्म है। इससे पहले उन्होंने सत्यप्रेम की कथा में काम किया था।

### कार्तिक और जैकी का काम

आने वाले महीनों में, कार्तिक फुकरे फेम निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा द्वारा निर्देशित नागजिला में भी नजर आएंगे। नागजिला 14 अगस्त, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

दूसरी ओर, जैकी श्रॉफ जल्द ही अनुपम खेर द्वारा निर्देशित तन्वी द ग्रेट में नजर आएंगे। यह फिल्म 18 जुलाई को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# सार्थक प्रतिनिधित्व पर जियोर्जिया एंड्रियानी ने की बात

हाल ही में अभिनेत्री जियोर्जिया एंड्रियानी ने सिनेमा में महिलाओं के चित्रण विशेष रूप से भारतीय फिल्मों के सदाबहार डांस नंबर्स को लेकर एक महत्वपूर्ण चर्चा की शुरुआत की है। अपने काम के प्रति विचारशील दृष्टिकोण के लिए जानी जाने वाली जियोर्जिया ने यह स्पष्ट किया कि



नारीत्व का उत्सव मनाना और महिलाओं को केवल आकर्षण का साधन बनाना, दोनों में बुनियादी अंतर है। उनके विचारों ने यह उजागर किया कि फिल्म इंडस्ट्री किस तरह मनोरंजन और महिलाओं के प्रति सम्मानजनक प्रस्तुति के बीच संतुलन बना सकती है। डांस सीक्वेंस और सिनेमा में महिलाओं की भूमिका पर खुलकर बोलते हुए जियोर्जिया ने एक संतुलित और सूक्ष्म नजरिया पेश किया। जिसने इस मुद्दे की जटिलता को स्वीकार किया। उन्होंने बताया, एक सीन को किस सोच के साथ गढ़ा गया है और उसे कैसे जीवंत किया गया है, यही सबसे अहम होता है।

जब सही तरीके से किया जाए, तो डांस नंबर्स बेहद सशक्त हो सकते हैं और महिलाओं की खूबसूरती, आत्मविश्वास और ताकत का उत्सव बन सकते हैं। मैं ऐसे प्रोजेक्ट्स की ओर आकर्षित होती हूँ जो किसी महिला के केवल शारीरिक रूप-रंग के बजाय उसकी आंतरिक शक्ति और आत्मविश्वास को उजागर करते हैं। उनकी यह सोच इस बात पर ज़ोर देती है कि दर्शकों को स्क्रीन पर सिर्फ़ जो दिखता है, उससे आगे जाकर यह भी समझना ज़रूरी है कि उस रचनात्मक निर्णय के पीछे का उद्देश्य और संदेश क्या है। अभिनेत्री ने महिलाओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करते हुए कलात्मक अखंडता बनाए रखने वाली परियोजनाओं का हिस्सा बनने की अपनी प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया।

# बिहाइंड द सीन्स राहु केतु के रिहर्सल में पुलकित सम्राट का रहस्यमय खुलासा?

बॉलीवुड अभिनेता पुलकित सम्राट ने अपनी आगामी फिल्म राहु केतु की डांस रिहर्सल से जुड़ी एक अनूठी झलक साझा कर एक बार फिर अपने अभिनय के प्रति गहरे समर्पण



को साबित किया है। इस बीटीएस (बिहाइंड द सीन्स) वीडियो में पुलकित एक बिल्कुल अलग अंदाज़ में नजर आ रहे हैं - ढीली पोल्का-डॉट धोती पैंट और स्लीवलेस काली टी-शर्ट में, उनकी हर हलचल में एक कच्ची, सच्ची और जोशीली ऊर्जा दिखती है, जो सीधे दिल को छूती है। इस वीडियो के साथ पुलकित ने एक बेहद दिल छू लेने वाला और रहस्यमय कैप्शन लिखा है, जिसने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। उन्होंने लिखा, रिहर्सल- वो अजीब सी जगह, जहां बुरे और बेहतरीन के बीच का फर्क धुंधला हो जाता है। यह वाक्य एक कलाकार की उस नाजुक और सच्ची अवस्था को दर्शाता है, जहाँ वे अपनी कला को निखारने के लिए खुद को पूरी तरह झोंक देते हैं। यह वह जगह है जहाँ खामियां दूर होती हैं और प्रतिभा चमकती है, जहाँ अभ्यास और सुधार एक-दूसरे में घुल-मिल जाते हैं।

पुलकित सम्राट, जो अपने हर किरदार में पूरी तरह डूब जाने के लिए जाने जाते हैं, उनका यह बयान याद दिलाता है कि किसी भी कला को निखारने के लिए की गई तैयारी केवल चमक-दमक या ग्लैमर से भरी नहीं होती। इसमें अथक पसीना बहाना, अनवरत संघर्ष और अपने आप को कला के प्रति पूरी तरह समर्पित कर देना शामिल होता है। यह एक कलाकार की आंतरिक यात्रा है, जहाँ वे अपनी सीमाओं को तोड़ते हैं और कुछ असाधारण बनाने के लिए जूझते हैं। यह खामोशी और एकाग्रता का एक अजीब मिश्रण है, जहाँ कलाकार अपने सबसे कच्चे रूप में होता है। उनकी आगामी फिल्म राहु केतु के नाम से ही द्वैत और आंतरिक संघर्ष जैसे गहरे विषयों की झलक मिलती है। पर्दे के पीछे पुलकित की यह गहन मेहनत पहले से ही लोगों की दिलचस्पी बढ़ा रही है कि वह इस फिल्म में किस तरह के जटिल किरदार को पर्दे पर जीवंत करेंगे। उनकी यह प्रतिबद्धता दर्शकों में फिल्म के प्रति उत्सुकता पैदा कर रही है।

# पवन कल्याण की हरि हर वीर मल्लु को सेंसर बोर्ड से मिली हरी झंडी

### कब रिलीज होगी फिल्म?

इस फिल्म का 20 जुलाई को एक प्री-रिलीज कार्यक्रम भव्य स्तर पर होने वाला है। पवन कल्याण की इस फिल्म को लेकर सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि इंटरनेशनल स्तर पर क्रेज है। फिल्म की एडवांस बुकिंग संयुक्त राज्य अमेरिका में शुरू हो चुकी है। यह फिल्म तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। फिल्म में एक्शन के साथ-साथ इमोशन और ड्रामा का तड़का है। यह फिल्म 24 जुलाई, 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि फिल्म पहले मई में रिलीज होने वाली थी। फिर रिलीज डेट 25 जून तय हुई, मगर यह जून में रिलीज नहीं हो सकी।


अभिनेता पवन कल्याण की फिल्म हरि हर वीर मल्लु का दर्शकों को इसका बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म इसी महीने सिनेमाघरों में लगने वाली है। दर्शकों तक पहुंचने में इसे सिर्फ दस दिन शेष हैं। फिल्म को लेकर जबर्दस्त बज बना हुआ है।

### सेंसर बोर्ड ने की फिल्म की तारीफ

तेलुगु 123 की रिपोर्ट के मुताबिक सेंसर बोर्ड ने कथित तौर पर इस फिल्म की मनोरंजक कहानी और भव्य दृश्यों की तारीफ की है। हरि हर वीर मल्लु का रनटाइम दो घंटे 42 मिनट है। इस अवधि में यह फिल्म दर्शकों को शानदार मनोरंजन का अनुभव देगी।

### क्या है फिल्म की कहानी?

इस फिल्म का निर्देशन कृष जगरलामुदी और एएम ज्योति कृष्णा ने किया है। कहानी 17वीं सदी के मुगल काल में वीर मल्लु नाम के एक विद्रोही डाकू के जीवन पर आधारित है। पवन कल्याण फिल्म में लीड रोल कर रहे हैं। इसके अलावा बॉबी देओल, निधि अग्रवाल, वेनेला किशोर, सुनील, सत्यराज और पूजिता पोन्नदा जैसे कलाकार भी फिल्म में अहम भूमिकाएं निभा रहे हैं। फिल्म का संगीत एम.एम. कीरवानी ने दिया है।



साभार एजेंसी

# पेंशन नियमो में बदलाव के विरोध में कर्मचारियों शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट में भरी हुंकार

- विद्यालय मर्जर को लेकर पेंशनर्स, शिक्षक भी हुए आक्रोशित
- प्रदेश सरकार के खिलाफ लगाए जोरदार नारा बोले उत्पीड़न अब बर्दाश्त नहीं

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जौनपुर प्रदेश और केंद्र सरकार की दोषपूर्ण नीतियों के विरोध में मंगलवार को सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के बैनर तले हजारों की संख्या में कर्मचारियों, शिक्षको ने कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन कर धरना दिया।
सात सूत्री मांगों व वित्त बिधेयक 2025के माध्यम से पेंशनरी नियम मे किए गए बदलाव को वापस लेने की मांग जोरदार तरीके से उठाई। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष सीबी सिंह ने कहा कि आठवे बेतन आयोग के गठन का गजट नोटीफिकेशन पेन्शनर्स के टर्मस रिफरेन्स के उल्लेख सहित जारी करने,पेंशनर्स के महगाई राहत का शासनादेश कार्यरत कर्मचारियो महगाई भत्ता के साथ जारी किया जाय। उन्होंने मांग किया कि कार्यरत कर्मचारियो को पुरानी पेंशन देने,पेंशन के राशिकरण की कटौती पन्द्रह बर्ष से घटाकर दस वर्ष करने,कोविडकाल मे रोके गये अठ्ठारह माह के महगाई राहत को दिया जाय। प्राथमिक विद्यालय के मर्जर की कार्यवाई वापस लेने की मांग किया। राजपत्र (गजटनोटीफिकेशन)पेंशनर्स के टर्मसरिफरेन्स के उल्लेख सहित तत्काल जारी करने एवं प्राथमिक विद्यालय को कम छात्र संख्या के आधार पर पेयरिगं के नाम पर बन्द न करने की सरकार से मांग किया।
धरना-प्रदर्शन सभा मे अनुस्मारक ज्ञापन को सर्व सम्मत से पास करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधान मन्त्री व मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ को भेजे जाने का समर्थन किया। धरना स्थल पर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के तौर पर नगर मजिस्ट्रेट इन्द्रनंदन सिंह ने पहुंच कर ज्ञापन प्राप्त किया।

### शिक्षक महासंघ ने भी धरने को दिया समर्थन

शिक्षक महासंघ व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरविन्द शुक्ला ने अपने सम्बोधन में वित्त बिधेयक 2025 का बिरोध करते हुए पेंशनर्स को आठवे बेतन आयोग मे पेंशन पुनरीक्षण एवं महगाई राहत से डी लिकं (अलग) करने की सरकार के साजिश का जोरदार बिरोध किया।
उन्होंने कहा कि संगठन कर्मचारियों के हक और उनके वसूल के लिए हर स्तर पर संघर्ष के लिए पूरी तरह से तैयार है। श्री शुक्ला ने पेंशनर्स के साथ शिक्षको के सहयोग का संकल्प व्यक्त किया।

### कर्मचारी हितों के लिए भारी जोरदार हुंकार

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से इं0 प्रमोद कुमार सिह, सम्प्रेक्षक रामआसरे रजक,नरेन्द्र त्रिपाठी,राम अवध यादव,बी डी सिंह , डा0 आशाराम, सुबेदार यादव, केपी सोनकर, नन्दलाल सरोज, कंचन सिंह, कृष्ण कुमार त्रिपाठी,सुक्खुराम राजपति विश्र्वकर्मा,हीरालाल पाण्डेय,इ बेचन मिश्र ,मदनमोहन सोनकर, रामअवध लाल, चन्द्रशेखर सिह ,मन्जंरानी राय मुख्य रहे। धरना का संचालन जिला मन्त्री कृपाशंकर उपाध्याय ने किया।

# डायट में ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाताओं का पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शुरू

जन एक्सप्रेस । बस्ती



दीप प्रज्वलन कर प्रशिक्षण की शुरुआत करते डायट प्रवक्ता शशिदर्शन त्रिपाठी

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पांच दिवसीय एफएलएन एवं एनसीईआरटी आधारित पाठ्य पुस्तकों का ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाता प्रशिक्षण का शुभारंभ डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के निर्देशन में मंगलवार को हुआ। प्रशिक्षण के नोडल प्रवक्ता अलीउद्दीन ने कहा कि प्रशिक्षण पूरा करने के बाद ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण को निर्धारित समय में पूरा कराते हुए प्रशिक्षण के मूल उद्देश्यों को विद्यालय तक पहुंचाने का दायित्व संदर्भदाताओं पर है। राज्य परियोजना कार्यालय से पर्यवेक्षक के रूप में आए अनिल कुमार ने प्रशिक्षण की उपयोगिता के विषय में बताया। संदर्भदाता प्रवक्ता वन्दना चौधरी, एसआरजी अंगद पाण्डेय और आशीष श्रीवास्तव ने बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान तथा एनसीईआरटी की ओर से जारी की गयी किताबों में किए गए बदलाव आदि के बारे में जानकारी दी। बताया कि कक्षा तीन की पाठ्यपुस्तक वीणा-1 में चार पाठ में राज्य स्तर पर बदलाव किया गया है। नवविकसित पाठ्यपुस्तक वीणा-1 में जोड़े गए पाठ में वाराणसी की यात्रा, घुम्मकड़ तारक, भारत है मेरा घर आदि पाठ पर विस्तार से चर्चा की गयी। संदर्भदताओं ने गणित मेला पुस्तक पर शिक्षकों से विस्तृत चर्चा किया और पुस्तक वीणा -1 और गणित मेला से संबंधित प्रश्नों का समाधान किया। प्रशिक्षण के दौरान जिला समन्वयक प्रशिक्षण स्वप्निल कुमार श्रीवास्तव, डॉ रविनाथ त्रिपाठी, डॉ गोविन्द प्रसाद, कुलदीप चौधरी, शशिदर्शन त्रिपाठी, इमरान सहित पूरे जिले के एआरपी, केआरपी और अन्य प्रतिभागी शिक्षक मौजूद रहे।

## पीयू में कड़े सुरक्षा के बीच संपन्न हुई पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मंगलवार को 49 विषयों में शोध के लिए पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा हुई। प्रवेश परीक्षा के लिए परिसर में 8 केंद्र बनाए गए थे जिसमें प्रथम पाली में एवं द्वितीय पाली में 2711 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने अधिकारियों के साथ परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। विश्वविद्यालय में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई ।
प्रवेश परीक्षा की सीसीटीवी से मॉनिटरिंग की गई। प्रत्येक केंद्र पर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर पारदर्शी एवं निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित की गई। प्रथम पाली में शोध प्राविधि एवं द्वितीय पाली में सम्बंधित विषय की परीक्षा थी।

# लायंस क्लब की बैठक में सामाजिक सरोकार बढ़ाने की हुई पैरवी

- लायंस क्लब जौनपुर गोमती की साधारण सभा की हुई बैठक


जन एक्सप्रेस । जौनपुर




जौनपुर लायंस क्लब जौनपुर गोमती के इस सत्र की प्रथम साधारण सभा की बैठक नगर के एक प्रतिष्ठित होटल में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा मेल्विन जोन्स के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मंचापूर्ति एवं अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम की घोषणा के बाद ला डॉ सरला गुप्ता द्वारा ध्वजवंदना एवं राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष डॉ राजेश मौर्य ने सभागार में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए इस सत्र के लिए अपनी कार्यकारिणी (संचालक मंडल, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं विभिन्न कमेटियों के चेयरपर्सन) की घोषणा की। अध्यक्ष सभागार में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा नये चयनित सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अध्यक्ष ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी सदस्यों से पूरे सत्र में बेहतर सेवा कार्य के लिए पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की। सचिव खुशबू गुप्ता द्वारा आगामी तीन माह की कार्य योजना सदन में रखी गई। जिसमें आवश्यक संशोधन व सुझाव के साथ सभी सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की। बैठक में अधिष्ठापन समारोह पर भी विस्तृत चर्चा की गई तथा इसे भव्य रूप से संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष द्वारा इस सत्र में सदस्यता ग्रहण करने के इच्छुक नए सदस्यों का नाम भी सदन में रखा जिस पर सदन ने अपनी सहमति प्रदान की। बैठक में मौजूद के चीफ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनीष गुप्ता ने मंडलाध्यक्ष द्वारा लायंस क्लब जौनपुर गोमती से चुने गए मंडल के कैबिनेट सदस्यों एवं पदाधिकारी की घोषणा की तथा लोगों से मंडलाध्यक्ष के मंशा के अनुरूप कार्य करने की अपेक्षा की। अध्यक्ष एवं उनकी कोर कमेटी द्वारा मंडल सदस्यों व पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। रीजन चेयरपर्सन प्रतिमा गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय एवं मंडल के कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जोन चेयरपर्सन धर्मेंद्र गुप्ता, चार्टर अध्यक्ष डा जी सी सिंह सहित अन्य पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ सदस्यों ने भी अपने विचार व सुझाव सदन के समक्ष रखें। सभा का संचालन नूपुर सिंह व धन्यवाद व आभार सचिव खुशबू गुप्ता द्वारा ज्ञापित किया गया।

### बैठक में ये भी रहे मौजूद

बैठक में क्लब की प्रथम महिला डा रश्मि मौर्या, शिवकुमार साहू, संजीव गुप्ता, जागेश्वर केसरवानी, डा सुलोचना सिंह, सुधा मौर्य, धीरज गुप्ता, ऋषि देव साहू, देवेश गुप्ता, गौरव श्रीवास्तव, धनंजय पाठक, संतोष साहू, गणेश गुप्ता, मोहम्मद तौफीक, अरविंद बैंकर, संजय माहेश्वरी, अनिल अग्रहरि, संजय साहू, राजेश साहू, सुधीर साहू, सुनील जायसवाल, अनिल पांडे, माया गुप्ता अन्य उपस्थित रहे।



# शिक्षकों ने कावड़ यात्रा के दौरान स्कूल बंद के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । बस्ती

मंगलवार को प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ला के नेतृत्व में डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को कावड़ यात्रा के दौरान स्कूल बंद करने के लिए ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने बताया कि हर साल कावड़ यात्रा के दौरान स्कूल बंद रहता है। कावड़ यात्रा में लाखों की संख्या में लोग बस्ती से अयोध्या जल भरने जाते है। इस दौरान पुलिस-प्रशासन द्वारा पूरा नेशनल हाईवे बंद करा दिया जाता है। जिससे शिक्षकों को स्कूल जाने में काफी परेशानी होगी। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राघवेंद्र सिंह व जिला कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव ने बताया कि कावड़ यात्रा के दौरान शिक्षक नेशनल हाईवे से होकर स्कूल जाते हैं इस दौरान उनको तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। कावड़ यात्रा के दौरान बस्ती जिले से अयोध्या तक लाखों संख्या की भीड़ होती है। ऐसे में कावड़ यात्रा के दौरान हर साल की तरह स्कूल बंद होना चाहिए। यह जानकारी जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ला ने दिया। ज्ञापन देते समय राघवेन्द्र प्रताप सिंह अभय सिंह यादव सदर अध्यक्ष शैल शुक्ला,बिनोद यादव बनकटी उपाध्यक्ष मंजेश राजभर,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मारुफ खान दिग्विजय नाथ यादव जी आडिटर रवि प्रताप सिंह शिवम शुक्ला तेज बहादुर यादव मौजूद रहे।

## जौनपुर में प्रेमी ने विधवा प्रेमिका को चाकुओं से वार करके उतारा मौत के घाट

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला बलोच टोला में प्रेमी ने विधवा प्रेमिका को चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इसी मोहल्ले के स्वर्गीय शहाबुद्दीन की पत्नी शकीमुन निशा पति के मृत्यु के कुछ दिन बाद घर के बगल में किराए पर रह रहे एक व्यक्ति की प्रेम जाल में फंस गई। इस बीच में दोनों प्रेमी प्रेमिका के बीच अक्सर कुछ अनबन हुआ करती थी लेकिन बाद में दोनों में समझौता हो जाया करता था। सोमवार रात लगभग 8ः00 बजे महिला का उसके प्रेमी से कुछ विवाद हो गया। इसी बीच विवाद कुछ इतना ज्यादा बढ़ा की प्रेमी ने चाकू मार कर प्रेमिका को घायल कर दिया। घायल महिला को परिवार के लोगों द्वारा जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। मृतका के पुत्र जावेद पुत्र स्वर्गीय शहाबुद्दीन ने कोतवाली पहुंचकर घटना की सूचना पुलिस को दिया। पुलिस ने जावेद की तहरीर के आधार पर रुस्तम पुत्र अज्ञात निवासी बरदह थाना बरदह जनपद आजमगढ़ के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बेटियों, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन गंभीर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

- 1907 ई रिक्शा, आटो पर दर्ज किया चालक का नाम पता
- राज्य महिला आयोग के निर्देश पर शुरू हुई पहल

जौनपुर महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा के मद्देनजर जिले की यातायात पुलिस टीम ने सोमवार को बड़ा अभियान चलाया। शहर में चलने वाले 1907 ई रिक्शा, आटो, ओला, उबर, कैब, रेपियो,टेम्पो जैसे अन्य वाहन पर चालक का नाम, पता, मोबाइल नंबर और उनका आधार अंकित करवाया। शहर के सभी मुख्य चौराहों, तिराहों, पड़ाव अड्डों पर अचानक शुरू हुए इस अभियान से इनके चालकों में जबरदस्त हड़कंप देखा गया। इस संबंध में राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष द्वारा महिलाओं के साथ हुई विभिन्न घटनाओं को देखते हुए सुरक्षा के बाबत प्रदेश भर में यह कड़ा निर्देश जारी किया है। जिसके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने प्रभारी यातायात सुशील कुमार मिश्र को निर्देशित किया कि जिले भर में अभियान चला कर इसे तत्काल पूर्ण कराएं। महकमें के उच्च अधिकारी का निर्देश मिलते ही यातायात विभाग की पूरी टीम ने इस पर अमल शुरू कर दिया। महिलाओं व बच्चो की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवागमन के विभिन्न साधनों जैसे ई-रिक्शा, ओला, उबर, कैब, रेपियो, ऑटो, टेम्पो आदि पर वाहन चालक का नाम, मोबाइल नंबर, और आधार नम्बर अंकित कराया गया। इस संबंध में प्रभारी यातायात सुशील कुमार मिश्र ने बताया कि शहर क्षेत्र में चलने वाले अधिकांश सवारी वाहनों को यातायात कार्यालय बुलाकर अब तक 1907 वाहनों पर वाहन के अंदर (पीछे की ओर या यात्री द्वारा देखे जाने योग्य स्थान पर) चालक का नाम, मोबाइल नंबर और आधार कार्ड नंबर की जानकारी स्पष्ट रूप से हिन्दी भाषा में अंकित कराया गया है।

## श्रीमद्भागवत कथा का पांचवे दिन: संसार में कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं: आचार्य पं. राघवेंद्र शास्त्री

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**बदलापुर।** बदलापुर के पूर्व विधायक बाबा दुबे के आवास बाबा कुंज में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन मंगलवार की शाम कथा व्यास आचार्य पं. राघवेन्द्र शास्त्री ने श्रीमद भागवत कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई। जिसे सुनकर सभी श्रोता भक्ति में लीन हो गए।जिसमें उन्होंने श्री कृष्ण से संस्कार की सीख लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं जानते थे कि वह परमात्मा हैं। उसके बाद भी वह अपने माता पिता के चरणों को प्रणाम करने में कभी संकोच नहीं करते थे।श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से भागवत व्यास प्रेम नारायण जी ने पहले धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कहा कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ा है, तब-तब प्रभु का अवतार हुआ है।प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है।

# महिलाओं ने उतारी आरती, की पूजा अर्चना

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जन जागरण के उद्देश्य को जन जन तक पहुंचाने के लिए शांतिकुंज हरिद्वार से निकल कर दिव्य ज्योति कलश यात्रा सोमवार को मुंगराबादशाहपुर नगर में पहुंची। सैकड़ो श्रद्धालुओं के बीच दिव्य ज्योति कलश को पूरे नगर में भ्रमण कराते हुए भक्तों को दर्शन कराया गया। इस दौरान महिलाओं ने पूजन अर्चन कर आरती उतारी। नगर में प्रवेश करते ही सबसे पहले दिव्य ज्योति कलश यात्रा का पुरानी सब्जी मंडी में स्थित शिव मंदिर परिसर में भव्य स्वागत किया गया। गायत्री परिवार के लोगों ने आरती उतारी, पूजा अर्चना किया। इस कार्यक्रम के संयोजक बैजनाथ ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से दिव्य ज्योति कलश यात्रा को देश के विभिन्न भागों में ले जाकर शांति संदेश फैलाया जा रहा है। बताया कि माँ भगवती शर्मा के अवतरण के एक सौ वर्ष पूरे होने पर कलश यात्रा देश भर में निकाली जा रही है । कलश यात्रा सतहरिया, सरोखनपुर,नई बाजार, तरहठी रोड आदि स्थानों पर भ्रमण किया। इस दौरान कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा कर अपने को लोगों ने धन्य किया।

### कलश यात्रा में यह भी रहे शामिल

गायत्री परिवार से जुड़ा ऐतिहासिक कलश यात्रा नगर में प्रवेश किया तो श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इनमें हेमन्त शर्मा, राजेन्द्र साहू बाबा जी, स्वप्निल पाण्डेय, माया शर्मा, अंकित,सन्दीप, राम जी अन्य गायत्री शक्तिपीठ के लोगों ने कार्यक्रम में सहयोग किया। शान्तिकुंज हरिद्वार से आए संतों में कैलाश नाथ, जय प्रकाश, सच्चिदानंद,धनश्याम,बरामभजन आदि ने पूरे विधिविधान के साथ कार्यक्रम को संपन्न कराया। अंत में महाप्रसाद का वितरण भी हुआ।

## आराजी भूमिधरी पर विपक्षीगण जबरदस्ती निर्माण करने की धमकी दे रहे

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर तहसील सदर थाना- सिकरारा जिला-जौनपुर का निवासी है। प्रार्थी का सा0मी0 बथुआवर आराजी नम्बर 724.725.731 ,732,733,734 क परगना-करियात दोस्त, तहसील सदर, जिला-जौनपुर का मालिक काबिज है। प्रार्थी के पडोसी राजेश कुमार व राकेश कुमार पुत्रगण मुन्नीलाल निवासी उपरोक्त प्राथी के आराजी नम्बर में जबरदस्ती निर्माण करने की धमकी दे रहे है ये लोग अनुसूचित जाति के है और प्रार्थी के मना करे पर प्रार्थी को धमकी देते है कि साले तुम्हे हरिजन बनाम श्रवण के मुकदमे में फंसा करके तुम्हारी जिन्दगी बर्बाद कर दूंगा और जबरदस्ती निर्माण कार्य करवा लूंगा। थाने की पुलिस राजेश कुमार वा राकेश कुमार से मिली हुई है वो लोग दबंग व पैसे वाले व्यक्ति है।

# शिक्षा के बिना देश का विकास असंभव: अजीत कुमार सिंह

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



शिक्षा के विकास के बिना देश का सर्वांगीण विकास संभव नहीं। यह प्रेरणादायक बातें शाहगंज विधायक रमेश सिंह के भाई व समाजसेवी अजीत कुमार सिंह ने 'हिन्द अकादमी' के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। कार्यक्रम का आयोजन रुधौली बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के निकट किया गया, जहां भारी संख्या में छात्र-छात्राएं व अभिभावक मौजूद रहे। अजीत कुमार सिंह ने कहा, आज के डिजिटल युग में शिक्षा के संसाधन गांव-गांव तक पहुंच रहे हैं। पहले जो सुविधाएं सिर्फ महानगरों में मिलती थीं, अब वे छोटे कस्बों में भी उपलब्ध हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र के छात्र भी अब गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त कर पा रहे हैं। नव आरंभित हिन्द अकादमी की अनेक खासियतें इसे अन्य संस्थानों से अलग बनाती हैं– जैसे कि स्मार्ट डिजिटल बोर्ड के माध्यम से पढ़ाई, प्रत्येक टॉपिक की अलग-अलग शीट, हर रविवार को टेस्ट और प्रतियोगी परीक्षाओं की सटीक तैयारी के लिए विशेष मार्गदर्शन। साथ ही संस्थान में अनुशासन और समर्पण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष कुमार दीक्षित ने की, जबकि मंच संचालन मुकेश कुमार बिन्द (डायरेक्टर, जय हिन्द डिजिटल लाइब्रेरी) ने संभाला। कार्यक्रम में संरक्षक राम बहाल बिन्द और कुलदीप जायसवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्याम नारायण तिवारी, बृजेश शुक्ला, बब्लू उपाध्याय, संजय तिवारी, गौरव सिंह और नरेंद्र दूबे जैसे गणमान्य लोगों की उपस्थिति से कार्यक्रम की भव्यता और भी बढ़ गई। दीप प्रज्वलन कर अजीत कुमार सिंह ने विधिवत उद्घाटन किया और संस्थान की सफलता की कामना की।

# करंट लगने से बीटेक के छात्र की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

- आखिरी साल की पढ़ाई कर रहा था सुधांशु, मां का इकलौता सहारा था बेटा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिंदगी के सुनहरे सपनों को आंखों में बसाए एक होनहार छात्र की करंट की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना ने न केवल परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया, बल्कि पूरे मोहल्ले में मातम का माहौल बना दिया। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद निवासी स्व. राजकुमार यादव का इकलौता बेटा सुधांशु यादव (22) कानपुर स्थित अपोलो इंजीनियरिंग कॉलेज में कंप्यूटर साइंस शाखा का अंतिम वर्ष का छात्र था। मंगलवार की सुबह करीब सात बजे वह अपने घर के बाहर टुल्लू पम्प चलाने की कोशिश कर रहा था, तभी अचानक बिजली के करंट की चपेट में आ गया। परिवार के लोगों ने शोर सुनकर दौड़ते हुए उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत की खबर सुनकर मां बेसुध होकर गिर पड़ीं। रिश्तेदारों और पड़ोसियों की आंखें नम हो गईं। सुधांशु एक मेधावी छात्र था और उसका सपना था कि पढ़ाई पूरी करके एक अच्छा इंजीनियर बनकर अपने परिवार का सहारा बने। पिता के निधन के बाद वही घर की उम्मीद था। सुधांशु की असमय मौत ने परिवार की सारी खुशियों को पलभर में छीन लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि वह बेहद मिलनसार, समझदार और जिम्मेदार युवक था। उसकी असमय मौत ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा। इस हादसे ने एक बार फिर यह सोचने को मजबूर कर दिया है कि बिजली से जुड़े उपकरणों के इस्तेमाल में थोड़ी सी लापरवाही भी कितनी जानलेवा साबित हो सकती है।


# कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बस्ती

पत्रांक: 403–06/जि0उ0ए0उ0प्रो0के0(ब)/2025–26/ दिनांक: 08/7/2025

**नीलामी–सूचना**

कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बस्ती के अधीन राजकीय मिनी औद्योगिक आस्थान पॉऊ, विकास खण्ड–कुदरा, जनपद बस्ती में स्थित यूकेलिप्टस के 18 वृक्षों की नीलामी की जानी है। उक्त वृक्षों का न्यूनतम विक्रय मूल्य सहित कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बस्ती के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गयी है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 26.07.2025 के पूर्वान्ह 12:00 बजे से वृक्षों की खुली नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकता है। नीलामी प्रक्रिया में बोली लगाने हेतु इच्छुक व्यक्ति विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र प्राप्त करने हेतु कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बस्ती में सम्पर्क कर सकते हैं।

उपायुक्त उद्योग
जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा
उद्यमिता विकास केन्द्र बस्ती

# विश्व युवा कौशल दिवस पर रोजगार पाने वालों को विधायक-डीएम ने दिए प्रमाण पत्र

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बेहरिन में मुख्य अतिथि विधायक कैलाश राजपूत एवं जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री तथा मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर कौशल यूथ आईकॉन सम्मान के तहत रोजगार मेले में सेवायोजित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं एवं उद्योग प्रतिनिधियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें समाधान टीम द्वारा उपस्थित युवाओं को सीएम युवा उद्यमी योजना की विस्तृत जानकारी दी गई तथा एमएसएमई के पोर्टल के विषय में प्रस्तुतीकरण किया गया। इस कार्यशाला में सभी बैंकों के जिला समन्वयक भी उपस्थित रहे, जिनको सीएम युवा की विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर मा0 विधायक एवं जिलाधिकारी ने आईटीआई/कौशल विकास द्वारा लगाई गई प्रर्दशनी का अवलोकन किया गया।

विधायक कैलाश राजपूत ने कौशल विकास की दिशा में जनपद में हो रहे प्रगति की सराहना की। उन्होंने राज्य सरकार एवं टाटा टेक्नोलॉजी लि0 के मध्य अनुबन्ध के अन्तर्गत राजकीय आई0टी0आई0 में चल रहे पाठ्यक्रमों की प्रशंसा करते हुये जनपद के अधिकाधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के तहत जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया।

जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में सभी युवाओं को इस योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने आईटीआई कौशल विकास यूनिट के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों व प्रशिक्षार्थियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रशंसा की। साथ ही रोगजार मेले में सेवायोजित युवाओं को कठिन परिश्रम कर निरन्तर आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार युवाओं के साथ पूरी तरह से खड़ी है।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हैं। इस योजना से युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित करना हैं। युवा 5 लाख रूपये तक का व्याज मुक्त ऋण लेकर अपना रोजगार खड़ा कर सकते हैं।

कार्यक्रम में उपायुक्त, उद्योग धनन्जय सिंह, अग्रणी जिला प्रबन्धक अमरेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य आईटीआई कन्नौज अनुज कुमार मौर्य, प्रधानाचार्य आईटीआई तिर्वा अनूप श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य आईटीआई छिबरामऊ संजीव पाल सहित समस्त कार्यदेशक, समस्त अनुदेशक, समस्त कौशल विकास स्टाफ एवं संस्थानों में कार्यरत समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किया पौधरोपण

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। टिकैतनगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा एक पेड़ मां के नाम आरंभ किया गया महत्वपूर्ण अभियान एक पेड़ मां के नाम एवं उत्तर प्रदेश में चल रहे वन महोत्सव वृक्षारोपण अभियान के तहत जन सहयोग कल्याण सेवा समिति धधवारा के द्वारा 5100 पेड़ लगाने के संकल्प को पूरा करने की कड़ी में मंगलवार को आदर्श नगर पंचायत टिकैत नगर मे विजय कुमार जिला कृषि रक्षा अधिकारी दिलीप कुमार विष्वकर्मा एसएमएस रामसनेहीघाट एवं जन सहयोग कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार मौर्य सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी प्रदेश महासचिव व्यापार मंडल जिला महामंत्री राजेश शर्मा फक्कड़ सभासद प्रबंधक पंकज वर्मा के द्वारा एक पेड़ मां के नाम लगाकर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमें सुशील मौर्य जिला महासचिव स्कूल के बच्चे भी सम्मिलित रहे कामिनी रावत जानसी वर्मा ओमप्रकाश वर्मा कृष्ण मौर्य सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे जन सहयोग सेवा कल्याण समिति के द्वारा टिकैत नगर पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा दिए जा रहे।

# न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ ठगी का मुकदमा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



खुद को कैबिनेट सचिव का निजी सचिव बताकर युवक को नौकरी दिलाने के नाम पर 75 हजार रुपये ठग लिए। इतना ही नहीं फर्जी नियुक्ति पत्र भी दे दिया। ज्वाइनिंग करने गया तो पता चला कि फर्जी नियुक्ति पत्र है। आरोपी से रुपये मांगने पर धमकी मिली तो पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। सुनवाई न होने पर अदालत का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर टिकैतनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। नगर पंचायत टिकैतनगर के सरावगी मोहल्ले के निवासी अंकुर कुमार गुप्ता ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। उसने कहा कि उसका मित्र चन्द्रभान सिंह कस्बा इचौली का है। उन लोगों की मुलाकात सर्वेश यादव उर्फ एसके सिंह व राकेश कुमार ग्राम उधौली सफदरगंज से हुई। इस दौरान सर्वेश यादव ने खुद को कैबिनेट मंत्री रमापति शास्त्री का विशेष सचिव बताया। उसने बेरोजगारों को नौकरी दिलाने की बात कही। उसने कहा कि तुम दोनों को नौकरी दिला दूंगा, अस्सी हजार रुपये देने होंगे। इसे लेकर अंकुर और चन्द्रभान ने बीती 15 दिसम्बर 2020 को पांच हजार रुपये एडवांस दिए। इसके बाद सात फरवरी 2021 को टिकैतनगर में 75 हजार रुपए दिये। इस दौरान चन्द्रभान भी था। रुपये लेने के बाद सर्वेश यादव उर्फ एसके सिंह ने उन लोगों को ज्वाइनिंग लेटर दिया और कहा कि 13 फरवरी को ज्वाइन कर लेना। वह जब ज्वाइन करने पहुंचा तो आफिस बंद था। इतना ही नहीं बौखण्डी आवास से उसे भगा दिया। इसके बाद उसने पचास हजार रुपये की और मांग की। जब उससे कहा कि रुपये नहीं है तो उसने कहा कि तुमने जो रुपये दिए हैं उसे भूल जाओ। इसके बाद टिकैतनगर में मिलने पर रुपये मांगे तो गाली बकने लगा। इसके अलावा सौरभ व उनके अन्य साथी ने कहा कि तुम लोग एसके को जानते नहीं। जेसीबी से कब्र खोदकर तुम लोगों को दफ्न कर दें। पीड़ित की गुहार पर कोर्ट ने आदेश जारी किया। जिस पर टिकैतनगर पुलिस ने मुकदमा लिख लिया है।

# ईशन नदी के किनारे किया गया वृक्षारोपण

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने वृक्षारोपण महाअभियान-2025 के अंतर्गत अधिकाधिक पौधे रोपित किए जाने के निर्देश दिए है। वृक्षारोपण का मुख्य उद्देश्य है कि जनपद में पर्यावरण संतुलित बनाए रखा जा सके, भू-जल स्तर में सुधार हो, जैव विविधता को संरक्षण मिले तथा भावी पीढ़ी को स्वच्छ और हरित वातावरण प्रदान किया जा सके। इसके साथ ही, यह पहल नदियों के पुनर्जीवन, मृदा संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने में भी सहायक सिद्ध होगी।

वृक्षारोपण महाअभियान 2025 को सफल बनाने हेतु आज जनपद में ईशन नदी के पुनर्जीवन एवं पुनरूद्धार हेतु विकासखण्ड सौरिख के ग्राम सराय ठेकू, विकासखण्ड छिबरामऊ में ग्राम पंचायत कैरादा एवं विकासखण्ड तालग्राम में ग्राम पंचायत तिलकसराय के ग्राम सुतहा, खजुरिया एवं बरही में ईशन नदी के तट पर बृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। साथ ही पौधों की निरन्तर सिंचाई, सुरक्षा आदि देखभाल करने का आह्वान किया।

पौधारोपण हेतु पौध वन विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी तथा ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज विभाग एवं वन विभाग के संयुक्त प्रयास एवं स्थानीय लोगो के सहयोग से नदी के किनारे लगभग 1000 से अधिक पौधों जिसमें जामुन, नीम, कंजी, शीशम, केसिया, गूलर, पीपल, पाकड़, बाँस इत्यादि पौधे रोपित किये गये। इसके अतिरिक्त जनपद में ईशन नदी के जलग्रहण क्षेत्र में आने वाली ग्राम पंचायतों में दिनांक 09 जुलाई 2025 को वृक्षारोपण महाअभियान-2025 के तहत लगभग 25,000 पौधों का रोपण किया गया है। इस वृक्षारोपण से जनपद में हरीतिमा में वृद्धि तथा नदी को अविरल बनाये रखने तथा पर्यावरण को प्रदूषणमुक्त बनाये रखने में सहायता मिलेगी। स्थानीय ग्रामीणों ने इस अभियान के दौरान बढचढ़कर प्रतिभाग किया तथा इन पौधों को बचाये रखने में सहयोग का भी संकल्प लिया। प्रभागीय वनाधिकारी एवं उपायुक्त श्रम रोजगार द्वारा अवगत कराया गया कि ईशन नदी के किनारे वृक्षारोपण कार्य जुलाई माह में जारी रहेगा।

कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी, छिबरामऊ दीपांकर आर्य, वन विभाग के कर्मचारी एवं विकास खण्ड के कर्मचारी मौजूद रहे तथा स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

# 10 किलो गांजे के साथ चार गिरफ्तार




जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

जैदपुर। ज़ैदपुर पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक कार को रोक कर तलाशी की तो उसमें रखा 10 किलो अवैध गांजा के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके विरुद्ध एनडीपीएस की धारा में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। ज़ैदपुर पुलिस सोमवार की रात्रि में गश्त कर रही थी। तभी टिकरा मार्ग पर कानपुर नम्बर की एक कार तेज़ गति में जा रही थी। जिसको गश्त कर रहे दरोगा सुरेंद्र सिंह, आलोक सिंह के साथ हमराही पुलिस ने घेराबंदी कर के रोक लिया। कार में बैठे लोगों से पूछताछ के साथ तलाशी की गई तो उसमें एक बोरी में रखा दस किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। और चार मोबाइल के साथ लगभग 10 हज़ार रुपये भी मिले। पकड़े गए अभियुक्तों में जिला कानपुर के थाना कचेरी निवासी अंकुर कुमार पुत्र विपिन कुमार व उदय वर्मा पुत्र संत कुमार वर्मा के साथ कोठी थाना क्षेत्र सरायनगर निवासी शाहिद अली पुत्र इस्लाम व नासिर अली पुत्र अलामुद्दीन शामिल हैं। चारों अभियुक्त विरुद्ध एनडीपीएस की धारा में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि रात्रि गश्त के समय कार को रोक कर पूछताछ की गई। जिसके में रखा 10 किलो ग्राम अवैध गंजा व 10 हज़ार रुपये की नदी के साथ चार मोबाइल बरामद हुए हैं। चारों अभियुक्तों के विरुद्ध एनडीपीएस की धारा में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# डिप्टी सीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**जैदपुर।** जैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नर्स, वार्डबॉय और सफाई कर्मचारियों की कमी की शिकायत मिली। इस पर मंगलवार को डिप्टी सीएमओ सुरेंद्र कुमार ने अपनी टीम के साथ केंद्र का निरीक्षण किया। डिप्टी सीएमओ ने मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने स्टाफ उपस्थिति रजिस्टर और दवा वितरण भंडार की जांच की। साथ ही अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्टाफ की कमी को जल्द पूरा करने के लिए जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराने का आष्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक डॉ. जगदीश प्रसाद, डॉ. दिवेश पटेल, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. रीना मौजूद थे। इनके अलावा चीफ फार्मेसिस्ट राकेश कनौजिया, कुलदीप सचान, सरवन कुमार, अमित, मुकेश सहित अन्य स्टाफ भी उपस्थित था।

# जिले में 15 चौराहो पर हुई आटो चालान की व्यवस्था




जन एक्सप्रेस। कन्नौज

मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की आयोजित बैठक के दौरान कहा कि जनपद के प्रमुख चैराहों पर आटोमैटिक चालान करने की व्यवस्था लागू की गयी है। जनपद में 15 स्थानों पर आटोमैटिक चालान हेतु कैमरें लगाए गए है जिसमें पाल चौराहा, गोल कुंआ चौराहा, गोल कुंआ ओवरब्रिज साइड, रोडवेज बस स्टैण्ड, मकरंदनगर, जलालपुर पनवारा बाईपास, मंडी समिति अन्डर ब्रिज, हरदोई मोड, पुलिस लाइन तिराहा, कसावा चौकी चौराहा गुरसहायगंज, मानपुर अन्डरपास कन्नौज, पूर्वी बाईपास छिबरामऊ, फंरूखाबाद तिराहा छिबरामऊ, ठठिया चौराहा तिर्वा तथा इन्दरगढ चौराहा तिर्वा शामिल है। उन्होने कहा कि स्पीड टेबल का प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए। एनएचएआई के समस्त अण्डर-पासों पर प्रकाश की व्यवस्था करा दी गयी हैं एवं साइन बोर्ड पर सुधारात्मक कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाए। उन्होने कहा कि अनधिकृत कट मांग के आधार पर बंद करने की कार्यवाही की जाए। चिन्हित ब्लॉक स्पॉट की क्रास चैकिंग कर अग्रिम कार्यवाही की जाए। कहा कि विद्यालयों में मानक विहीन वाहनों की चैकिंग नियमित करायी जाए। कहा कि पुलिस एवं परिवहन विभाग पहले आमजन को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करें, पालन न करने पर चालान किया जाये। बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी इज्या तिवारी, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कौन कर रहा है टैंकर से पेट्रोल की चोरी- रामचन्द्र सिंह

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। हैदरगढ़।** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रामचंद्र सिंह व जिला अध्यक्ष विधि चंद यादव ने एक इंटरनेट मीडिया पर मंगलवार दोपहर को अपना बयान का वीडियो जारी किया हैं जो सोशल मीडिया पर खूब प्रसारित हो रहा है। प्रसारित वीडियो में उन्होंने बयान दिया है कि छह दिन पहले लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे स्थित भिखरा गांव के पास एक होटल में खड़े पेट्रोल भरे टैंकर से चोरी करते हुए अचानक आग लग गई थी जिसमें बीस हजार लीटर पेट्रोल जल गया था आग बुझाने में आधा दर्जन लोग झुलस गए थे दमकल कर्मियों ने कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पाया था। आग में झुलसे लोगों को बगैर पुलिस व प्रशासन को बताएं गिरोह के सरगना निजी अस्पतालों में इलाज करवाया था। मौके पर सीओ हैदरगढ़ समीर सिंह व तहसीलदार हैदरगढ़ शशांक उपाध्याय भी पहुंचे थे, लेकिन अभी तक मामले की कोई जांच रिपोर्ट उनके द्वारा सामने नहीं आई है। टैंकर में से पेट्रोल की चोरी कौन लोग कर रहे थे कैसे आग लगी और इस तेल चोरी गिरोह में कौन-कौन लोग शामिल थे अभी पुलिस व तहसील प्रशासन पता नहीं लग पाया है। इस मामले को संबंधित स्थानीय अधिकारी दबाने में जुटे हुए है यही कारण है कि अभी तक मामले की रिपोर्ट तक नहीं दर्ज की गई है। यहां पर काफी दिनों से पेट्रोल, डीजल, तार कोल की चोरियां एक हाईवे का सक्रिय गिरोह की ओर से की जा रही हैं। ठाकुर रामचंद्र सिंह ने आगे कहा कि टैंकर का चालक व खलासी द्वारा टैंकर के ऊपरी ढक्कन खोलेने से टैंकर फटने से बचा। यदि ढक्कन न खोला जाता तो एक किलोमीटर की परिधि के सभी जीव काल के गाल में समा जाते। यह घटनाएं दोबारा न हो इसलिए डीएम एसपी बाराबंकी से मैं मांग कर रहा हू कि तत्काल मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### ग्रामीणों को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ- प्रीती वर्मा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। हरख।** मंगलवार को हरख ब्लॉक कार्यालय में विकास अधिकारी द्वारा साप्ताहिक समीक्षा बैठक की गई। जिसमें समस्त एडीओ,ग्राम पंचायत सचिव,तकनीकी सहायक मौजूद थे। बैठक में खंड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा ने कहा की सरकार द्वारा जनहित की योजनाएं चलाई जा रहे हैं। उन सब योजनाओं का लाभ प्राथमिकता पर ग्रामीणों को दिलाया जाए। ग्रामीण आवास के बीस लाभार्थियों को खाते में किस्त पहुंच गई है। और 11 लाभर्थियों के खाते में दूसरी क़िस्त भी पहुंच गई है। सभी लोग निर्माण कार्य भी कर रहे हैं। 25 जुलाई को हर एक ग्राम पंचायत में पौधरोपण कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें ग्राम प्रधान व सचिव और पौधरोपण करके उसको सुरक्षित करने की भी जिम्मेदारी निभाएंगे। मनरेगा,राष्ट्रीय आजीविका मिशन व स्वच्छ भारत मिशन के कामों में तेजी लाने के लिए भी आदेश दिए। इस अवसर पर एडीओ पंचायत बृजेश कुमार, सहायक खंड विकास अधिकारी आलोक सिंह, एडीओ मीना श्रीवास्तव, सचिन कृष्ण कुमार सिंह, प्रदुम्न कुमार, नवीन राय, आकाश पटेल, सूरज कुमार, अमित कुमार, अक्षिता अस्थाना, कंचन मिश्रा, बिना सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, लिपिक अरुण मिश्रा, शिवभरन सिंह, मो. ताहा आदि उपस्थित थे।

### खाद वितरण में हुई लापरवाही तो होगी कार्यवाही- खुषबू राय

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। रामनगर।** किसानों को समय से खाद मिल सके और वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी रहे, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मंगलवार को सहायक विकास अधिकारी सहकारिता खुशबू राय ने रामनगर स्थित इफको खाद बिक्री केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टॉक रजिस्टर, बिक्री पंजी और उपलब्ध खाद की स्थिति का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कुछ किसानों ने समय से खाद न मिलने की शिकायत की, जिस पर अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ कोई भी सौतेला व्यवहार नहीं होना चाहिए। निरीक्षण के पश्चात एडीओ सहकारिता ने जिला सहकारी बैंक शाखा रामनगर में समितियों के सचिवों संग समीक्षा बैठक की। बैठक में बैलेंस शीट, कैश कैरी लिमिट, उर्वरकों की उपलब्धता, भंडारण और वितरण से जुड़ी बिंदुवार समीक्षा की गई। उन्होंने दो टूक कहा, ष्किसानों को खाद की कमी नहीं होनी चाहिए।

# जिला स्तरीय उर्वरक समिति की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय उर्वरक समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें कृषि, सहकारिता, पीसीएफ, इफको, कृभकों के अधिकारियों के साथ-साथ समस्त उर्वरक प्रदायकर्ता कम्पनियों के प्रतिनिधि एवं समस्त थोक उर्वरक विक्रेता, डीलर्स उपस्थित रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त उर्वरक प्रदायकर्ता कम्पनियों एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिये गये कि कोई भी कम्पनी किसी भी उर्वरक के साथ कम्पनी के अन्य उत्पादों की किसी भी दशा में टैगिंग कर आपूर्ति, बिक्री नहीं करेगें तथा थोक उर्वरक विक्रेता भी यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा किसी भी फुटकर विक्रेताओं को उर्वरक के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग कर अथवा निर्धारित दर से अधिक दर पर कदापि उर्वरक आपूर्ति, बिक्री न किया जाए। किसी भी स्तर पर अनावश्यक भण्डारण, जमाखोरी उर्वरकों की न होने पाये। बैठक में जिला कृषि अधिकारी राजितराम ने बताया कि जनपद में यूरिया के कुल लक्ष्य 109473 मी.टन के सापेक्ष 79595 मी.टन डीएपी के कुल लक्ष्य 22069 मी.टन के सापेक्ष 19623 मी.टन, एन.पी.के के कुल लक्ष्य 28740 मी.टन के सापेक्ष 20291 मी.टन तथा एमओपी के कुल लक्ष्य 3920 मी.टन के सापेक्ष 5839 मी.टन उर्वरक की उपलब्धता हुई है, जिसमें से अब तक 47658 मी.टन यूरिया, 10658 मी.टन डीएपी, 7459 मी.टन एन.पी.के तथा 1837 मी.टन एमओपी का वितरण किया जा चुका है।

वर्तमान में यूरिया 31937 मी.टन, डीएपी 8965 मी.टन, एन.पी.के. 12832 मी.टन, एमओपी 3997 मी.टन उपलब्ध है। सहायक आयुक्त ने बताया कि सभी समितियों पर उर्वरक उपलब्ध है तथा जिन समितियों पर 05 मी.टन से कम उर्वरक पायी जाती है, अथवा समाप्त हो जाती है, वहां प्राथमिकता पर उर्वरक प्रेषित करायी जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार सभी समितियां अनिवार्य रूप से खुले।

### भाकियू कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा सामाजिक कार्यों की श्रृंखला में मंगलवार को जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा की अगुवाई व प्रभारी रक्तकोष डॉ गौरव सिंह व चिकित्साधिकारी मनीष यादव की देखरेख में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल रक्तदान जैसे जीवनदायी कार्य को प्रोत्साहित करना था, बल्कि समाज में किसानों की सेवा भावना को भी उजागर करना था। मंगलवार को आयोजित शिविर में कुल 25 किसानों ने रक्तदान हेतु पंजीकरण कराया, जिनमें से 18 किसानों ने सफलतापूर्वक रक्तदान कर महादानी की उपाधि प्राप्त की जिनमे पन्नालाल, उपरांत पटेल, राजकुमार, देवेन्द्र सिंह, सीमा कुमारी, संदीप कुमार, विशु धीमान, आशीष, हेतराम, सियाराम, विपिन कुमार, शहाबुद्दीन, अजय कुमार, आशुतोष वर्मा, सरोज कुमार बृजेश कुमार आदि शामिल रहे। भाकियू पदाधिकारियों ने बताया कि यह शिविर संगठन के सामाजिक सरोकारों के तहत आयोजित किया गया था और भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी कार्य लगातार किए जाते रहेंगे। किसानों में शिविर को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने इसे सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इस अवसर पर भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल, मीडिया प्रभारी सतीश वर्मा रिन्कू, राम सेवक रावत, ओम प्रकाश वर्मा, रामानंद वर्मा, प्रमोद कुमार, संजय रस्तोगी, हाजी इम्तियाज, राम मदन, राजेश वर्मा सहित चिकित्सकगण भी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने की विद्युत विभाग की योजनाओं और कार्यों की समीक्षा

## विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण ससमय प्राथमिकता से किये जाने को चेताया

> विद्युत विभाग के अधिकारी निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखने व त्रुटिपूर्ण विद्युत बीजकों सहित अन्य उपभोक्ता सम्बंधित समस्याओं का करें गुणवत्ता पूर्ण और ससमय करें निस्तारण
>
> जिलाधिकारी



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

मंगलवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी जी की अध्यक्षता में जनपद के विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ विद्युत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यों से सम्बंधित बैठक आयोजित की गयी इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विद्दुत विभाग द्वारा वर्तमान में चल रही विकास योजनाओं/कार्यों की समीक्षा गंभीरता से की गई जिसमें कराये जा रहे कार्यों को ससमय पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देषित किया गया। जिलाधिकारी में विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण ससमय किये जाने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखने व त्रुटिपूर्ण विद्युत बीजकों के ससमय निराकरण करने हेतु निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मेसर्स पोलैरिस प्रा0लि0 के प्रतिनिधि से स्मार्ट मीटर लगाने जाने की अत्यन्त कम प्रगति(टारगेट 599477 के सापेक्ष माह जुलाई 2025 तक मात्र 40873 जो कि 10 प्रतिषत से भी कम है) से असन्तोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि योग्य कुषल कार्मिक की कमी को अविलम्ब पूरा करके दिये गये लक्ष्य को निर्धारित समय के अन्तर्गत ही प्रत्येक दषा में पूर्ण करें। मेसर्स यूनिवर्सल के प्रतिनिधि को निर्देषित करते हुए कहा कि मैनपावर में बढोतरी कर रिवैम्प योजना के अन्तर्गत समस्त कार्यों को ससमय पूर्ण किया जाये। कहा कि विद्युत पोल लगाने का कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं अन्यथा की स्थिति में कार्यदायी संस्था से विद्युत बिलों में कटौती सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियन्ता, पी0डी0 नगर, उन्नाव को निर्देशित किया कि प्रवर्तन दल को सम्मिलित करते हुए दिनांक 14. 06. 2025 से दिनांक 14.07.2025 अवधि तक चेकिंग हेतु किये गये समस्त पत्राचार को संकलित कर लिया जाए उक्त पत्राचार के आधार पर प्रवर्तन दल द्वारा की गई कार्यवाहियों को अपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। कहा बिजली विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारी नियमित रूप से आम जनमानस के विद्युत आपूर्ति या अन्य संबंधी शिकायतों के निस्तारण हेतु मोबाईल पर प्राप्त कालों का उत्तर ससमय पर देगें। वैठक के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री कृति राज, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, उन्नाव, समस्त अधिशाषी अभियन्ता, (वितरण एवं परीक्षण) अन्तर्गत वि0वि0मं0 उन्नाव, समस्त उपखण्ड अधिकारी अन्तर्गत वि0वि0मं0 उन्नाव समस्त अवर अभियन्ता (वितरण), प्रवर्तन दलअन्तर्गत वि0वि0म0 उन्नाव सर्किल इंजार्च (आर0डी0एस0एस0)/ पी0एम0ए0/ स्मार्ट मीटरिंग/ बिलिंग (0-5 कि0वा0) स्तर की उपस्थिति रही।

### डॉ. अवधेश प्रकाश के बताये रास्ते पर चले कार्यकर्ता: राजरानी रावत

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिद्धौर।** भाजपा के प्रथम जिलाध्यक्ष रहे राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा के बाबा डॉ अवधेश प्रकाश शर्मा की 16 वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। एपीएस महाविद्यालय नसीपुर मंसारा में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत शांति पाठ से हुई। तत्पश्चात पार्टी नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की ।इस अवसर पर अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने कहा कि इस जनपद में पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष रहे डॉ शर्मा में राष्ट्रवाद कूट कूटकर भरा था। उन्होंने जनपद में संगठन की बुनियाद रखी और उसे मजबूत बनाने का काम किया ।उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कहा कि वह गरीबों और मजलूमों की आवाज थे। वह गरीब मजलूमों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। विधायक दिनेश रावत ने कहा कि डॉ शर्मा बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वह महान समाज सुधारक और शिक्षाविद् होने के साथ ही एक कुशल चिकित्सक भी थे। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ शर्मा द्वारा पार्टी हित में दिए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# नदियों के किनारे वन विभाग ने कराया वृहद वृक्षारोपण



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जनपद कन्नौज में ईशन नदी के पुनर्जीवन एवं पुनरूद्धार हेतु विकासखण्ड सौरिख के ग्राम सराय ठेकू, विकासखण्ड छिबरामऊ में ग्राम पंचायत कैरदा एवं विकासखण्ड तालग्राम में ग्राम पंचायत तिलकसराय के ग्राम सुतहा, खजुरिया एवं बरही में ईशन नदी के तट पर बृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। प्रभागीय वनाधिकारी डॉ0 हेमन्त कुमार सेठ एवं उपायुक्त श्रम रोजगार द्वारा वृक्षारोपण जन अभियान 2025 को सफल बनाने हेतु सभी से इस वर्षाकाल में अधिकाधिक पौधों का रोपण कर रोपित किये गये पौधों की निरन्तर सिंचाई, सुरक्षा, देखभाल आदि करने का आवाहन किया। पौधारोपण हेतु पौध वन विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी तथा ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज विभाग एवं वन विभाग के संयुक्त प्रयास एवं स्थानीय लोगो के सहयोग से नदी के किनारे लगभग 1000 पौधो का रोपण किया गया। जिसमें जामुन, नीम, कंजी, शीशम, केसिया, गुलर,पीपल इत्यादि पौधे रोपित किये गये। जिससे जनपद में हरीतिमा में वृद्धि तथा पर्यावरण को शुद्ध रखा जा सके। प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा बताया गया कि जुलाई माह में आगे भी वृक्षारोपण का कार्य निरंतर किया जायेगा। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य, वन विभाग के कर्मचारी एवं विकास खण्ड के कर्मचारी मौजूद रहे।

# 'पुराने वोटरों की दोबारा न पहचान कराएं'

## मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण पर चुनाव आयोग से टीडीपी ने की बड़ी मांग

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**




तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) ने मंगलवार को चुनाव आयोग (ईसी) से अपील की कि आंध्र प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण के लिए पर्याप्त समय दिया जाए और यह प्रक्रिया किसी बड़े चुनाव से छह महीने पहले तक न कराई जाए। टीडीपी ने कहा कि जो लोग पहले से ही ताजा वोटर लिस्ट में शामिल हैं, उन्हें दोबारा अपनी पहचान या पात्रता साबित करने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। यह मांग ऐसे समय में आई है जब बिहार में इसी तरह की मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर विवाद चल रहा है। वहां विपक्षी दलों ने आरोप लगाए हैं कि चुनाव से ठीक पहले की जा रही इस प्रक्रिया में नए वोटरों पर सबूत देने की जिम्मेदारी डाल दी गई है, जिससे भ्रम और असंतोष फैल रहा है। हर साल सीएजी के तहत तीसरे पक्ष द्वारा वोटर लिस्ट का ऑडिट हो। एआई टूल्स का इस्तेमाल कर डुप्लीकेट नामों को रीयल टाइम में पकड़ा जाए। ईपीआईसी कार्ड की डुप्लीकेसी खत्म करने के लिए आधार कार्ड का इस्तेमाल किया जाए और एक व्यक्ति को एक यूनिक वोटर आईडी दी जाए। स्याही आधारित सत्यापन की जगह बायोमेट्रिक मॉडल अपनाया जाए। हर इलाके में स्थानीय स्तर पर शिकायत निवारण की समयबद्ध व्यवस्था हो। बीएलए सभी मान्यता प्राप्त पार्टियों से नियुक्त किए जाएं ताकि पारदर्शिता बनी रहे। जिला स्तर पर वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने और हटाने की जानकारी सार्वजनिक की जाए और एक रियल-टाइम डैशबोर्ड बनाया जाए। हर महीने राजनीतिक दलों के साथ बैठकें हों, खासकर डीईओ और ईआरओ स्तर पर। प्रवासी मजदूरों, आदिवासी समुदायों, बुजुर्गों और बेघर लोगों के लिए विशेष नामांकन अभियान चलाए जाएं। अस्थायी पते पर भी वोटर लिस्ट में नाम जुड़ सके, इसके लिए मूल दस्तावेजों के आधार पर अनुमति दी जाए।

### टीडीपी ने चुनाव आयोग से क्या कहा?

- **विशेष सघन पुनरीक्षण का मकसद साफ हो:** टीडीपी ने कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य केवल वोटर लिस्ट में सुधार और नए नाम जोड़ना होना चाहिए, न कि नागरिकता की जांच। इसके लिए फील्ड अफसरों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं।
- **नाम दर्ज है तो मान्यता है का सिद्धांत लागू हो:** अगर कोई व्यक्ति पहले से वोटर लिस्ट में दर्ज है, तो उसे दोबारा अपनी पात्रता साबित करने की जरूरत नहीं होनी चाहिए, जब तक कोई ठोस वजह न हो। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए पार्टी ने कहा कि नाम हटाने से पहले जांच जरूरी है और सबूत देने की जिम्मेदारी वोटर की नहीं, बल्कि अधिकारी या आपत्ति करने वाले की होनी चाहिए।
- **वक्त से पहले एसआईआर की शुरुआत हो:** चूंकि आंध्र प्रदेश में अगला विधानसभा चुनाव 2029 में है, इसलिए विशेष सघन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को जल्द शुरू किया जाए, ताकि पर्याप्त समय मिल सके और पारदर्शी तरीके से काम हो सके।
- **माइग्रेशन को ध्यान में रखा जाए:** राज्य में बड़ी संख्या में लोग खासकर ग्रामीण और तटीय इलाकों से अन्य जगहों पर जाते हैं। ऐसे में मोबाइल बीएलओ टीमें लगाई जाएं और अस्थायी पते वाले लोगों को भी वोटर लिस्ट में शामिल किया जाए।
- **नाम हटाने की प्रक्रिया पारदर्शी हो:** अगर किसी का नाम हटाना है, तो उसका कारण साफ बताया जाए और उस व्यक्ति को जवाब देने का मौका दिया जाए।

# गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन का शिक्षा विरोधी नीति के खिलाफ आंदोलन

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**




गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 27,965 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों को ÷विलय÷ के नाम पर बंद करने का निर्णय एसोसिएशन ने अत्यंत चिंताजनक, जनविरोधी और शिक्षा विरोधी करार दिया है। यह निर्णय आर्थिक, सामाजिक और बौद्धिक रूप से पिछड़े वर्ग के बच्चों को सबसे अधिक प्रभावित करेगा, जिनके लिए सरकारी विद्यालय ही शिक्षा का एकमात्र साधन हैं। इसको लेकर एसोसिएशन आंदोलनरत है। एसोसिएशन ने कहा है कि में वर्तमान में 1,11,614 प्राथमिक विद्यालय और 45,651 उच्चतर प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं, जो वर्षों से वंचित तबके के लिए शिक्षा का आधार स्तंभ रहे हैं। इन विद्यालयों को बंद करना न केवल संविधान में प्रदत्त शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है, बल्कि यह देश के भविष्य हमारे बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का एक सुनियोजित षड्यंत्र प्रतीत होता है। गरीब और मजदूर वर्ग के बच्चे, जो निजी स्कूलों की भारी-भरकम फीस नहीं चुका सकते, शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। सरकार की नीतियां प्राइवेट एजुकेशन लॉबी को समर्थन देती प्रतीत हो रही हैं, जिससे शिक्षा का निजीकरण बढ़ेगा। भ्रष्टाचार और निजीकरण को बढ़ावा देना सरकार की असफलता को दर्शाता है। 11 साल बेमिसाल-स्कूल बेहाल हो गए हैं। डबल इंजन सरकार का सबका साथ, सबका विकास जैसे नारे केवल जुमले बनकर रह गए हैं। गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने सरकार से मांग किया है कि बंद किए जा रहे 27,965 प्राथमिक विद्यालयों को तत्काल प्रभाव से पुनः खोला जाए। सरकारी विद्यालयों के विकास के लिए बजट में वृद्धि की जाए और उन्हें आधुनिक स्कूलों के रूप में विकसित किया जाए। शिक्षा प्रणाली को राजनीति और निजीकरण के प्रभाव से मुक्त किया जाए। सरकार शिक्षा की संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वहन करे।

### आंदोलनात्मक कदम: बुद्धि शुद्धि यज्ञ

इस शिक्षा विरोधी निर्णय के खिलाफ गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने 15 जुलाई 2025 को गाजियाबाद में 5 घंटे का बुद्धि शुद्धि यज्ञ आयोजित किया। यह यज्ञ शासन को चेताने, जनजागरण फैलाने और सरकारी विद्यालयों के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से किया गया। पदाधिकारियों की माने तो सरकार समय रहते अगर एसोसिएशन के मांगपत्र पर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं करती तो वह अभिभावकों को लेकर वृहद आंदोलन करेगी।

# कोविड वैक्सीन से हार्ट अटैक का कोई सीधा संबंध नहीं: कर्नाटक सरकार




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू**

कोविड वैक्सिन और हार्ट अटैक के बीच संबंध को लेकर किए जाने वाले दावों के बीच मंगलवार को कर्नाटक के चिकित्सा शिक्षा मंत्री शरण प्रकाश पाटिल ने सफाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य में दिल से जुड़ी बीमारियों से मौतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। उन्होंने साफ किया कि कोविड वैक्सीन और हार्ट अटैक के मामलों के बीच कोई संबंध नहीं है। यह बात उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बेंगलुरु स्थित निमहांस और जयदेव अस्पताल (जेआईसीएसआर) की रिपोर्ट्स के आधार पर कही।

### कोविड वैक्सिन को लेकर घबराने की जरूरत नहीं: मंत्री

मामेल में जारी रिपोर्ट की माने तो NIMHANS ने मार्च से सितंबर 2020 के बीच 3,200 मरीजों का डेटा देखा, जिनमें सिर्फ 120 (3.7प्रतिशत) मरीज कोविड से जुड़े न्यूरोलॉजिकल लक्षणों वाले थे। वहीं जेआईसीएसआर ने अप्रैल से मई 2023 के बीच 251 मरीजों का अध्ययन किया। इनमें से सिर्फ 19 लोगों को पहले कोविड हुआ था, लेकिन लगभग सभी को वैक्सीन की कम से कम एक डोज मिली थी। मामले में मंत्रियों ने जनता से अपील की है कि वे अफवाहों से डरें नहीं, और कोविड वैक्सीन को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है।

### 'हार्ट अटैक का कारण वैक्सीन नहीं'

जयदेव अस्पताल के निदेशक डॉ. के एस रविंद्रनाथ ने बताया कि उनकी स्टडी में कोविड या वैक्सीन और हार्ट अटैक के बीच कोई सीधा संबंध नहीं पाया गया। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में आई रिसर्च में भी यही नतीजे सामने आए हैं और उल्टा कोविड वैक्सीन दिल की बीमारियों से सुरक्षा देती है। NIMHANS की रिपोर्ट के अनुसार, लॉन्ग कोविड से शरीर में कुछ मॉलिक्युलर और फंक्शनल बदलाव होते हैं, लेकिन ये हार्ट अटैक जैसी बीमारियों का सीधा कारण नहीं हैं।

### हासन जिले को लेकर फैली अफवाहें गलत

बता दें कि हाल में हासन जिले में हार्ट अटैक से मौतों की खबरों के बाद लोग डर गए थे। लेकिन मंत्री पाटिल ने बताया कि अब तक की जांच में वहां 24 मौतों में से सिर्फ 10 ही हार्ट अटैक से हुई हैं। बाकी अन्य कारणों से हुई हैं ।पाटिल ने कहा कि कोविड के बाद की जीवनशैली, जैसे खानपान में बदलाव और बढ़ा तनाव, की वजह से डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मामले बढ़े हैं। सरकार अब युवाओं की मौतों के पीछे के कारणों की जांच कर रही है।

### हार्ट स्क्रीनिंग को लेकर क्या बोले स्वास्थ्य मंत्री

वहीं मामले में आगे की योजना पर जोर देते हुए कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा कि बच्चों की हार्ट स्क्रीनिंग जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि देशभर में या राज्यों के स्तर पर रजिस्ट्रियां बनें, ताकि लॉन्ग कोविड और वैक्सीन से जुड़ी बीमारियों पर रिसर्च हो सके। युवाओं में अचानक होने वाली हार्ट से जुड़ी मौतों की निगरानी के लिए मजबूत सिस्टम बनाया जाए। इसके साथ ही स्कूल स्तर पर हार्ट हेल्थ की स्क्रीनिंग और जागरूकता कार्यक्रम शुरू किए जाएं।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रही टीएमसी

## असम के सीएम सरमा ने ममता सरकार पर लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को बांग्लादेश से आए अवैध मुस्लिम घुसपैठियों के मामले में पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएससी) सरकार को आड़ेहाथ लिया। उन्होंने ममता सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि टीएमसी पार्टी बांग्लादेश से आए अवैध मुस्लिम घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने ये भी कहा कि टीएमसी उनके बयानों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है और इसे बांग्लाभाषी विरोधी के रूप में दिखा रही है। साथ ही सरमा ने साफ किया कि असम में हर भारतीय नागरिक, जिसमें बांग्लाभाषी लोग भी शामिल हैं, राज्य सरकार की अवैध घुसपैठ के खिलाफ सख्त नीति का समर्थन करते हैं।

### घुसपैठ के खिलाफ दशकों से अमस का संघर्ष

सीएम सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि असम कई दशकों से बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठ के खिलाफ संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि टीएमसी की तरफ से मेरे बयानों को तोड़-मरोड़ कर पेश करना और हमें बांग्ला विरोधी बताना सिर्फ एक चाल है, ताकि अवैध घुसपैठियों को बचाया जा सके।

### कहां से शुरू हुआ विवाद?

बता दें कि ये पूरा मामला पिछले हफ्ते का है, जब असम के सीएम सरमा ने कहा था कि जनगणना में मातृभाषा के रूप में बांग्ला लिखना यह बताएगा कि कितने विदेशी लोग राज्य में रह रहे हैं। उनका ये बयान तब आया जब बीटीसी अल्पसंख्यक छात्र संघ के नेता मैइनुद्दीन अली ने धमकी दी कि बांग्लाभाषी मुस्लिम लोग अब जनगणना में असमिया को मातृभाषा नहीं लिखेंगे, जिससे असमिया भाषियों की संख्या घटेगी। इसके बाद टीएमसी ने सीएम सरमा पर जबरदस्त हलटवार किया। पार्टी ने सरमा पर तंज कसते हुए कहा कि अगर बांग्ला बोलना या बांग्ला में लिखे राष्ट्रगान-जनगण गीत गाना ही घुसपैठ का प्रमाण है, तो क्या सरमा खुद भी अवैध बांग्लादेशी हो जाएंगे?



# मुरादनगर गंगनहर घाट पर कांवड़ यात्रा की तैयारियों का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

मुरादनगर गंगनहर घाट पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं कानून-व्यवस्था), कमिश्नरेट गाजियाबाद और जिलाधिकारी गाजियाबाद दीपक मीणा द्वारा कांवड़ यात्रा के सुचारू संचालन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कांवड़ मार्ग और गंगनहर घाट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गंगनहर घाट पर आने वाले यात्रियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही, घाट पर तैनात राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम को किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के लिए कहा गया। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए आपीएसी की 41वीं कंपनी को जल रक्षक पुलिस के रूप में एक मोटरबोट के साथ तैनात किया गया है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि जिला प्रशासन ने कांवड़ यात्रा को सकुशल और सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम पूरे कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

# नोएडा में गिर रहा दिल्ली का कूड़ा, पकड़ा गया बड़ा डंपिंग ग्राउंड, एजेंसी सरकार से कर रही थी मोटी कमाई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के कूड़ा अवैध रूप से ट्रकों में छिपाकर नोएडा लाकर डाला जा रहा था। नोएडा सेक्टर-89 में यह कूड़ा दिल्ली में कूड़ा निस्तारण का काम करने वाले ठेकेदार की तरफ से डलवाए जाने की बात सामने आई है। कूड़ा निस्तारण के लिए 800-1000 रुपये प्रति मीट्रिक टन के खर्च का भुगतान स्थानीय निकाय करते हैं। ऐसे में यह कूड़ा बगैर निस्तारण कर यहां पर डाल कर कूड़ा निस्तारण धनराशि के गबन की आशंका को खारिज नहीं किया जा सकता है। मिली जानकारी के मुताबिक प्राधिकरण की टीम ने औचक निरीक्षण कर डूब क्षेत्र में दिल्ली से कूड़ा लेकर आने वाले कई ट्रक पकड़े हैं। इसके साथ ही वह अवैध डंपिंग ग्राउंड भी मिला है जहां पर कूड़ा डाला जा रहा था। मौके पर करीब 20 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा कूड़े का ढेर लगा हुआ है। सूचना पर फेज-2 थाने की टीम भी सक्रिय हुई। फेज-2 थाना प्रभारी विंध्याचल तिवारी ने बताया कि गाड़ियां पकड़ी गई हैं और डंपिंग ग्राउंड देख लिया गया है।

# डीआरडीओ और एम्स-बीबीनगर ने बनाया नया कृत्रिम पैर, 125 किलो तक उठा सकेगा भार




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और तेलंगाना के एम्स-बिबिनगर ने मिलकर पहली बार स्वदेशी रूप से विकसित कार्बन फाइबर से बना कृत्रिम पैर तैयार किया है। यह आधुनिक तकनीक से बना हुआ एडीआईडीओसी (इंडिजीनस्ली डिवेलप्ड ऑप्टिमाइज़्ड कार्बन फुट प्रोस्थेसिस) न सिर्फ हल्का और मजबूत है, बल्कि आम लोगों की पहुंच में भी है। इसे सोमवार को डीआरडीएल के निदेशक जी. ए. श्रीनिवास मूर्ति और एम्स-बिबिनगर के कार्यकारी निदेशक डॉ. ए संता सिंह ने लॉन्च किया। यह कृत्रिम पैर उन्नत कार्बन फाइबर सामग्री से बना है, जो बेहद हल्की, टिकाऊ और लचीलापन रखने वाली होती है। इसे खासतौर पर उन लोगों के लिए बनाया गया है जिनका कोई पैर कट चुका है और उन्हें रोजमर्रा के जीवन में चलने-फिरने में परेशानी होती है। इस पैर को 125 किलो तक वजन उठाने के लिए बायोमैकेनिकल रूप से टेस्ट किया गया है, और यह पूरी तरह सुरक्षित माना गया है।

### किसने बनाया यह पैर?

डीआरडीओ की प्रयोगशाला डीआडीएल और एम्स बीबीनगर, तेलंगाना ने इसे मिलकर बनाया है। इसे डीआरडीएल के निदेशक जी. ए. श्रीनिवास मूर्ति और एम्स बिबिनगर के कार्यकारी निदेशक डॉ. अहेंथम संता सिंह ने लॉन्च किया।

### कृत्रिम पैग की कितनी है कीमत?

मौजूदा समय में विदेशी कृत्रिम पैरों की कीमत ?2 लाख तक होती है। लेकिन एडीआईडीओसी की लागत ?20,000 से कम रखने की योजना है। यानी, अब गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार भी इस तरह के उन्नत पैर का लाभ उठा सकेंगे।

### एडीआईडीओसी की खास बातें हैं?

- **भार सहने की क्षमता:** 125 किलो तक वजन झेल सकता है।
- **तीन वेरिएंट:** अलग-अलग वजन वाले लोगों के लिए।
- **स्वदेशी निर्माण:** भारत में ही बना है, विदेशी तकनीक पर निर्भरता नहीं।
- **कम लागत:** सस्ते में उच्च गुणवत्ता।
- **लंबी उम्र और आरामदायक उपयोग:** विशेष रूप से भारतीय जीवनशैली के अनुसार डिजाइन किया गया।

### आत्मनिर्भर भारत में योगदान

यह प्रोजेक्ट आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे न सिर्फ तकनीकी रूप से भारत मजबूत होगा, बल्कि दिव्यांग नागरिकों की सामाजिक और आर्थिक भागीदारी भी बढ़ेगी। डीआरडीओ और एम्स बीबीनगर का यह प्रयास लाखों दिव्यांग भारतीयों के लिए नई आशा लेकर आया है। सस्ता, मजबूत और भारतीय जरूरतों के अनुसार बना यह कृत्रिम पैर भारत को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# अरविंद केजरीवाल ने गंगाराम अस्पताल में शिबू सोरेन की सेहत का जाना हाल, सीएम हेमंत से की मुलाकात

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मंगलवार को सर गंगाराम अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का हाल जाना। साथ ही झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने पूर्व सीएम शिबू सोरेन के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि दिल्ली स्थित सर गंगा राम अस्पताल जाकर झारखंड के मुख्यमंत्री और मित्र हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उनके पिता एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का हालचाल जाना। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे जल्द स्वस्थ होकर घर लौटें। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का स्वास्थ्य खराब चल रहा है। वे दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती हैं। चिकित्सकों के अनुसार, ब्रेन स्ट्रोक के कारण उनके शरीर के बाईं ओर पैरालिसिस हो गया है। फिलहाल उन्हें आईसीयू में रखा गया है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनकी लगातार निगरानी कर रही है। आईसीयू में केवल सीमित लोगों को ही उनसे मिलने की अनुमति दी गई है। इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी अस्पताल में मौजूद हैं। शिबू सोरेन की हालत जानने के लिए झारखंड से कई मंत्री और कांग्रेस नेताओं ने भी दिल्ली पहुंचकर हालचाल लिया है, लेकिन सुरक्षा एवं चिकित्सकीय दिशा-निर्देशों के चलते सभी को मुलाकात की अनुमति नहीं दी जा रही।

# गेटवे ऑफ इंडिया पर जेटी निर्माण को हाईकोर्ट की हरी झंडी, पर्यावरण का भी रखा जाएगा खास ध्यान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मुंबई के प्रतिष्ठित गेटवे ऑफ इंडिया पर एक नया यात्री जेटी और टर्मिनल बनाने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को मंजूरी दे दी। कोर्ट ने यह मंजूरी कुछ शर्तों के साथ दी है ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे और यात्री सुविधाएं बेहतर की जा सकें। मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति संदीप मर्णे की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार की इस नीति को सही ठहराते हुए कहा कि यह परियोजना सतत विकास के सिद्धांतों पर आधारित है। कोर्ट ने साफ किया कि यह निर्णय मनमाना, अव्यावहारिक या बिना सोच-विचार का नहीं है। हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि विकास की दिशा में आगे बढ़ना तब तक पर्यावरण के लिए नुकसानदेह नहीं है जब तक वह नियमन और विवेक के साथ किया जाए।

### केवल बैठने की जगह होगा एम्फीथिएटर

इस परियोजना में एम्फीथिएटर, फूड कोर्ट, कैफे, पार्किंग स्थल, टिकट काउंटर और वीआईपी वेटिंग एरिया शामिल हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि एम्फीथिएटर का उपयोग केवल यात्रियों के बैठने के लिए होगा, न कि किसी मनोरंजन कार्यक्रम के लिए। साथ ही, प्रस्तावित रेस्तरां और कैफे में केवल पानी और पैक किया हुआ भोजन परोसा जाएगा, न कि डाइनिंग सुविधा दी जाएगी। हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र मरीन बोर्ड को निर्देश दिया कि परियोजना पूरी होने के बाद मौजूदा चार जेटियों का इस्तेमाल बंद किया जाए। यह प्रक्रिया भारतीय नौसेना के निर्देशों के अनुसार चरणबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी। अभी गेटवे ऑफ इंडिया पर पांच जेटियां चल रही हैं, जिनमें से एक का उपयोग केवल भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर करता है।

### 35 लाख यात्रियों के लिए बनेगी आधुनिक सुविधा

महाराष्ट्र मरीन बोर्ड के अनुसार हर साल लगभग 35 लाख यात्री इन चार जेटियों से यात्रा करते हैं, जो अब पुरानी और अपर्याप्त हो गई हैं। यह नई परियोजना यात्रियों को बेहतर सुविधा देने और गेटवे ऑफ इंडिया के क्षेत्र को भीड़ से राहत देने के उद्देश्य से लाई गई है।

### नया जेटी केवल यात्रियों के लिए

कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यह परियोजना केवल यात्रियों के चढ़ने-उतरने की सुविधा के लिए है, न कि माल या मछली के परिवहन के लिए। यह टर्मिनल दक्षिण मुंबई से रायगढ़ जिले के अलीबाग तक जाने वाली फेरी सेवाओं के यात्रियों को सुविधाजनक और सुरक्षित अनुभव देगा।

### पर्यावरण से जुड़े विरोधों पर भी कोर्ट ने रखी बात

इस परियोजना के खिलाफ कई याचिकाएं दायर हुई थीं, जिनमें कहा गया था कि गेटवे ऑफ इंडिया जैसे ऐतिहासिक स्थल पर निर्माण कार्य से पर्यावरण को नुकसान होगा। लेकिन कोर्ट ने कहा कि सभी नियमों और पर्यावरणीय संतुलन को ध्यान में रखकर ही यह मंजूरी दी गई है। इससे मुंबई के इस ऐतिहासिक स्थल पर यात्रा का अनुभव और भी बेहतर होगा।

# ईडी की बड़ी कार्रवाई: मुंबई में डब्बा ट्रेडिंग और ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट पर छापेमारी, करोड़ों की नकदी बरामद

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

मुंबई में मनी लॉन्ड्रिंग के एक बड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का एक बड़ा एक्शन सामने आया है। इसके तहत ईडी ने मंगलवार को मुंबई में अवैध डब्बा ट्रेडिंग और ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े नेटवर्क पर छापेमारी की, जिसके जरिए करोड़ों रुपये का लेन-देन किया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि जांच एजेंसी ने चार जगहों से करीब 3.3 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी, कीमती घड़ियां, गहने, विदेशी मुद्रा और महंगी गाड़ियां जब्त की हैं। साथ ही ये अधिकारियों ने ये भी बताया कि छापेमारी अभी भी जारी है। बता दें कि डब्बा ट्रेडिंग शेयर बाजार में एक अवैध और बिना लाइसेंस वाली ट्रेडिंग प्रणाली है, जिसमें लेन-देन का कोई रिकॉर्ड स्टॉक एक्सचेंज में दर्ज नहीं होता।

### किन-किन प्लेटफॉर्म्स पर शक?

अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान सामने आया है कि वीमनी, वीएम ट्रेडिंग, स्टैंडर्ड ट्रेड्स लिमिटेड, आईबुल कैपिटल लिमिटेड, लोटसबुक, 11स्टार्स और गेमबेटलीग जैसे कई ऑनलाइन ट्रेडिंग और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म इस रैकेट में शामिल हो सकते हैं। इनमें से कई ऐप्स व्हाइट-लेबल तरीके से चलाए जा रहे थे यानी अलग-अलग लोगों को इन ऐप्स के प्रशासनिक अधिकार देकर मुनाफे में हिस्सेदारी दी जा रही थी। गौरतलब है कि यह मामला मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित लसूड़िया थाने में दर्ज एक एआईआर पर आधारित है। हालांकि ईडी को कुछ हवाला ऑपरेटर्स और पैसों के लेन-देन से जुड़े लोगों की पहचान हुई है। उनके डिजिटल और वित्तीय दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)